सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 19 अगस्त, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 226, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## कंपनियों की पूंजी 1.40 लाख करोड़ बढ़ी

बीते सप्ताह देश की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से 1,40,863 .66 करोड़ रुपये बढ़ा। } 14

## राजनीतिक हित के लिए राष्ट्रहित को तिलांजलि देना ठीक नहीं

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राजनीतिक हित के लिए राष्ट्रहित को तिलांजलि देना ठीक नहीं है। राजनीतिक रूप से वैचारिक मतभेद होना प्रजातंत्र की खूबी है। } 14

### रक्षाबंधन की शुभकामनाएं



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षाबंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और उनसे देश में महिलाओं के लिए अधिक सुरक्षित और समानतापूर्ण वातावरण बनाने का संकल्प लेने को कहा। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर अपने पोस्ट में कहा सभी देशवासियों को रक्षा बंधन के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँउ यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है और अत्यंत उत्साह के साथ मनाया जाता है।

### भाई-बहन के अटूट स्नेह का पर्व है रक्षाबंधन : विराज सागर दास



लखनऊ। भारत की सनातन परम्परा, संस्कृति और सभ्यता विश्व को अचंभित करती हैं। हमारे पर्वों में रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेहिल रिश्तों का स्वर्णिम पर्व है। यह बात यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन व बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने रक्षाबंधन के पवित्र पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि स्नेहपूर्ण रिश्तों के अटूट बंधन का ऐसा महापर्व विश्व की किसी सभ्यता या संस्कृति में नहीं पाया जाता है। विराज सागर दास ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन के पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## करुणानिधि भारतीय राजनीति और समाज की दिग्गज हस्ती हैं : मोदी

एजेंसी



चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री रहे दिवंगत एम. करुणानिधि को भारतीय राजनीति, साहित्य व समाज की एक दिग्गज हस्ती बताया है।

मोदी ने करुणानिधि के बेटे और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन को भेजे संदेश में कहा कि तमिल भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए दिवंगत नेता के प्रयासों को लोग आज भी याद करते हैं। स्टालिन ने करुणानिधि के 100वें जयंती वर्ष के अवसर पर स्मृति सिक्का जारी होने पर मोदी का संदेश रविवार को एक्स पर साझा किया। मुख्यमंत्री ने मोदी का आभार व्यक्त किया। स्टालिन ने कहा, "मैं मुथामिज अरिग्नार कलैग्नार (करुणानिधि) के 100वें जयंती वर्ष के अवसर पर स्मृति सिक्का विमोचन समारोह की शानदार सफलता में सहयोग देने और शुभकामनाओं के लिए माननीय प्रधानमंत्री थिरु नरेन्द्र मोदी का हार्दिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कोलकाता रेपकांड : सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

### प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ कल इसपर करेगी सुनवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित बलात्कार और हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 20 अगस्त की वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ मंगलवार को इस मामले पर सुनवाई करेगी।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हाल ही में मामले की जांच कोलकाता पुलिस से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दिया था। सरकारी अस्पताल के सेमिनार हॉल में जूनियर डॉक्टर से कथित बलात्कार और हत्या की वारदात के बाद देशभर में व्यापक स्तर पर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। वहीं कोलकाता में एक डॉक्टर से बलात्कार और हत्या की घटना के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में अनिश्चितकालीन प्रदर्शन का रविवार को एक सप्ताह पूरा हो गया जिससे सेवाएं बाधित हो रही हैं और मरीज प्रभावित हो रहे हैं। दिल्ली रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) के सदस्यों ने रविवार शाम राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर एक के बाहर कैंडल मार्च निकालने का फैसला किया है। गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल आरडीए की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, जैसा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर





### पूर्व प्राचार्य की कॉल डिटेल चाहती है सीबीआई, तीसरे दिन पूछताछ जारी

कोलकाता। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारी एक महिला चिकित्सक के कथित बलात्कार और हत्या मामले की जांच के संबंध में सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष की कॉल डिटेल और चैट की जानकारियां जुटा रहे हैं। जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को लगातार तीसरे दिन सीबीआई अधिकारियों के समक्ष पेश हुए घोष को अस्पताल में घटना से पहले और उसके बाद किए फोन कॉल की जानकारियां देने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि अधिकारी घोष की कॉल डिटेल और डेटा उपयोग की जानकारियां प्राप्त करने के लिए मोबाइल फोन सेवा प्रदाता से संपर्क करने पर विचार कर रहे हैं। सीबीआई ने शनिवार देर रात तक करीब 13 घंटे तक घोष ...शेष पृष्ठ 14 पर

# किसी भी अभ्यर्थी के साथ न हो अन्याय

### 69 हजार शिक्षक भर्ती मामला : सीएम ने शिक्षा विभाग के अफसरों संग की बैठक



लखनऊ। 69000 शिक्षकों की भर्ती के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार शाम अपने कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह भी मौजूद थे। इस दौरान सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार का स्पष्ट मत है कि संविधान द्वारा प्रदत आरक्षण की सुविधा का लाभ आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को मिलना ही चाहिए। साथ ही किसी भी अभ्यर्थी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। सीएम के इस बयान के बाद इस बात की अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं कि सरकार द्वारा नई सूची बनाई जा सकती है। इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश आने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने तेजी से इस पर मंथन शुरू किया है। प्रथम दृष्टया यह माना जा रहा है कि अगर विभाग दोबारा सूची बनाता है तो 5000 से 6000 नौकरी कर रहे युवा इससे प्रभावित होंगे। क्योंकि इस मामले में सिंगल बेंच में सरकार की ओर से जनवरी 2022 में आरक्षित वर्ग के 6800 प्रभावित अभ्यर्थियों की सूची दी गई थी। हालांकि बाद में इसे सिंगल बेंच ने इसे भी निरस्त कर दिया था और नई सूची बनाने को कहा था।

- हाई कोर्ट के निर्देश के अनुरूप तीन माह में बनेगी नयी चयन सूची

गौरतलब है कि पांच दिसंबर 2018 को 69000 शिक्षकों की भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया। परीक्षा छह जनवरी 2019 को आयोजित की गई, जिसमें 4.10 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए। 12 मई 2020 को परिणाम घोषित हुए जिसमें 1,46,060 अभ्यर्थी चयनित हुए थे। अनारक्षित श्रेणी का कटऑफ 67.11 प्रतिशत रहा जबकि पिछड़ा वर्ग श्रेणी का कटऑफ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दुष्कर्मी और अपराधी को निर्दोष साबित करना समाजवादी पार्टी का लक्ष्य : योगी

करुणाकर दुबे

अयोध्या/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि इस दल ने हर दुष्कर्मी और अपराधी को निर्दोष साबित करना अपने जीवन का लक्ष्य मान लिया है, लेकिन ये उत्तर प्रदेश में नहीं हो पाएगा।

रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने अयोध्या के कुमारगंज में आयोजित जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला और युवा सम्मेलन में बड़ी संख्या में युवाओं को नियुक्ति पत्र और छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, एक तरफ (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी बेटी पढ़ाओ-बेटी बढ़ाओ के साथ आगे बढ़ रहे हैं और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से देश की संसद में और प्रदेश की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित कर रहे हैं तो दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के नेता कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ सामूहिक दुष्कर्म को अंजाम देने वाले दुष्कर्मियों का समर्थन कर रहे हैं। योगी ने सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के एक बयान की याद दिलाते हुए कहा, (सपा नेताओं को) तनिक तो शर्म करनी चाहिए। संस्कार कभी समाप्त नहीं होते। ये वही लोग हैं, जो कहते थे कि लड़के हैं गलती कर देते हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, ये वही लोग हैं, जिन्होंने इसी अयोध्या में एक गरीब अति पिछड़ी जाति की बालिका के साथ हुए दुष्कर्म की घटना पर बड़ी बेशर्मी के साथ अपराधियों को बचाने का काम किया था। इनके एक नेता कन्नौज में भी ऐसे ही मामले में पकड़े गए। लखनऊ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने की बगावत, झामुमो को बड़ा झटका

### कहा- पार्टी में अपमान के बाद मेरे पास सिर्फ तीन विकल्प

विशेष संवाददाता



रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता चंपई सोरेन पार्टी में अपनेको अपमानित महसूस कररहे हैं और बगावत पर उतर आए हैं। उन्हें लेकर राज्य की राजनीति गरमाई हुई है। भाजपा में शामिल होने की अफवाह के बीच झारखंड के पूर्व सीएम और जेएमएम नेता चंपई सोरेन ने अपना दर्द साझा किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि अपमान और तिरस्कार के बाद मुझे वैकल्पिक रास्ता तलाशने के लिए मजबूर होना पड़ा।

झारखंड में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में अगर चंपई सोरेन भाजपा का दामन थामते हैं तो यह सत्ताधारी झामुमो के लिए बड़ा झटका होगा। उन्होंनेकहा है कि भारी मन से मैंने विधायक दल की बैठक में कहा कि आज से मेरे जीवन का एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। मेरे पास तीन विकल्प थे। पहला राजनीति से संन्यास ले लेना, दूसरा अपना अलग संगठन बनाना और तीसरा अगर मुझे इस पथ पर कोई साथी मिल जाए तो उसके साथ आगे का पड़ाव तय करना। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव तक मेरे पास सभी विकल्प खुले हैं। दरअसल ऐसी खबरें आ रही हैं कि चंपई सोरेन बगावत कर सकते हैं और झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हो सकते हैं। चंपई सोरेन रविवार को दिल्ली पहुंचे हैं और ऐसी खबरें है कि यहां वे भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। दिल्ली पहुंचने पर मीडिया से बात करते हुए चंपई सोरेन ने कहा कि वह निजी काम से दिल्ली आए हैं। जब चंपई सोरेन से पूछा गया कि वे कोलकाता क्यों गए थे? तो चंपई सोरेन ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया और कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

#### वर्ष 2030 तक एक लाख कंपनी सचिवों की जरूरत

नयी दिल्ली। तेज आर्थिक वृद्धि और कंपनी संचालन पर बढ़ते जोर के बीच भारत को 2030 तक लगभग एक लाख कंपनी सचिवों की आवश्यकता होगी। कंपनी सचिवों का शीर्ष निकाय आईसीएसआई ने यह कहा है। वर्तमान में, 73,000 से अधिक कंपनी सचिव हैं और इनमें से लगभग 12,000 कंपनी सचिव कार्यरत हैं। कंपनी सचिव कंपनियों में विभिन्न सांविधिक जरूरतों का अनुपालन सुनिश्चित कर कॉरपोरेट संचालन ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। देश की अर्थव्यवस्था को देखने के नजरिये में महत्वपूर्ण बदलाव आया है और कंपनी सचिव भारत को दुनिया के सबसे पसंदीदा निवेश स्थलों में से एक बनाने में एक महत्वपूर्ण कड़ी बन गये हैं।

## बुलंदशहर में सड़क हादसा, 10 की मौत

एजेंसी



बुलंदशहर। जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र में रविवार को एक वाहन (मैक्स पिकअप) और निजी बस की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गयी जबकि 27 अन्य घायल हो गए। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि रविवार को पिकअप वैन और निजी बस के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। उन्होंने कहा कि पिकअप वैन गाजियाबाद से संभल की तरफ जा रही थी तभी सलेमपुर थाना के करीब यह दुर्घटना हुई। इस हादसे में कुल 37 यात्री घायल हो गए जिसमें से 10 यात्रियों की मौत हो गयी। उन्होंने कहा कि 27 घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है जिलाधिकारी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लेते हुए उन्हें और अन्य अधिकारियों को घायलों के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बदायूं-मेरठ राजमार्ग पर गाजियाबाद की ओर से आ रही पिकअप वैन सामने से आ रही निजी बस से टकरा गई। पुलिस के अनुसार इस सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 10 लोगों में से सात लोग अलीगढ़ जिले के हैं और एक बुलंदशहर जिले का है जबकि दो की पहचान नहीं हो सकी है। दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी पुरुष हैं। मृतकों की पहचान अलीगढ़ जिले के पाली थाना इलाके के अहेरिया नगला निवासी मुकुट सिंह (35), दीन नाथ (45), ब्रजेश (18), शिशुपाल (27), बाबू सिंह (19), गिर्राज सिंह (26) और सुगरपाल (35) के आवाला बुलंदशहर जिले के रामघाट थाना इलाके के उंचा गांव निवासी ओमकार (30) के रूप में हुई है।

# यूपीएससी में सीधी भर्ती पर छिड़ी जंग

## आईएएस का निजीकरण आरक्षण खत्म करना पीएम मोदी की गारंटी है : राहुल

एजेंसी



नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को लेटरल एंट्री के जरिये लोक सेवकों की भर्ती करने के सरकार के कदम को राष्ट्र विरोधी कदम करार दिया और आरोप लगाया कि इस तरह की कार्वाई से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण खुलेआम छीना जा रहा है।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संघ लोक सेवा आयोग के बजाय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के माध्यम से लोक सेवकों की भर्ती करके संविधान पर हमला कर रहे हैं। राहुल गांधी ने ऐसे समय में यह हमला बोला है जब एक दिन पहले ही केंद्र सरकार ने लेटरल एंट्री के माध्यम से 45 विशेषज्ञों की विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उपसचिव जैसे प्रमुख पदों पर नियुक्ति करने की घोषणा की। आमतौर पर ऐसे पदों पर अखिल भारतीय सेवाओं - भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) ...शेष पृष्ठ 14 पर

## लेटरल एंट्री से भर्ती साजिश और संविधान का उल्लंघन : अखिलेश

एजेंसी



लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र के विभिन्न मंत्रालयों में संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों के प्रमुख पदों पर लेटरल एंट्री के जरिये जल्द ही 45 विशेषज्ञ नियुक्त किए जाने के फैसले की रविवार को निंदा करते हुए इसे सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मनमानी बताया और साजिश और संविधान का उल्लंघन करार दिया। सपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस फैसले के खिलाफ दो अक्टूबर से प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी। यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भाजपा अपनी विचारधारा के संगी-साथियों को पिछले दरवाजे से यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) के उच्च सरकारी पदों पर बैठाने की जो साजिश कर रही है, उसके खिलाफ एक देशव्यापी आंदोलन करने का समय आ गया है। उन्होंने दावा किया कि यह तरीका आज के अधिकारियों के साथ युवाओं ...शेष पृष्ठ 14 पर

### अवकाश की सूचना

रक्षाबंधन पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

19 अगस्त यानी सोमवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 21 अगस्त बुधवार को प्रकाशित होगा।

-संपादक

### भीतर पढ़ें

- वैश्विक रुख तय करेगा शेयर बाजार की चाल (पृष्ठ-14)
- भारत का अमेरिकी प्रतिभूतियों में निवेश बढ़कर 241.6 अरब डॉलर (पृष्ठ-14)
- एफपीआई ने 21,201 करोड़ के शेयर बेचे (पृष्ठ-14)
- मनु और राणा चतुर रणनीतिकार और शानदार खिलाड़ी की जोड़ी (पृष्ठ-15)
- टेप लगी टेनिस गेंद से बल्लेबाजों की परीक्षा : तेंदुलकर (पृष्ठ-15)

विशेष खबर

### कांग्रेस सरकारों की तुष्टीकरण की नीति के कारण शरणार्थियों को नागरिकता अधिकार नहीं दिया गया : शाह

# 188 हिंदू शरणार्थियों को दिया नागरिकता प्रमाणपत्र

एजेंसी



अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों की अगुवाई वाली पिछली सरकारों की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण देश में बड़ी संख्या में शरणार्थियों को नागरिकता अधिकार नहीं दिए गए।

शाह ने गुजरात में 188 हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाणपत्र देने के बाद अहमदाबाद में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लाखों शरणार्थियों को उनके अधिकार तथा न्याय देने के लिए है। उन्होंने मुसलमानों को भी आश्वासन दिया कि सीएए में किसी की भी नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है क्योंकि यह नागरिकता देने के बारे में है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों की पिछली सरकारों की तुष्टीकरण की नीति के कारण शरण के लिए देश में आए लोगों को उनका अधिकार और न्याय 1947 से 2014 तक नहीं मिला। शाह ने कहा, उन्हें (शरणार्थियों को) न केवल पड़ोसी देशों में हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख होने के कारण प्रताड़ित किया गया बल्कि हमारे देश में भी लाखों-करोड़ों लोग तीन पीढ़ियों से न्याय के लिए तरस रहे हैं। शाह ने कहा कि पिछली सरकारों ने करोड़ों घुसपैठियों को देश में घुसने दिया और उन्हें अवैध रूप से नागरिक बना दिया, लेकिन उन्होंने कानून का पालन करने वाले और इसके लिये आवेदन करने वाले लोगों को यह कहकर नागरिकता देने से इनकार कर दिया कि इसके लिए कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। शाह ने कहा कि मैं इस मंच से पिछली सरकारों के मुखियाओं से पूछना चाहता हूं कि अपनी बहनों-बेटियों और अपनी संपत्तियों को बचाने के लिए यहां आए लोगों का क्या दोष था कि वे इस देश के नागरिक नहीं बन सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा, कानून पारित होने के बाद सभी को गुमराह किया गया कि इससे मुसलमानों के साथ अन्याय होगा और वे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इंजीनियर के हत्यारोपी पुलिस मुठभेड़ में धरे गये

जिला संवाददाता

सुलतानपुर। जिले के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में जल निगम के एक अधिशासी अभियंता की हत्या के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक संविदा सहायक अभियंता समेत दो आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

कोतवाली नगर के विनोवापुरी मोहल्ले में किराये के मकान में रहने वाले जल निगम के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार (40) की शनिवार को उनके कमरे में अज्ञात बदमाशों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चंद्र ने बताया कि जल निगम के अधिशासी अभियंता की उन्हीं के विभाग के संविदा सहायक अभियंता अमित कुमार और एक अन्य व्यक्ति प्रदीप ने कथित रूप से हत्या कर दी। इस संबंध में कोतवाली नगर में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीम गठित की गई थी। चंद्र ने बताया कि कोतवाली नगर प्रभारी को सूचना मिली कि अमित और प्रदीप दूबेपुर मोड़ से बनारस रोड होते हुए बनारस से बिहार भागने की फिराक में हैं जिसके बाद पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दी। उन्होंने बताया कि रविवार तड़के आरोपी वहां आएं और उन्होंने पुलिस टीम को देखते ही गोलीबारी शुरू ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के दोनों ओर लगेंगे सौर ऊर्जा संयंत्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 296 किलोमीटर लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की परियोजना पूरे देश के लिए एक मॉडल साबित हो सकती है और यह न सिर्फ रोजगार, बल्कि इलेक्ट्रिक परिवहन को और सुदृढ़ करने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

- **सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की परियोजना पूरे देश के लिए मॉडल बनेगी**

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, यह भारत में इस स्तर की अपनी तरह की पहली परियोजना होगी। द ग्लोबल एनर्जी अलाइंस फॉर पीपुल एंड प्लैनेट (जीईएपीपी) ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना का अध्ययन कर इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी तैयार की है।

सूत्रों के अनुसार, इस परियोजना से 450 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य है। इस सिलसिले में पिछली नौ अगस्त को लखनऊ में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने विभिन्न हितधारकों एवं सौर ऊर्जा विशेषज्ञों के साथ बात की तथा उन्हें इस परियोजना के हर पहलू से रूबरू कराया। इस परियोजना का अध्ययन और डीपीआर तैयार करने वाले संगठन जीईएपीपी के उपाध्यक्ष एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी सौरभ कुमार ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया,"अध्ययन में हमने पाया कि दोनों तरफ 450 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा सकते हैं। हमने प्रदेश सरकार के सामने अध्ययन पेश किया और उसने इसे मंजूरी दे दी है।



कुमार ने कहा,"हम अब परियोजना के लिए बोली लगाने में यूपीडा (उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण) की सहायता कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि हम अगले 15 महीने में परियोजना शुरू करने की स्थिति में होंगे। उन्होंने कहा, यूपीडा ने जीईएपीपी से राज्य के चार अन्य एक्सप्रेसवे हाईवे पर भी इसी तरह का अध्ययन करने को कहा है। एक तरह से यह भविष्य के एक्सप्रेसवे हाईवे के लिए एक मॉडल बन जाएगा। कुमार ने कहा, हमारे अनुमान के अनुसार इस परियोजना की लागत लगभग 1800 करोड़ रुपये होगी और इससे पैदा होने वाली बिजली की दर चार से साढ़े चार रुपये प्रति यूनिट तक होगी। यह परियोजना भूमि उपयोग के लिहाज से भी एक मॉडल साबित होगी।

उन्होंने बताया कि 296 किलोमीटर लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ 15 मीटर के हिस्से पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे, जिससे पूरे एक्सप्रेसवे का विद्युतीकरण हो सकता है। कुमार के मुताबिक, इससे राजमार्ग पर अतिरिक्त इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का मार्ग भी प्रशस्त हो सकता है, जिससे इलेक्ट्रिक परिवहन को अपनाने में सबसे बड़ी बाधा यानी चार्जिंग की पर्याप्त सुविधा की कमी को भी दूर करने में मदद मिलेगी। कुमार ने दावा किया कि यह इस पैमाने पर भारत में अपनी तरह की पहली परियोजना है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना आस-पास के गांवों के लिए भी फायदेमंद होगी, क्योंकि उन्हें स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच मिलेगी। कुमार ने कहा कि इससे एक्सप्रेसवे की खूबसूरती बढ़ेगी और रोजगार के अवसर भी सृजत होंगे। यह पूछे जाने पर कि उत्तर प्रदेश को अक्षय ऊर्जा का केंद्र बनाने के लिए किन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान देने की जरूरत है, कुमार ने कहा,"बुंदेलखंड जैसे शुष्क क्षेत्रों में अक्षय ऊर्जा के लिए व्यापक क्षमता है। मगर प्रदेश में मुख्य चुनौती भूमि की उपलब्धता को लेकर है, क्योंकि इसका बड़ा हिस्सा कृषि भूमि है। ऐसे अवसरों की पहचान करने की जरूरत है, जहां हम भूमि के छोटे टुकड़ों से अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा,"इसके लिए हम पीएम कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा के लिए कृषि भूमि के आसपास के क्षेत्रों का अधिग्रहण कर सकते हैं। इसमें भी 8,000-10,000 मेगावाट की संभावना है।

कुमार ने बताया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। (हालांकि, अब इसे बढ़ाकर 2032 तक कर दिया गया है।) वर्तमान में हम 200 गीगावाट ऊर्जा उत्पादन पर हैं। साल 2023-24 के दौरान अक्षय ऊर्जा उत्पादन में सबसे तेज 18 गीगावाट का विस्तार हुआ। इस गति से हम केवल 300-350 गीगावाट के लक्ष्य तक ही पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा, 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए हमें 18 गीगावाट को 60 गीगावाट तक ले जाना होगा। हमारा प्रयास यह पता लगाने में केंद्र और राज्य सरकारों की मदद करना है कि हम 200 गीगावाट के अंतर को पाटने में उनकी और अन्य संस्थाओं की किस तरह मदद कर सकते हैं।

## कृषि उत्पादन आयुक्त ने चिनहट में किया पुष्टाहार इकाई का निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस. गर्ग व मिशन निदेशक-उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दीपा रंजन ने रविवार को विकास खण्ड चिनहट स्थित पुष्टाहार इकाई तेजस्वी महिला प्रेरणा लघु उद्योग का भ्रमण किया गया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा पुष्टाहार उत्पादन की प्रक्रिया को समझा। मिशन निदेशक द्वारा बताया गया की महिलाओं द्वारा पांच प्रकार के उत्पाद निर्मित किये जा रहे है। 6 माह से 3 साल तक के बच्चों को आटा बेसन हलवा, 3 साल से 6 साल तक के बच्चो को आटा बेसन बर्फी प्रेमिक्स और दलिया मूंगदाल खिचड़ी दी जाती है। इसी प्रकार गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को नमकीन एवं मीठा पोषाहार दिया जाता है।

समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादन प्रक्रिया के संबंध में बताया गया कि सबसे पहले अनाज को मशीनों से साफ किया जाता हैं फिर भुना जाता है उसके बाद पीसा जाता है। अदील अब्बास लीड हेल्थ एंड नुट्रीशन यूपी एसआरएलएम द्वारा बताया गया कि पिसाई के बाद सिफ्टर से पावडर को छानकर कर ब्लेंडर में मिक्स किया जाता है। ब्लेंडर में ही पोषण तत्व प्रेमिक्स पाउडर भी मिला कर पोषाहार को फोटीफाई किया जाता है, फिर आटोमेटिक मशीन से पैकेजिंग की जाती है। इस मौके पर पोषाहार पर मिशन की तकनीकी संस्था पीसीआई-इंडिया के माध्यम से तैयार की गयी लघु चलचित्र भी दिखाई गयी। कृषि उत्पदान आयुक्त द्वारा मशीनों के स्पेसिफीकेशन के विषय में पूछा गया। उन्हें जानकारी दी गई कि यूएनडब्लूएफपी संस्था के वित्तीय सहयोग से प्रथम दो इकाई लगाई गयी थी। उसी मानक के अनुसार शेष इकाई लगाई गयी है।इस मौके पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, लखनऊ से अरविन्द कुमार संयुक्त मिशन निदेशक व बिपन के साथ-साथ जनपद लखनऊ स्तर से बीएमएम अंकित तथा टीएचआर उत्पादन इकाई से समस्त समूह सदस्यों मौजूद रहे।

## ग्राम चौपालों में 03 लाख 85 हजार प्रकरण निपटे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या - गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।

- **अब तक 92 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन**
- **शुक्रवार को 1539 ग्राम पंचायतों में किया गया, ग्राम चौपालों का आयोजन**

सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया



जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं? के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1539ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4827प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 4224ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 7673ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 91 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की।ग्राम्य विकास आयुक्त श्री जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 93 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है,जिनमें 67लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 03लाख 85हजार से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

## आईटीआई संस्थानों में प्रवेश की तिथि अब 20 अगस्त

**लखनऊ।** प्रदेश के राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 20 अगस्त कर दिया गया है। पहले यह तिथि 19 अगस्त थी, लेकिन रक्षाबंधन पर्व के कारण इसे एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। संयुक्त निदेशक राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद सत्यकांत ने जानकारी दी कि प्रवेश की अंतिम तिथि अब 20 अगस्त, रात्रि 12 बजे तक है। इस दौरान सभी चयनित अभ्यर्थी अपने संबंधित संस्थानों में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण पत्रों, अंकपत्रों की प्रमाणित प्रतियों और पासपोर्ट साइज फोटो के साथ संस्थान में उपस्थित होना अनिवार्य है। सम्बंधित संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे 17, 18 और 20 अगस्त को प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कर लें।

## शिक्षा और युवाओं को नकारात्मक राजनीति से दूर रखे भाजपा : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर तंज कसते हुए सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से शिक्षा और युवाओं को आपसी लड़ाई और नकारात्मक राजनीति से दूर रखने को कहा।

- **सपा बहादुर अखिलेश पीडीए का झूठ फैला रहे हैं : केशव**

वहीं मौर्य ने सपा प्रमुख पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस के मोहरा सपा बहादुर अखिलेश पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों) का झूठ फैला रहे हैं। सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, दर्द देने वाले, दवा देने का दावा न करें। इसी पोस्ट में यादव ने कहा, 69,000 शिक्षक भर्ती मामले में उत्तर प्रदेश के एक कृपा-प्राप्त उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का बयान भी साजिशाना है। पहले तो आरक्षण की हकमारी में खुद भी सरकार के साथ संलिप्त रहे और जब युवाओं ने उन्हीं के खिलाफ लड़कर लंबे संघर्ष के बाद इंसाफ पाया, तो अपने को हमदर्द साबित करने के लिए आगे आकर खड़े हो गए।



मौर्य ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, शिक्षकों की भर्ती में इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला सामाजिक न्याय की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है। यह उन पिछड़े और दलित वर्ग के लोगों की जीत है, जिन्होंने अपने अधिकारों के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। मैं उनका तहे दिल से स्वागत करता हूं। यादव ने आरोप लगाते हुए कहा, दरअसल ये कृपा-प्राप्त उप मुख्यमंत्री जी शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों के साथ नहीं हैं, वे तो ऐसा करके भाजपा के अंदर अपनी राजनीतिक गोटी खेल रहे हैं। यादव ने साथ ही कहा, वह इस मामले में अप्रत्यक्ष रूप से जिनके ऊपर उंगली उठा रहे हैं, वह माननीय भी अंदरूनी राजनीति के इस खेल को समझ रहे हैं। शिक्षा और युवाओं को भाजपा अपनी आपसी लड़ाई और नकारात्मक राजनीति से दूर ही रखे क्योंकि भाजपा की ऐसी ही सत्ता लोलुप सियासत के कारण उत्तर प्रदेश कई साल पीछे चला गया है। अखिलेश यादव के इस पोस्ट के करीब 20 मिनट बाद ही उप मुख्यमंत्री मौर्य ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सपा बहादुर एवं कांग्रेस के मोहरे अखिलेश यादव का पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) बहुत बड़ा धोखा है। मौर्य ने इसी पोस्ट में कहा झूठ बोलने की आटोमेटिक मशीन बनी सपा ने लोकसभा चुनाव में संविधान खत्म होने को लेकर जैसे दुष्प्रचार किया, वह उसी प्रकार पीडीए का झूठ फैला रहे हैं। भाजपा ही वर्तमान, भाजपा ही भविष्य, 2027 में 2017 दोहरायेंगे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊपीठ ने सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा (एटीआरई) के तहत राज्य में 69 हजार शिक्षकों की नियुक्ति के लिए जून 2020 में जारी चयन सूची व 6,800 अभ्यर्थियों की पांच जनवरी 2022 की चयन सूची को दरकिनार कर नए सिरे से चयन सूची बनाने के आदेश दिए हैं। न्यायमूर्ति ए आर मसूदी और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने महेंद्रपाल व अन्य द्वारा एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दाखिल की गईं 90 विशेष अपील को एक साथ निस्तारित करते हुए संबंधित फैसला सुनाया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सीतापुर

दूरभाष संख्या-05862244858 ई-मेल-nodelnpp2011@gmail.com वेबसाइट-ww.nagarpalikaparishadsitapur.org.in

पत्रांकः- 603 /एस0बी0एम0/न0पा0प0सी0/2024-25 दिनांकः- 12 अगस्त, 2024

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद, सीतापुर अपने नगर निवासियों से अपील करती है कि

01. नागरिकों से अपील है, कि घर-घर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया मे समस्त जनता अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं घर मे सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग किया जाय, सूखा कचरा नीले में व गीला कचरा हरे कचरे पात्र में ही डालें इसी प्रकार नगर पालिका की गाड़ियों में प्रतिदिन सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रिसाइकल करें।
02. आप अपने घर मे एक कूड़ेदान में गीला कूड़ा हरा डिब्बे व सूखा कूड़ा नीला डिब्बे में अवश्य रखें।
03. नगर में निर्मित सामुदायिक शौचालय सार्वजनिक शौचालय/यूनिरल निर्मित पिंक शौचालयो का सदैव प्रयोग करे, खुले में शौच तथा पेशाब न करे स्वच्छता में सहयोग करें।
04. सिंगल यूज प्लास्टिक/प्लास्टिक युक्त सामग्री का प्रयोग न करें और न ही दूसरो को करने दे, पॉलीथिन पर्यावरण के लिये हानिकारक है, पालीथिन का प्रयोग/विक्रय करते हुये पाये जाने पर मु0-50,000.00 तक जुमार्ना का प्राविधान है।
05. अपने जानवरों को खुला न छोड़े, तथा सड़कों व सार्वजनिक स्थान पर न बाधें।
06. चाय की बिक्री में कॉच के ग्लास व कुल्हड़ का प्रयोग करें, प्लास्टिक के ग्लास का प्रयोग न करें।
07. मार्गो एवं गलियों में किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें।
08. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिनों के अन्दर कराकर निःशुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
09. बकाया करों के सरचार्ज में छूट का लाभ उठाए जाने हेतु करों की अदायगी करें।
10. जल का दुरूपयोग रोके जाने हेतु नलों की टंकी खुली न छोड़ें।

(महेश गुप्ता) कार्यालय अधीक्षक नगर पालिका परिषद सीतापुर।
(वैभव त्रिपाठी) अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1 नगर पालिका परिषद सीतापुर।
(नेहा अवस्थी) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीतापुर।

समस्त सभासदगण एवं समस्त कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद सीतापुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद खैराबाद सीतापुर

पत्रांक.3352/न.पा.परि.खैराबाद दिनांक 13.08.2024

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद, खैराबाद नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए निवेदन करती है कि....

01 यह नगर आपका है। इसे स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने में अपना सार्थक योगदान दें।
02 जन्म.मृत्यु की सूचना विलम्बतम 21 दिन के अन्दर दर्ज कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
03 पॉलिथिन का प्रयोग निषिद्ध है। इसके स्थान पर जूट व कपड़े के थैले का प्रयोग करें।
04 नाला.नालियों व सड़क की पटरियों तथा सरकारी / नजूल भूमि पर अतिक्रमण न करें।
05 पथ प्रकाश बिन्दुओं व जलकल की टोटियों को क्षतिग्रस्त होने से बचायें।
06 नाली, सड़क, जलापूर्ति, जलजमाव व साफ-सफाई संबंधी शिकायत टोल फ्री नं० 1533 पर या पालिका स्थित शिकायत प्रकोष्ठ में करें।
07 अपने भवन के गृहकर जलकर दुकान किराया व लाइसेन्स शुल्क आदि का भुगतान समय से करें।
08 सक्षम प्राधिकारी से मानचित्र की स्वीकृति के उपरान्त ही भवन का निर्माण करायें।
09 निरोगी काया हेतु अपने जीवन में योग, प्राणायाम व ध्यान को नियमित रूप से शामिल करें।
10 अपने भवन व प्लाट के खाली स्थानों पर पौधारोपण करें और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करें।
11 फास्ट फूड बीमारियों की जड़ है अतएव फास्ट फूड के सेवन से परहेज करें।

प्रेम शंकर गुप्ता अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद खैराबाद सीतापुर
समस्त सभासदगण नगर पालिका परिषद खैराबाद सीतापुर
बेबी अभिषेक गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खैराबाद सीतापुर

संक्षेप

## अपहरण के आरोपी गिरफ्तार, गये जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने युवती को बहला फुसलाकर अपहृत किए जाने को लेकर दो वांछित आरोपियों को धर दबोचा। वहीं युवती को भी आरोपियों से बरामद करने में सफलता ली। सांगीपुर थाना के उसरिया पचखरा निवासी रामशरण वर्मा की पत्नी विद्या ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दो दिन पहले उसकी उन्नीस वर्षीय बेटी को गांव के दो आरोपियों ने बहला फुसलाकर अपहृत कर लिया था। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। केस दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी गई। रविवार को सांगीपुर बाजार में गस्त के दौरान पुलिस को आरोपी पीड़िता के गांव के ही मो. शहजाद व मो. शाहबाद पुत्रगण मो. नसीम हत्थे चढ़ गए। आरोपी अपहृता को भी कहीं अन्यत्र भगा ले जाने की जतन कर रहे थे। पुलिस ने अपहृता को भी आरोपियों के पास से बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया। इधर आरोपितों द्वारा भगायी गयी युवती को पुलिस सुरक्षा में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजवाया गया।

## प्रमोद तिवारी आज आयेंगे रामपुर खास

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज सोमवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह अपराहन साढ़े तीन बजे यहां पुराने पेट्रोल पम्प के समीप आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगें। इसके बाद सायं चार बजे सांसद प्रमोद तिवारी श्रावण मास के पांचवे सोमवार पर बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगें। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी क्षेत्र के रामगंज बाजार, वीरशाहपुर, रायपुर तियाईं, रानीगंज कैथौला में भी क्षेत्रीय लोगों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## स्कूल में चोटी पकड़कर बच्ची को पीटने वाला शिक्षक निलंबित

**बलिया।** जिले के रेवती क्षेत्र में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में पांचवीं कक्षा की छात्रा की चोटी पकड़कर खींचने के बाद उसे लात से मारने के आरोपी शिक्षक को रविवार को निलंबित कर दिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षा क्षेत्र रेवती के विसौली स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात अध्यापक अजीत यादव के खिलाफ शिकायत मिली थी कि उसने पिछले दिनों स्कूल की एक छात्रा की दोनों चोटियां पकड़कर खींची और उसे लात से मारा था। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में खंड शिक्षा अधिकारी ने 13 अगस्त को मामले की जांच की। इस दौरान पांचवीं कक्षा के बच्चों से पूछने पर पता चला कि शिक्षक अजीत यादव ने काजल नामक छात्रा की चोटी खींचकर उसे लात से मारा था। काजल से भी पूछताछ की गयी तो पता चला कि यादव पर लगाया गया आरोप बिल्कुल सही है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सहायक अध्यापक का यह कृत्य बच्चों के निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों एवं बाल अधिकारों का स्पष्ट रूप से उल्लंघन है। साथ ही यह उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली-1999 के संगत नियमों के सर्वथा विपरीत है। इस कृत्य से विभाग की छवि भी धूमिल हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी शिक्षक को आज निलंबित कर दिया गया।

# कोलकाता कांड के विरोध में संगठनों ने निकाला शांति मार्च

## इनरव्हील व रोटरी क्लब सहित कई संगठनों ने रेप-मर्डर का जताया विरोध




**रायबरेली।** कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ हुई हैवानियत और हत्या के विरोध में रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब ने कई सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर सामूहिक रूप से शांति मार्च निकाला। शांति मार्च में सहयोग करने वाले संगठनों में जैसीज ऐल्यूमिनी क्लब, भारत विकास परिषद, कायस्थ महासभा, इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, सिंधु समाज, जेसीज क्लब, अग्रवाल समाज के पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर पहुँचकर सदर विधायक अदिति सिंह ने भी घटना की निंदा किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष राकेश कक्कड़ और इनरव्हील क्लब की अध्यक्षा दीप्ति सिकरिया ने कहा कि ऐसे विकृत मानसिकता के अपराधियों के लिए सभ्य समाज में कोई जगह नहीं होनी चाहिये। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे जघन्य अपराधियों को फास्टट्रैक अदालत में मुकदमा चला कर तीन माह के भीतर कठोर दंड दिया जाना चाहिए। इनरव्हील क्लब की पूर्व अध्यक्ष सीमा श्रीवास्तव ने शांति मार्च में शामिल सभी संस्थाओं एवं सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। जेसीज ऐल्यूमिनी क्लब के अध्यक्ष राकेश पांडेय तथा पूर्व जोन चेयरमैन राजेश शर्मा ने घटना का विरोध करते हुए ऐसे अपराधियों के लिए सरकार से कड़े कानून की माँग किया। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष गजानन खुबेले, डॉ. अमिता खुबेले ने घटना को वीभत्स बताते हुए पीड़ित परिवार को पर्याप्त सुरक्षा दिये जाने की माँग किया। सिंधु समाज महिला विंग की अध्यक्ष रेखा जीवनानी और इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष उदित आजाद ने कहा ऐसे अपराधियों की कार्यवाही करते हुए कड़ी सजा दी जानी चाहिए। अग्रवाल समाज की अध्यक्ष अर्चना सिकरिया और कायस्थ महासभा के उपाध्यक्ष रवींद्र नाथ हरि ने भी घटना की कड़े शब्दों में निंदा किया। शांति मार्च में रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष एसएल चंदवानी, संजय सबरवाल, विमल तलरेजा, उमेश सिकरिया, आरके सोनी, सचिव विवेक सिंह, विनीता राजपाल, स्मृति सिंह, पल्लवी राजवानी, मीता श्रीवास्तव, नीतू चतुर्वेदी, निशा सिंह, उमेश अग्रवाल, राजेश वर्मा, रचित मुरारका सहित पदाधिकारियों ने शांति मार्च में शामिल होने के बाद शहीद चौक पर कैंडल जला कर विरोध जताया।

# धार्मिक जुलूस में कलमा लिखा तिरंगा ले जाने के आरोपियों की याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक धार्मिक जुलूस में कथित तौर पर कुरान की आयत और कलमा लिखा तिरंगा ले जाने वाले मुस्लिम समुदाय के छह लोगों के खिलाफ शुरू किए गए आपराधिक मुकदमे को रद्द करने से इनकार कर दिया है।

गुलामुद्दीन और पांच अन्य द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने कहा कि याचिकाकर्ताओं का कृत्य भारतीय ध्वज संहिता, 2002 के तहत दंडनीय है और इनके द्वारा राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 का उल्लंघन किया गया।

अदालत ने इस बात पर जोर दिया, भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा इस राष्ट्र की एकता और विविधता का प्रतीक है। यह भारत की सामूहिक पहचान और संप्रभुता का प्रतिनिधित्व करने वाला एक एकीकृत प्रतीक है। तिरंगा के अपमान का भारत जैसे एक विविध समाज वाले देश में दूरगामी सामाजिक सांस्कृतिक निहितार्थ हो सकता है।

अदालत ने कहा कि इस तरह की घटनाएं ऐसे लोगों द्वारा की जा सकती हैं जो सांप्रदायिक कलह पैदा करने या विभिन्न समुदायों के बीच गलतफहमी बढ़ाने का प्रयास करते हैं, इसलिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि कुछ लोगों के कृत्यों का इस्तेमाल एक संपूर्ण समुदाय की निंदा करने में नहीं किया जाना चाहिए।

इस मामले के तथ्यों के मुताबिक, जालौन जनपद की पुलिस ने गुलामुद्दीन और पांच अन्य के खिलाफ एक आपराधिक मामला दर्ज किया था और जांच के बाद इनके खिलाफ चार अक्टूबर 2023 को आरोपपत्र दाखिल किया। इसके बाद, जिला अदालत ने 14 मई 2024 को आरोपपत्र का संज्ञान लेने के बाद इन आरोपियों को समन जारी किया जिस पर आरोपियों ने धारा 482 (उच्च न्यायालय को प्राप्त अधिकार) के तहत जालौन की जिला अदालत में लंबित संपूर्ण आपराधिक मुकदमे को रद्द करने का उच्च न्यायालय से अनुरोध किया।

राज्य सरकार के अधिवक्ता ने दलील दी कि इन याचिकाकर्ताओं को घटना के चश्मदीद गवाह पुलिस कई कांस्टेबल द्वारा नामजद किया गया है। इसके अलावा, जुलूस में इस्तेमाल तिरंगे में अरबी में आयत और कलमा लिखा था। अदालत ने 29 जुलाई 2024 को दिए अपने आदेश में कहा कि उक्त समन आदेश में किसी भी तरह के अवैधता, प्रतिकूलता या किसी अन्य महत्वपूर्ण त्रुटि सामने नहीं लाई जा सकी है जिससे कि इस अदालत द्वारा कोई हस्तक्षेप वांछित हो। इसलिए अदालत इस याचिका को खारिज करती है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**बलरामपुर।** आगामी पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन संपन्न कराने हेतु डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में एसडीएम सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी वं परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहें। इस दौरान डीएम ने सभी को विस्तार पूर्वक एसओपी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी की व्यवस्था, वीडियोग्राफी की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने, परीक्षा केंद्र में कोई भी अभ्यर्थी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण न लेने जा पाए यह सुनिश्चित किए का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी दिशा निदेशों का अच्छी तरह से अध्ययन कर ले एवं सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन कर सकुशल परीक्षा संपन्न कराएंगे। इस दौरान एसपी विकास कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एएसपी नम्रता श्रीवास्तव, समस्त एसडीएम व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 108 एंबुलेंस कार्मिकों के सक्रियता से नवजात शिशु की बच गयी जान

**बलरामपुर।** एम्बुलेंस कार्मिको के फौरी सक्रियता से जहाँ एक अबोध की जान बच गईं वहीं एक असहाय माँ की गोद उजड़ने से बचा लिया। संवेदना के संबाहक बने इन चिकित्सा कर्मियों की छेत्र में चर्चा के विषय बन गईं है। ज्ञातव्य हो कि घटना बीती रात तुलसीपुर ब्लॉक के रुद्रपुर गांव की है। गांव की पूजा देवी ने दो दिन पहले एक बच्चे जो जन्म दिया था। बीती रात अचानक बच्चे को सांस लेने में तकलीफ होने लगी साथ ही साथ बच्चे के शरीर में अजीब बचैनी होने से पूजा व उसका पूरा परिवार परेशान हो गया। वाकया रात के करीब 9 बजे की है। निजी संसाधन के आभाव और एम्बुलेंस को फोन न लगने के कारण परिवार अधीर होता जा रहा था। तभी संयोग से 108 एंबुलेंस को इस घटना की सूचना मिली। सूचना पाते ही तत्काल इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन नारायण दत्त दुबे और पायलेट विजय कुमार एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंच गए। बच्चे को महिला अस्पताल बलरामपुर में भर्ती करवाया गया। अब बच्चे की हालत में सुधार है।




# छात्रों व मानदेय कर्मियों के नाम मास्टर रोल में कर दिया भुगतान, शिकायत पर पहुंची जांच टीम

जिला संवाददाता (vol)

**प्रतापगढ़।** ग्राम पंचायत कोटवा शुकुलपुर में मनरेगा में सरकारी धन गबन एवं मजदूरों के नाम पर फर्जी ढंग से पैसा निकालने का गम्भीर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने शिकायत की है। विकासखंड लालगंज के ग्राम पंचायत कोटवा शुकुलपुर में ग्राम प्रधान देवनाथ पांडेय पर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़, मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ समेत मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को भेजे शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा के कार्यों में गांव की आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्कूली छात्र-छात्राओं के नाम मास्टर रोल में फर्जी तरीके से चढ़ाकर उनके नाम पर उनके खाते में पैसा भेजकर सरकारी धन का दुरूपयोग किया गया है। शिकायतकताओं का आरोप है कि अधिकतर लाभार्थी जिले से बाहर अन्य स्थानों पर रहकर पठन पाठन या अपनी रोजीरोटी में व्यस्त हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी के आदेश पर शनिवार को डीसी मनरेगा प्रतापगढ़, खंड विकास अधिकारी लालगंज के साथ पहुंची जांच टीम ने ग्रामीणों की शिकायत की जांच की। गांव में मनरेगा के तहत कराए गए गौशाला में बंधा निर्माण तेजभान के खेत से उमाशंकर यादव के खेत तक कई कामों की जांच मौके पर की। जांच अधिकारियों ने बताया जिन ग्रामीणों के नाम पर फर्जी ढंग से भुगतान की शिकायत की गयी है उनके बयान बाद में जांच टीम आकर लेगी। इस बारे में प्रभारी खंड विकास अधिकारी देवेन्द्र वर्मन ने बताया कि जांच में मौके पर पहुंचकर शिकायत कताओं का बयान दर्ज किया गया है। उनके आरोपों के बारे में छानबीन की जा रही है। लाभार्थियों से शपथ पत्र के साथ स्पष्टीकरण लेने के बाद कार्रवाई होगी।

**लालगंज विकासखंड के कोटवा शुकुलपुर में प्रधान पर मनरेगा के धन के गबन का आरोप**

# रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ी चहल-पहल, देव स्थानों में तैयारियां तेज





**प्रतापगढ़।** रक्षाबंधन के पर्व को लेकर रविवार की शाम से ही बाजारों में रौनक देखी गयी। वहीं मंदिरों में भी रक्षाबंधन के पर्व को लेकर श्रृंगार तथा पूजन अर्चन के लिए तैयारियां जोर शोर से देखी गयीं। बाजार में राखी की खरीद के लिए महिलाओं की उत्साह जनक भीड़ दिखी। वहीं मिठाईयों की दुकान पर भी भीड़ बढ़ती देख व्यापारियों के चेहरे भी खिले नजर आए। मंदिरों में रक्षाबंधन के पर्व को लेकर श्रृंगार तथा साफ सफाई का अभियान भी तेज हुआ देखा गया। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में रक्षाबंधन के पर्व को लेकर रविवार को दोपहर से ही कांवड़िया श्रद्धालुओं का जत्था धाम के लिए पहुंचता दिखा। वहीं लालगंज के हरिहर मंदिरम, श्री हनुमत निकेतन, देउम के बाबा बूढ़ेश्वरनाथ धाम समेत विभिन्न मंदिरों में भी रक्षाबंधन के पर्व को लेकर विद्युत तथा फूलों का श्रृंगार व साफ सफाई के प्रबंधन में रविवार को दोपहर बाद से श्रद्धालुओं को उत्साह में देखा गया। रक्षाबंधन के पर्व होने को लेकर रविवार की शाम से ही लालगंज के अलावा रामपुर बावली, रानीगंज कैथौला, सगरा सुन्दरपुर, लीलापुर, सांगीपुर, अठेहा, रेहुआ लालगंज आदि बाजारों में भी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन को भी मुस्तैद देखा गया।

# चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का केस

**प्रतापगढ़।** लापरवाही पूर्वक चार पहिया वाहन से बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल करने की घटना में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पंडित का पुरवा खलसा सादात निवासी बुधई के पुत्र राममिलन वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सोलह अगस्त को रात करीब आठ बजे उसका पुत्र बाइक से गांव की बाजार से घर वापस आ रहा था। गोसाई का पुरवा तालाब समीप उसका पुत्र धर्मेंद्र पहुंचा था कि तीव्र गति से चार पहिया वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में धर्मेंद्र को गम्भीर चोटें आ गईं। पीड़ित के मुताबिक घायल उसके पुत्र का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुर्घटना में आरोपित वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# श्रावण माह में गूंजे शिव आराधना के स्वर भंडारों में श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

**प्रतापगढ़।** श्रावण मास को लेकर रविवार को धार्मिक अनुष्ठान के तहत हुए भंडारों में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक अनुष्ठान में श्री रूद्राभिषेक तथा देवी पूजन के कार्यकमों में मनमोहक भजन तथा संकीर्तन की प्रस्तुति को लेकर शिवभक्त मंत्रमुग्ध दिखे। लालगंज के घुइसरनाथ रोड़ पर समाजसेवी रणबहादुर सिंह के संयोजन में महा रूद्राभिषेक हुआ। यहां देर शाम तक भंडारे में श्रद्धालुओं के साथ बाबा धाम जाने वाले कांवड़िया भक्तों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर चेयर पर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, विनय शुक्ल, विकास मिश्रा, केडी मिश्रा आदि रहे। वहीं पूरे हरिकिशुन वार्ड में भी मनकामेश्वर शिवशक्ति धाम पर सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया। यहां देवाधिदेव महादेव के साथ मां काली की भी भव्य आरती में श्रद्धालु मगन दिखे। कार्यक्रम का संयोजन अधिवक्ता संजय द्विवेदी ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान बृजेश द्विवेदी, सदाशिव तिवारी, राजबाबू पुष्पाकर, मनीष मिश्रा, नन्दकिशोर मिश्रा, सभासद डॉ. श्रवण प्रजापति, बृजेश प्रजापति आदि रहे।

# जंगली जानवर के हमले में बच्ची की मौत

**बहराइच।** जिले के हरदी थाना क्षेत्र में गन्ने के एक खेत में चार वर्षीय बच्ची का क्षत-विछत शव बरामद किया गया है, जिसको लेकर यह आशंका जताई जा रही है कि उसे कोई जंगली जानवर उठा ले गया था। प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने रविवार को बताया कि हरदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंगिया नसीरपुर गांव में संध्या (चार) अपनी मां के साथ शनिवार की रात घर के आंगन में सो रही थी और देर रात एक अज्ञात जानवर उसे बिस्तर से उठा ले गया। बेटी की चीख पुकार सुनकर उठे परिजनों ने जानवर का पीछा किया, पहले से भेड़िए की तलाश में जुटे वन कर्मियों ने भी तलाश की, लेकिन रात में कोई नहीं मिला। रविवार सुबह होते ही ड्रोन कैमरे और टीमें लगाकर तलाश की गयी तो गन्ने के एक खेत में दो सियार बच्ची के शव को खाते हुए मिले।

डीएफओ ने कहा कि जानवरों को वहां से भगाया गया और बच्ची के क्षत विक्षत शव को कब्जे में लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मालूम हो सकेगा कि किस जानवर के हमले से बच्ची की मौत हुई है। इसी इलाके में 17 जुलाई को अहमद रजा (दो), 27 जुलाई को प्रतीक्षा (दो) व तीन अगस्त को राकेश (नौ) नामक बच्चों की भेड़िए के हमलों से मौतें हुई हैं। जबकि इस दौरान इसी क्षेत्र में भेड़िए, सियार, कुत्ते व अज्ञात जानवरों के हमलों में करीब 30 लोग घायल हुए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रायः देखने में आता है कि नित्य क्रिया के लिए घर से बाहर जाने वाले लोगों पर हिंसक जानवरों द्वारा हमला किया जाता है। इसलिए प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को शौच के लिए घर से बाहर न जाना पड़े, इस हेतु पंचायती राज विभाग को निर्देश दिया गया है कि प्रभावित क्षेत्रों के सभी शौचालय विहीन।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

**कौशांबी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी स्टेशन के पास रविवार सुबह 30 वर्षीय एक महिला की तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि महिला की पहचान नहीं हो सकी है। भरवारी रेलवे चौकी के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के प्रभारी सुरेंद्र पासवान ने बताया कि आज पूर्वाह्न भरवारी रेलवे स्टेशन के पास अलीपुरद्वार से दिल्ली जाने वाली 15483 अप महानंदा एक्सप्रेस की चपेट में आने से 30 वर्षीय एक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। महिला के ट्रेन से कटने की जानकारी लोको पायलट ने भरवारी रेलवे स्टेशन मास्टर को दी। प्राप्त सूचना पर भरवारी रेलवे स्टेशन के आरपीएफ चौकी प्रभारी सुरेंद्र पासवान मौके पर पहुंचे और कोखराज थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। कोखराज थाना पुलिस ने महिला की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया मगर उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# सौतेली बेटी से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद

जिला संवाददाता (vol)

**प्रतापगढ़।** जिले की एक विशेष अदालत ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के मामले में सौतेले पिता को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) देवेश चंद्र त्रिपाठी ने रविवार को बताया कि विशेष न्यायाधीश (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) पारुल वर्मा की अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। त्रिपाठी ने बताया कि थाना नगर कोतवाली में दी गई शिकायत में एक महिला ने आरोप लगाया कि नौ सितंबर 2019 की रात उसके पति राकेश ने शराब के नशे में दस वर्षीय सौतेली बेटी के साथ क्रूरता की।

शिकायत के अनुसार, बेटी के चिल्लाने पर उनकी आंख खुल गई और उन्होंने देखा कि उनका पति गैस के पाइप से बेटी का गला दबाकर उसे मारने का प्रयास कर रहा था। इसके बाद बेटी ने उन्हें बताया कि पिता तीन वर्ष से उसका यौन शोषण कर रहा था। त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच पूरी करने के बाद अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। एडीजीसी ने बताया कि शनिवार को मामले की सुनवाई पूरी करते हुए विशेष अदालत ने राकेश को दोषी करार देकर बीस वर्ष कारावास और पचास हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अदालत ने जुर्माने की राशि पीड़िता को देने का आदेश दिया।

# अधिकारियों तथा अधिवक्ताओं ने सीएम के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए दिवंगत अधिवक्तागण के आश्रितों को माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन लखनऊ में आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जिसके कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में अधिकारियों एवं अधिवक्तागणों ने देखा एवं सुना। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष जनार्दन शुक्ला तथा सेंट्रल बार एसोसिएशन के अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# पत्नी से अवैध संबंध के शक में छोटे भाई की हत्या

**एटा।** जिले के एक गांव में अपनी पत्नी से अवैध संबंध के शक में एक युवक ने अपने छोटे भाई की हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय कुशवाहा ने कहा कि शनिवार और रविवार की दरमियानी रात को जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम वारथर निवासी मुनेंद्र ने सो रहे अपने छोटे भाई जितेंद्र (25) के सिर पर नल का हत्था मार कर हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय गंभीर रूप से घायल जितेंद्र की मौत हो गई। मुनेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। एएसपी ने कहा कि मुनेंद्र का अपनी पत्नी से झगड़ा चल रहा था और उसे शक था कि जितेंद्र का उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध है। प्रथम दृष्टया इस घटना के पीछे यही कारण प्रतीत होता है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक के पिता द्वारा इस मामले में शिकायत दर्ज कराई गई है। कुशवाहा ने बताया कि श्वान दस्ते तथा फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की है।

# पिकअप पेड़ से टकरायी, दो लोगों की मौत

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में एक वाहन के रविवार को पेड़ से टकरा जाने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई और 10 महिलाओं समेत 17 लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने रविवार को बताया कि हरिद्वार निवासी आध्यात्मिक गुरु बाबा जय गुरुदेव के अनुयायी एक पिकअप से सीतापुर के नैमिषारण्य में सत्संग के लिए जा रहे थे लेकिन रविवार सुबह वाहन चालक को झपकी आ गई जिसके चलते वाहन सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गया। उन्होंने बताया कि यह हादसा कोतवाली थाना अंतर्गत बरेली मोड़ के आगे सीतापुर मार्ग पर हुआ और हादसे में राधेश्याम (50) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को इलाज के लिए बरेली भेजा गया जिनमें से एक महिला बैरमो (50) की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। मीणा ने बताया कि हादसे में 10 महिलाओं एवं पांच वर्षीय एक बच्चे समेत कुल 17 लोग घायल हो गए।

# साइबर अपराध से बचाव को पुलिस ने किया जागरूक

जिला संवाददाता (vol)

**बलरामपुर।** एसपी विकास कुमार द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे साइबर टीम द्वारा साइबर जागरुकता कार्यक्रम के तहत आमजन को निम्न जानकारियां देकर जागरुक किया गया।



**साइबर अपराध से बचाव हेतु सावधानी**

एईपीएस फ्राड से बचने के लिए हमेशा आधार कार्ड का बायोमैट्रिक लाक करके रखें। साइबर अपराधियों द्वारा आम लोगो का फिंगर प्रिन्ट क्लोन कर एईपीएस के माध्यम से धोखाधड़ी करके रुपया निकाल लिया जाता है, जिसके बचाव के लिए आवश्यक है कि आधार कार्ड का बायोमैट्रिक लाक करके रखें। किसी अनजान व्यक्ति द्वारा बताये गये किसी एप को डाउनलोड न करें, साइबर अपराधियो द्वारा स्क्रीनशेयरिंग एप डाउनलोड करवाकर अपका फोन एक्सेस करके उसका गलत उपयोग किया जा सकता है।

किसी अनजान के कहने पर पेमेन्ट रिक्वेस्ट एक्सेप्ट न करें। साइबर अपराधियों द्वारा लोगो को यह बताकर कि पैसे आपके खाते में भेजे जा रहे रिसीव कर लीजिए, लोगो द्वारा रिसीव करने के लिए जैसे ही यूपीआई पिन डाला जाता है, पैसे खाते से कट जाते हैं। अवगत कराना है कि खाते में रुपये रिसीव करने के लिए कभी पिन डालने या रिसीव करने की आवश्यकता नही होती है। साइबर अपराधियों द्वारा आजकल एटीएम बदलकर साइबर क्राइम किया जा रहा है। इस स्थिति से बचने के लिए एटीएम उपयोग करते समय किसी अनजान से मदद लेते समय हमेशा सावधान रहें। किसी अनजान के हाथ में अपना एटीएम न दें। सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेन्ड रिक्वेस्ट वीडियो कॉल एक्सेप्ट न करें। किसी भी दशा में अपना व्यक्तिगत विवरण किसी अनजान के साथ साझा न करें। खरीदरी हमेशा किसी भी ई-कामर्श वेबसाइट की आफिशियल वेबसाइट अथवा अधिकृत एप से ही करें। सोशल मीडिया एकाउन्ट पर हमेशा टू-स्टेप वेरीफिकेशन आन रखें तथा मजबूत पासवर्ड बनायें। ठगी का शिकार होने पर अपने नजदीकी थाने की साइबर सेल पर अथवा जनपदीय साइबर सेल के मो. नं. 7839855002 पर तत्काल संपर्क करें या भारत सरकार द्वारा जारी नंबर 1930 पर कॉल करें। किसी भी प्रकार के साइबर क्राइम से संबन्धित आनलाइन शिकायत भारत सरकार द्वारा जारी अनलाइन नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.i»»f के माध्यम से करें।

# मिलावटी मिठाइयों का लगा भंडार विभागीय अधिकारी बेखबर

जगदीशपुर-अमेठी। आने वाले रक्षाबंधन के त्यौहार के अवसर पर मिष्ठान भण्डार की दुकानों पर नकली खोया व केमिकल युक्त मिठाइयों का भंडार लगा हुआ है जिसे मनमानी दामों पर बेचकर दुकानदार गरीबों की जेब पर डाका डाल रहे हैं विभागीय अधिकारी बेखबर हैं। विकास खण्ड के अंतर्गत स्थित पुलिस बूथ चौराहा, शुकुल बाजार रोड, रायबरेली-अयोध्या व जामों रोड समेत वारिसगंज, रानीगंज, आनन्दनगर, हारीमऊ समेत ग्रामीण क्षेत्र के चौराहों व नुक्कड़ों पर मिष्ठान भंडार की दुकान सजाकर दुकानदार नकली खोया व केमिकल युक्त मिठाइयां मनमाने दामों पर बेचकर ग्राहकों को लूट रहे हैं रक्षाबंधन के आने वाले त्यौहार के अवसर पर खरीदारों की भीड़ लगी रहती है जिसे खाने के बाद बीमार होना स्वाभाविक है। खुलेआम बिक रही नकली मिठाइयों पर न तो विभागीय अधिकारियों की नजर पड़ती है न ही उच्च अधिकारी गण इस ओर ध्यान दे रहे हैं। जिसके चलते महंगाई की मार में मजबूर जनता लुट रही है। इस सम्बंध में उप जिलाधिकारी ने बताया कि जांच कराने के उपरांत दोषियो के विरुद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी।

संक्षेप

## डॉ. डी.के. पांडेय संरक्षक मनोनीत

**इकदिल, इटावा।** परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने सरैया चुंगी लुहन्ना चैराहा निवासी डॉ. डीके. पांडेय सेवानिवृत पशुधन प्रसार अधिकारी को समिति का संरक्षक मंडल का सदस्य मनोनीत किया है। प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश संगठन मंत्री राहुल प्रकाश दीक्षित की सहमति पर डॉ. पांडेय का मनोनयन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सम्राट ने डॉ. पांडेय से आशा व्यक्त की है कि वह समिति को सक्रियता प्रदान करने में अपनी अहम् भूमिका निभायेगें स डॉ. पांडेय के मनोनयन पर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## सड़क दुर्घटना में घायल अधेड़ की मौत

**इकदिल, इटावा।** तीन दिन पहले सडक दुर्घटना में घायल हुए अधेड़ की इलाज दौरान मौत हो गई। जानकारी होते ही घर मे कोहराम मच गया। गांव कल्यानपुर बंजारा डेरा के रहने वाले देवेन्द्र सिंह( 40 )पुत्र काशीराम बीते बुधवार 14 अगस्त को गांव महानेपुर के पास सड़क हादसे में घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे अस्पताल ले गए वहां डाक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देख उसे सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान शनिवार दोपहर बाद उसने दम दौड़ दिया ।पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया।

## मंगल मिलन आज

**इटावा।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाला साप्ताहिक मंगल मिलन सत्संग मंगलवार 20 अगस्त को शाम साढ़े 6 बजे से करनपुरा-तरहटी इटावा स्थित यमुना बिहार कालोनी में शास्त्रीय गायक चक्रपाणि-नन्द किशोर वर्मा के आवास पर आयोजित किया जा रहा है। संयोजक देवेश शास्त्री ने सभी धर्मप्रेमियों से अनुरोध किया कि वे समय से पहुंचकर सत्संग का लाभ प्राप्त कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

## संदिग्ध परिस्थिति में वृद्धा घायल

**चकरनगर, इटावा।** शनिवार शाम को भरेह थाना क्षेत्र के गांव इमलिया में सर में चोट लगने से एक वृद्धा घायल हो गई। घायल का बेटा सर में बंदूक का छर्रा लगने का दावा कर रहा है, जबकि पुलिस इस मामले को पुरानी रंजिश में दो पक्षों में कहासुनी की बात कहते हुए तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कर रही है। पिंकू गुर्जर ने बताया कि वह शनिवार शाम सात बजे पहलन गांव में एक अंत्येष्टि से इमलिया में अपने घर वापस आकर दरवाजे पर बैठ गया और कुछ समय में खड़ा होकर नहाने के लिए घर से कपड़े लेने के लिए खड़ा हुआ था, इतने में ही एक आवाज के साथ उसकी 60 वर्षीय मां बिट्टी देवी पत्नी नत्थू सिंह गुर्जर के सर में खून दिखाई दिया। उसने छत पर चढ़कर देखा तो, उसे खेतों में तीन आदमी भागते दिखाई दिए। पीड़ित घायल वृद्ध मां को लेकर थाने पहुंचा। आरोप के मुताबिक पुलिस ने पीड़ित को हड़काते हुए प्राइवेट क्लीनिक पर घायल की पट्टी करा दी और घर भेज दिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बेलवारे, वि0ख0 दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**
**पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-18.08.2024**
**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बेलवारे, वि0ख0 दोस्तपुर, सुलतानपुर में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 19.08.2024 से दिनांक 24.08.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बेलवारे पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक-24.08.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रा.पाठ. परिसर में इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 2.98 लाख। | इण्टरलाकिंग ईंट, सीमेंट, बालू व अनय सामग्री। |
| 2. | भगवानदास के घूर गड्ढ़े से राम मिलन वर्मा के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 6.11 लाख। | इण्टरलाकिंग ईंट, सीमेंट, बालू व अनय सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा0पं0- बेलवारे, वि0ख0- दोस्तपुर**
**जनपद-सुलतानपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत पहाड़पुर बस्तीपुर, वि.ख. अखंडनगर, जनपद-सुलतानपुर**
**पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-18.08.2024**
**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पहाड़पुर बस्तीपुर, वि0ख0 अखंडनगर, सुलतानपुर में राज्य वित्त/15वां वित्त वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 19.08.2024 से दिनांक 24.08.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पहाड़पुर बस्तीपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक-24.08.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | गुलरा पिचरोड से कोटेदार के घर तक खड़ंजा मिट्टी निर्माण कार्य। | 1,83,800 रुपये। | एसओबी ईंट व अन्य सामग्री। |
| 2. | प्रा. वि. पहाड़पुर परिसर में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 2,82,300 रुपये। | इण्टरलॉकिंग ईंट, मोरंग, बालू ईंट व अन्य सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा0पं0- पहाड़पुर बस्तीपुर, वि0ख0- अखंडनगर**
**जनपद-सुलतानपुर**

# बहन से राखी बंधवाने जाते युवक की ट्रेन से गिरकर मौत



**इटावा।** रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नं. तीन पर गाड़ी से उतरते एक युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसका बड़ा भाई व आरपीएफ एसआई योगेन्द्र इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जीआरपी थानाध्यक्ष शैलेष निगम ने पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। मृतक अनिकेत बाथम उम्र 22 साल पुत्र महेन्द्र कुमार बाथम निवासी रामनगर कोतवाली उरई जालौन व भाई हिमांशु बाथम भोपाल से ट्रेन द्वारा उरई जा रहे थे इटावा के क्षेत्र इकदिल के गांव मानिकपुर पर बहन ललिता पत्नी मुकेश रहती थी। जैसे ही इटावा स्टेशन आने को हुआ दोनों भाईयों ने सोचा क्यों न हो बहन से मिलकर राखी बांधकर घर जाया जाए। यही सोचकर इटावा स्टेशन पर जैसे ही गाड़ी धीमी तभी अनिकेत गाड़ी से उतरने के लिए कूदा तभी वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरपीएफ एसआई योगेन्द्र ने सूचना पर युवक को भाई हिमांशु की मदद से जिला अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

### चंबल अंचल की बेहतरी को लेकर होगा मंथन

**इटावा।** चंबल संग्रहालय, पंचनद की तरफ से चंबल शिखर सम्मेलन का आयोजन 25, 26 सितंबर को होने जा रहा है। इस शिखर सम्मेलन में चंबल अंचल का समृद्ध इतिहास विषय पर विशेष मंथन होगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य नई पीढ़ी को चंबल की गौरवशाली विरासत से परिचित कराना और इस क्षेत्र के समृद्ध इतिहास को संरक्षित करना है। चंबल संग्रहालय, पंचनद कई वर्षों से लोक संस्कृति, धरोहर, इतिहास, बोली, भाषा, और ज्ञान की धारा को सहेजने के प्रयास में जुटा हुआ है। चंबल शिखर सम्मेलन में इतिहासविद्, स्थानीय विद्वान, बुजुर्गों के मौखिक विचार और शोधार्थियों के शोध पत्रों के माध्यम से अंचल के इतिहास का गहन अध्ययन और विश्लेषण किया जाएगा। चंबल संग्रहालय के महानिदेशक डॉ. शाह आलम राना ने बताया कि इस दौरान चंबल अंचल से जुड़ी पुस्तकों, दस्तावेजों, पत्रों आदि की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य चंबल घाटी की बेहतरी, चुनौतियों का समाधान, और युवा पीढ़ी को प्रेरित और सशक्त करना है।

## सड़क हादसो में 6 लोग घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार देर रात बलरई की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार कचैरा मार्ग से आ रही कार में टक्कर मार दी दो कारों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर में चार लोग गंभीर घायल हो गए जिनको इलाज हेतु सैफई के लिए रेफर कर दिया गया।

शनिवार को देर शाम कचैरा मार्ग पर भोगनीपुर गंग नहर पुल के पास मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार ड्राइवर अवधेश कुमार ग्राम नगला केसरी पोस्ट रूचन मानिकपुर थाना नगला खंगर जिला फिरोजाबाद के रहने वाले का एक अन्य उसका साथी फिरोजाबाद से बलरई मार्ग होते हुए जसवंतनगर आ रहे थे वहीं दूसरी तरफ से मारुति स्विफ्ट डिजायर कार के चालक रवि अपनी भांजी रुचि उर्फ झलक पुत्र रविंद्र कोकावली थाना बलरई के रहने वाली की रात में आकस्मिक हुई तबीयत खराब से दवा दिलाने डॉक्टर के पास गांव से कचैरा मार्ग होते हुए नगर आ रहे थे। जैसे ही दोनों कारे भोगनीपुर नहर पुल के पास टी पॉइंट पर पहुंची तो बलरई की तरफ से लिंक रोड पर आ रही कार ने कचैरा घाट की तरफ से आ रही कार की आपस में जबरदस्त टक्कर हो गई ।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बलरई मार्ग से आ रही कार सड़क से नीचे भोगनीपुर गंग नहर से निकले रजवाहा बम्बे में जा गिरी ।टक्कर से कचैरा मार्ग से आने वाली कार में सवार मामा रवि और उसकी भांजी रुचि दूसरी कार में सवार अवधेश गंभीर रूप से घायल हो गए एक अन्य को हल्कीचोटें आई। डॉक्टर ने बताया कि अवधेश के हैड इंजरी हुई है वहीं रुचि के सिर में चोट के साथ काँच घुसने से गर्दन में गहरा घाव हो गया है सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक राम सहाय सिंह और सिटी इंचार्ज संत कुमार कुंतल ने गंभीर घायलों को इलाज हेतु सीएचसी भिजवाया जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है वहीं फिरोजाबाद जिले के दोनों घायलों को मौके पर पहुंचे उनके परिजन अपने साथ किसी निजी अस्पताल में ले गए हैं। जारी खेड़ा सड़क मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, रजमऊ गाँव के रहने वाले दो युवक घायल हुए जिनको सीएचसी से सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। क्षेत्र के गाँव रजमऊ के रहने वाले रिंकू पुत्र सुरेंद्र कुमार और हनी राजपूत पुत्र श्रीप्रकाश बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहे थे। जारी खेड़ा गाँव मार्ग पर सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। अज्ञात वाहन ड्राइवर वाहन लेकर फरार हो गया। परिजनों ने घायलों को नगर में स्थित सीएचसी पर इलाज के लिए लाये, जहां से डॉक्टर बीरेंद्र कुमार ने दोनों की हालत गंभीर होने पर सैफई मेडीकल कालेज के लिए रेफर दिया है। जहाँ पर दोनों घायलों का उपचार जारी है।

# प्रधानपति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत



**उदी, इटावा।** बढ़पुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत आवारी के प्रधानपति मनोहर भदौरिया की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत। उनका अधजला शव संदिग्ध स्थिति में बैड पर पड़ा मिला। थाना पुलिस की सूचना पर पहुंचे एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में फोरेंसिक टीम द्वारा जांच शुरू की गई है। मृतक भदौरिया की प्रधान पत्नी शिवानी भदौरिया अपने मायके गई थी जिनका इंतजार किया जा रहा था। ब्लॉक बढ़पुरा के ग्राम अवारी के प्रधान शिवानी भदौरिया के पति मनोहर भदौरिया अपने आवास पर अकेले ही थे। रक्षाबंधन के त्योहार को लेकर प्रधान पत्नी दो दिन पूर्व अपने मायके जबलपुर एम पी गई हुई थी। शनिवार शाम तक गांव के लोगो के द्वारा उन्हें अपने आवास पर देखा गया था। रविवार दोपहर तक उनके आवास से बाहर न निकलने पर पड़ोस के लोगो ने चिंता जाहिर की। उनके आवास के मेन गेट पर अंदर से ताला लगा हुआ था, जिस पर लोगों ने मैन गेट की दीवार के ऊपर से छलांग लगाकर कमरा खोल कर देखा गया तो भौचक्के रह गए। मनोहर अधजली अवस्था में बेड पर पड़े थे। जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गयी। थाना बढ़पुरा प्रभारी गणेशशंकर द्ववेदी द्वारा फोर्स के साथ पहुंचकर बरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने के साथ घटना स्थल से 50 मीटर आसपास क्षेत्र को जनता के लिए प्रतिबंधित किया गया। घटना के संबंध में मृतक के भाई मनोज भदौरिया ने कहा कि मेरे भाई की एक सोची समझी रणनीति के तहत योजना बनाकर हत्या की गई है। जिसमें इटावा के कुछ मेरे भाई दुश्मन और गांव के कुछ लोगो की मिली भगत हो सकती है। देर शाम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने निरीक्षण के बाद बताया कि जानकारी के अनुसार प्रधान पति मनोहर घर अकेले थे उनकी पत्नी मायके गयी थी। उन्होंने कहा घटना की जांच के लिए फोरेंसिक एवं सर्विलांश आदि टीमों को लगाया गया है सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। इस दौरान एसपी सिटी श्री त्रिपाठी के अलावा क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर नागेंद्र चैबे, उपजिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव के अलावा थाना बढ़पुरा, थाना पछायागांव, थानां चकरनगर, सदर कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह चैहान, सिविल लाइन थानाध्यक्ष यशवंत सिंह सहित तमाम थानों की पुलिस मौजूद रही।

- **सूचना मिलते ही एसएसपी, एसडीएम घटनास्थल पर पहुंचे**

## कूलर में करंट आने से युवक की हुई मौत

**बकेवर, इटावा।** लखना बकेवर मार्ग स्थित आदर्शनगर मोहल्ला में शनिवार की देररात कूलर में उतरे करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक कमरे में रखे कूलर को एक स्थान से खिसकाकर दूसरे स्थान पर ले जा रहा था। तभी हादसा हो गया। युवक को बचाने के चक्कर में उसकी पत्नी भी घायल हो गई। भरथना कोतवाली क्षेत्र के पढ़ियापुरा निवासी राधामोहन यादव निर्माण कार्य की ठेकेदारी का कार्य करते हैं और लखना बकेवर मार्ग स्थित आदर्शनगर मोहल्ला में अपना निजी आवास बनाकर अपने स्वजनों सहित निवास करते हैं। शनिवार की देर रात उनका छोटा पुत्र मोहित अपनी पत्नी के साथ उपर की मंजिल के कमरे में सोया हुआ था गर्मी तेज होने के चलते वह पास रखें कूलर की दिशा बदलने के लिए उठा और जैसे ही उसने कूलर छुआ वह उसी में चिपक गया युवक के कूलर में चिपकते ही उसकी पत्नी ने चीख-पुकार मचाते हुए उसे छुड़ाने का प्रयास किया तो वह भी करेंट के संपर्क में आने से घायल हो गई। चीख-पुकार सुनकर घर में मौजूद युवक के स्वजन भी भागकर ऊपर कमरे में आए और जब तक उनको कूलर से अलग किया युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

## दो बाइकों की टक्कर, युवती की मौत भाई समेत छह लोग घायल

इटावा। भरथना कस्बे के अंतर्गत मोहल्ला यादवनगर में ओवर ब्रिज पर दोपहर लगभग डेढ़ बजे एक चार पहिया वाहन ने दो बाईकों में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें एक बाइक पर सवार युवती ओवरब्रिज से उछलकर नीचे आ गिरी, हादसे के दौरान घायलों में चीख पुकार मच गई, उक्त हादसे को स्थानीय निवासी बचाव के लिए दौड़ पड़े। स्थानीय निवासियों के द्वारा तुरंत ही घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, जिसके बाद स्थानीय पुलिस तुरंत ही घटना स्थल पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस द्वारा और स्थानीय निवासी निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना ले जाया गया, जहां से सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे में घायल हुई युवती की इलाज के लिए ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। हादसे में मृतक युवती प्रियंका उर्फ अनुराधा पुत्री जनवेद कुमार उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी आदर्श नगर थाना भरथना जनपद इटावा अपने भाई के साथ ओवरब्रिज से होते हुए अपने घर जा रही थी। तभी यह हादसा हो गया ।मृतक बहन के साथ घायल हुए भाई का उपचार सैफई पीजीआई में चल रहा है। वही दूसरी बाइक पर सवार महिला समेत 2 छोटे- छोटे बच्चे तथा बाइक चालक भी घायल है सभी घायलों का उपचार जारी है।

## खुरपी से गर्दन काटकर युवक की हत्या

**गोरखपुर।** शाहपुर थाना क्षेत्र के पादरी बाजार स्थित जंगल मातादीन में 28 वर्षीय युवक की खुरपी से गर्दन काटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद महिला किराएदार मकान में ताला बंद कर फरार हो गई। रविवार को सूचना पर पहुंची शाहपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चरगांवा संवाददाता के अनुसार शाहपुर थाना क्षेत्र के पादरी बाजार जंगल मातादीन स्थित मलिन बस्ती में सलीम का मकान हैं। वह परिवार के साथ सिक्किम में रहते हैं। उनकी दो बेटियां गोरखपुर शहर में रहती हैं। लोगों ने बताया कि एक सप्ताह पहले सलमा खातून नाम की एक महिला ने मकान किराए पर लिया था। वह डांस पार्टी में काम करती है। उसके पास कई तरह के लोग आते जाते थे। आरोप है शनिवार की रात 28 वर्षीय अमित नाम का युवक गया था। रात में महिला से क्या हुआ आसपास के लोगों को कुछ पता नहीं है। रविवार को युवक का शव मकान के बाहर मिलने पर हड़कंप मच गया। मोहल्ले की एक महिला गेट खोलकर कनइल का फूल तोड़ने गई तो देखा कि युवक का शव पेड़ के नीचे चादर पर पड़ा है।

## मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम स्थल का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**गोरखपुर।** बड़हलगंज क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में मुख्यमंत्री के संभावित दौरे के मद्देनजर प्रशासनिक अधिकारियों ने तहसील व नगर पंचायत प्रशासन संग कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। और सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम को



लेकर मातहत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बता दें, गोला तहसील क्षेत्र अन्तर्गत बड़हलगंज ब्लाक क्षेत्र के कछार में बाढ़ पीड़ितों में बाढ़ राहत सामग्री वितरण करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संभावित आगमन को लेकर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम की तैयारी के मद्देनजर एडीएम वित्त विनीत सिंह ने एसडीएम राजू कुमार, तहसीलदार बृजमोहन शुक्ला तथा चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर व ईओ शिवकुमार के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

# थाईलैंड में बांलादेश दूतावास के सामने भारतीयों का प्रदर्शन




**गोला, गोरखपुर।** बंग्लादेश में तख्तापलट के बाद हिन्दूओं के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार को लेकर थाईलैंड स्थित बंग्लादेश दूतावास के सामने हिन्दूवादी संगठन के लोगों ने प्रदर्शन किया तथा बंग्लादेश के राजदूत को सौंपा ज्ञापन। थाईलैंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकताओं ने बंग्लादेश मे हिन्दूओं के साथ हो रहे अमानवीय घटनओं को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि हिन्दूओं के साथ हो रही यह घटनाएं नरसंहार की श्रेणी में आती हैं। बांग्लादेश में मंदिरों पर हमले और हिंदुओं की हत्याएं पहली बार नहीं हो रही हैं। बांग्लादेश में हिंदू संहार गत कई दशकों से सतत जारी है जिसके वजह से आज हिन्दू बंग्लादेश में 7 प्रतिशत ही रह गये हैं। हिन्दूवादी संगठनों ने हो रहे अत्याचारों के विरूद्ध हाथों में तख्तियों को लेकर प्रदर्शन किया तथा बंग्लादेश के राजदूत को ज्ञापन देकर हिन्दूओं पर हो रहे अत्याचार को तुरंत रोकने व उन्हें व मंदिरों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक व विश्व हिन्दू परिषद के आशीष करपे, सुशील सराफ, कपिल मुनि राय, जिम्मी मिश्र, सोनू दूबे, तेजस्वी शुक्ल, धीरू पाण्डेय, दिग्विजय शुक्ला, राम ललित शुक्ल आदि भारतीय मूल के लोग उपस्थित रहें।

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जिला संवाददाता (vol)




**गोला, गोरखपुर।** गोला कस्बा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों ने राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही क्षेत्र वासियों से हर घर पौधरोपण करने का किया अपील। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक अजय राय ने कहा कि हम सभी आधुनिकता के प्रलोभन में अपने घरों के आस पास व सड़क मार्गो पर लगे पेड़ को काटते जा रहे है। जो आने वाले समय मे हमारी पर्यावरण के लिए घातक सावित होगा। हम सभी को जागरूक होकर उसे संरक्षित करने की जरूरत है। और सभी को हर परिवार से साल में एक एक पौधरोपण करने की जरूरत है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी इंद्रेश दुबे व रामदेव कसौधन, कैशियर बेचू प्रसाद, गजेंद्र राय, वैभव राय, चंद्रशेखर मिश्र, मृत्युंजय दुबे, गामा, राजू, विष्णु कसौधन सहित अधिक संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बाजारों में रक्षाबंधन की धूम विभिन्न प्रकार की राखियां मौजूद

**इटावा।** सोमवार को भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक रक्षा बंधन का पर्व पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाएगा। बाजार में इस बार विभिन्न प्रकार की राखियां उपलब्ध हैं, जिसमें भैया लिखी राखी, रुद्राक्ष की राखी, ओम लिखी राखी और ब्रेसलेट डिजाइन की राखियां प्रमुख है। बच्चों के लिए कार्टून वाली राखियों का आकर्षण भी बना हुआ है। जबकि चाइना की राखियां इस बार बाजार से गायब नजर आ रही है।

बाजार में इस बार मोतियों की राखी, रूद्राक्ष राखी, कन्हैया राखी, ओम राखी जैसी धार्मिकता को दशार्ने वाली राखियों का ज्यादा चलन है। साथ ही बच्चों के बीच डोरेमॉन और छोटा भीम जैसे कार्टून वाली राखियां काफी लोकप्रिय हो रही है। महिलाएं राखी के साथ साथ रोली, चावल व छोटी डिजाइनर थालियों की भी खरीदारी कर रही है। पंडित रामभरोसे दीक्षित ने रक्षाबंधन के महत्व को बताते हुए कहा कि सनातन धर्म में रक्षाबंधन का विशेष स्थान है। उन्होंने बताया कि शुद्ध धागे की राखी, जिसमें तुलसी या रूद्राक्ष लगा हो, सबसे उचित मानी जाती है। आज कल जो आधुनिक राखियां बांधी जाती है वे परंपरागत महत्व नहीं रखती। इसलिए शुद्ध धागे की राखी ही बांधना चाहिए। राखी खरीदने आई सुनिधि ने बताया कि रक्षाबंधन का त्योहार भाई बहन के रिश्ते के महत्व को दशार्ता है। उन्होंने इस बार डिजाइनर राखियों के साथ साथ सूती धागे की राखियां भी खरीदी है। राखी विक्रेता राज ने बताया कि डिजाइनर राखियों की मांग सबसे ज्यादा है लेकिन इस बार सूती धागे से बनी चंदन और ईविल आई वाली राखियां भी काफी बिक रही है।

# जनहित की खबरों के अन्वेषण में बेहद कारगर है आरटीआई

जिला संवाददाता (vol)

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व राज्य सूचना आयुक्त हर्षवर्धन शाही ने कहा कि पत्रकार को अपने काम से संतुष्टि तब मिलती है जब वह कोई ऐसी खबर लिखता है जिससे जनता का हित होता है। जनहित वाली आत्म संतुष्टिपरक खबरों के अन्वेषण में सूचना का अधिकार ( आरटीआई ) बेहद कारगर है।

श्री शाही रविवार को मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की तरफ से आयोजित पत्रकारिता और सूचना का अधिकार विषयक मीडिया कार्यशाला को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। नगर निगम के सदन हाल में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने पत्रकारों को आरटीआई के बेहतर प्रयोग के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए कहा कि वर्तमान में गोरखपुर के विकास का दूसरा महत्वपूर्ण दौर चल रहा है। विकास कार्य और बेहतर तरीके से हो सकें, इसके लिए मीडिया के साथी आरटीआई से वांछित सूचनाएं प्राप्त कर उसे खबरों के रूप में जनोपयोगी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों में आरटीआई लगाएं और प्राप्त सूचनाओं को लोगों के सामने अलग खबरों के रूप में पहुंचाएं। कारण, आज के दौर में अखबार में गंभीरता से पढ़ा वही जाएगा जो सोशल मीडिया पर न आया हो।

श्री शाही ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण है जानने का अधिकार और उस अधिकार की दिशा में सूचना का अधिकार पहली सीढ़ी है। समूचे सिस्टम में व्यापक बदलाव के लिए ब्यूरोक्रेसी में सुधार पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि टालमटोल के रवैये के बावजूद आरटीआई ब्यूरोक्रेसी पर नजर रखने का महत्वपूर्ण जरिया बनकर सामने आया है। कई दशक बाद सूचना का अधिकार मिला है इसलिए पत्रकारों को चाहिए कि वे खुद इसका अधिकाधिक इस्तेमाल करें और आमजन को भी इसके लिए जागरूक करें।

### जनता के बीच भी होनी चाहिए आरटीआई पर कार्यशाला : महापौर



पत्रकारिता और सूचना का अधिकारह्व विषयक मीडिया कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि आरटीआई मीडिया के साथ आम आदमी के लिए भी ताकत है। ऐसे में जनता को आरटीआई के प्रति जागरूक करने के लिए आमजन के बीच भी ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन होना चाहिए।

### सूचना का अधिकार पत्रकारिता के लिए अनमोल हथियार : कुमार हर्ष

बतौर विशिष्ट वक्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के आचार्य डॉ हर्ष कुमार सिन्हा ह्यकुमार हर्षह्व ने कहा कि सूचना के अधिकार से पत्रकारिता के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। कई उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि देश में कई स्कैंडल, सिस्टम की खामी और भ्रष्टाचार के मामलों का खुलासा आरटीआई से हुआ है। कुमार हर्ष ने कहा कि सूचना का अधिकार पत्रकारिता के लिए अनमोल हथियार है जो देश के लोगों के हित में सिस्टम की खामियों पर करारा प्रहार करने में उपयोगी है।

### आरटीआई ने दी है अन्याय न सहने की ताकत : आनंद रूंगटा

शहर के प्रख्यात आरटीआई कार्यकर्ता आनंद रूंगटा ने आरटीआई से लाए गए कई बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि सूचना के अधिकार कानून ने अन्याय न सहन करने की ताकत दी है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि प्रथम आवेदन पर सूचना न मिले तो आगे क्या करना चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार सिंह और प्रेम नारायण द्विवेदी ने आरटीआई के जरिये की गई पत्रकारिता के अनुभव को साझा किया। कार्यशाला में आगतों का स्वागत मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार राय, आभार ज्ञापन महामंत्री कमलेश सिंह और संचालन वरिष्ठ पत्रकार शफी आजमी ने किया। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के उपाध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष सतीश पांडेय, रितेश पांडेय, एसपी सिंह, गजेंद्र त्रिपाठी, प्रदीप श्रीवास्तव, सूर्य प्रकाश गुप्ता, घनश्याम कसौधन, मौनव्वर रिजवी, भूपेंद्र द्विवेदी, हरेंद्र दूबे, पंकज श्रीवास्तव, अजीत यादव, सुभाष गुप्ता, दुर्गेश यादव तथा पीपीए राष्ट्रीय संयोजक जेपी गुप्ता व सह संयोजक महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रकाश चंद्र पाण्डेय, अवधेश दूबे, एससी सिंह चंदन, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. योगेश सिंह, राजेश मणि, वैरागी जी, रुपेश श्रीवास्तव, विनोद राय, जेपी गुप्ता, सिराज अहमद कुरैशी, भानु प्रताप सिंह समेत बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

## श्रद्धालु की मौत

मीरजापुर। धार्मिक यात्रा पर निकले यात्रियों की बस शनिवार की सुबह विंध्याचल पहुंची। इसके बाद मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए जाते समय एक श्रद्धालु की मौत हो गई। साथ आए लोग शव लेकर बस से घर रवाना हो गए। बताते हैं कि बस्ती जनपद के चंदोखा गांव से 11 अगस्त की सुबह 40 की संख्या में श्रद्धालुओं को लेकर बस निकली थी। बस में सवार श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ धाम, काशी विश्वनाथ, अयोध्या होते हुए शनिवार की सुबह विंध्याचल धाम पहुंचे। बस अमरावती चौराहे के पास खड़ी की गई। सभी यात्री गंगा में स्नान के बाद मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन के लिए जा रहे थे। इस बीच अचानक ज्ञान दास 70 वर्ष की तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। साथ आए लोग उनको सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर संतोष कुमार सिंह ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पति के साथ पत्नी राधा धार्मिक यात्रा में साथ में चल रही थीं। पति की मौत से रो-रोकर बेहाल हो गईं। बस में सवार अन्य श्रद्धालु शव लेकर घर रवाना हो गए। राधा देवी ने बताया कि वे पति के साथ धार्मिक यात्रा पर निकली थीं। मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए जाते समय अचानक पति की तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई।

## मिलावटी मिठाइयों की बाजार में भरमार

जौनपुर। जिले भर में रक्षाबंधन पर मिठाइयों का बाजार सजा है। लेकिन इसमें कितने जगहों पर मिलावटी मिठाइयों की भरमार है उसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता है। जिम्मेदार कभी कभी इन दुकानों से मिठाइयों का सेम्पल लेकर जांच करते हैं लेकिन फिर भूल जाते हैं कि बाजार में वास्तव में नकली या असली मिठाईयां बिक रही हैं। अगर लोगों की माने तो इस समय आगामी पर्व के लिए बाजार में मिठाइयों की बिक्री तेज हो गई है लेकिन इसमें ज्यादातर मिठाइयों में मिलावट है। जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित होगा। विशेषज्ञों की माने तो इस तरह के मिठाइयों के अधिक सेवन से पेट खराब हो सकता है। पेट में दर्द, उल्टी सहित अन्य स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। खाद्व विभाग नाम मात्र की कार्यवाही और सेम्पुल लेकर अपनी जेब भरने में लगा है। पहले पर्व के कई दिन पहले छापामर कर नमूने लिये जाते थे लेकिन अब खानापूर्ति भी तरीके से नहीं हो रही है इसका लाभ उठाकर दुकानदार मनमानी कर रहे है। जिम्मेदारो की नजर इधर भी पड़ती है या लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने के लिए इन मिठाइयों के दुकानदारों खुला छोड़ दिया जाता है।

## महिला प्रोटेक्शन कानून देश में लागू करने की मांग

सोनभद्र। कोलकाता मेडिकल कॉलेज में हुई महिला डॉक्टर की हत्या के विरोध में तिलका मांझी फाउंडेशन की ऋतिशा गोड़ ने महिला समर्थकों के साथ हत्यारे को फांसी देने और बेटियों की सुरक्षा कानून बनाने की मांग को लेकर स्वर्ण जयंती बढ़ौली चौक रावट्र्सगंज पर प्रदर्शन किया। ऋतिशा ने कहा कि कोलकाता मेडिकल कॉलेज की प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की हत्या कॉलेज परिसर में होना एक सरकारी हत्या है। देश के अंदर लगातार महिलाओं, छात्राओं के साथ बलात्कार और हत्या की घटनाएं हो रही हैं। हाल में ही मुजफ्फरपुर की भी घटना देश को झकझोंर दी है परंतु राजनीति में एक दूसरे के ऊपर सियासत करने में लोग लगे हुए हैं और देश में बेटी बचाने का स्लोगन मात्र दिखावा रह गया है। इसलिए महिला प्रोटेक्शन कानून देश मे लागू करने की जरूरत है। प्रदर्शनकारियों ने मांग किया कि केंद्र सरकार तत्काल महिला प्रोटेक्सन बिल लाये और उसे कानून का रूप दे। ऋतिशा के नेतृत्व में नगर की बेटियां सड़क पर उतरी और स्वर्ण जयंती चौक राबट्र्सगंज पर अपने हाथों में हुई तख्ती बैनर लेकर हत्यारों को फांसी देने की मांग के साथ प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में गीता गौर, शेफाली गुप्ता, आकृति निर्भया आदि उपस्थित रहीं।

# कैबिनेट मंत्री ने सीएचसी कछवां का किया निरीक्षण



- रजिस्टर के रखरखाव में लापरवाही पर व्यक्त की कड़ी नाराजगी
- मुख्य चिकित्साधिकारी को नियमित निरीक्षण कर आख्या जिलाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश
- मलिन बस्ती पहुंचकर किया सहभोज

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। प्रदेश के मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई तथा निवेश प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश एवं जनपद के प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने जनपद के भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछवां का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, उप जिलाधिकारी सदर आसाराम वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी, क्षेत्राधिकारी सदर मंजरी राव उपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने ओपीडी का निरीक्षण किया, वहीं पर डाक्टरों की संख्या पूछने पर बताया गया कि पांच डाक्टरो की तैनाती की गयी है जिसमें चार डाक्टर ओपीडी व एक डाक्टर इमरजेंसी में बैठते हैं। मंत्री द्वारा ओपीडी रजिस्ट्रेशन को भी देखा गया। ओपीडी रजिस्ट्रेशन रजिस्टर डाक्टर द्वारा मरीजों को दी जाने वाली दवाओं से सम्बन्धित रजिस्टर से मिलान किया गया, जिसमें कमी पाए जाने पर मंत्री द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सभी रजिस्टरों को सुव्यवस्थित ढंग से रखने व बनाने का निर्देश दिया। इमरजेंसी रजिस्टर को भी देखा गया। मंत्री द्वारा स्टाक रजिस्टर को देख, दवाईयों की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। मंत्री द्वारा दवा कक्ष में जाकर दवाईयों के रखरखाव को देखा। उन्होंने अधीक्षक को निर्देशित करते हुये कहा कि प्रतिदिन जो भी दवाईयां दवा कक्ष से निकालकर ओपीडी में भेजी जा रही है दवाईयों के रजिस्टर में प्रतिदिन अंकित किया जाए। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि आप नियमित प्राथमिक स्वास्थ्य व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निरीक्षण कर आख्या जिलाधिकारी को उपलब्ध कराएं। मंत्री द्वारा इमरजेंसी वार्ड में पहुंचकर भर्ती मरीजों से वार्ता कर मिल रही सुविधाओं के बारे जानकारी ली। मरीजों द्वारा बताया गया सभी व्यवस्थाएं मिल रही हैं। एक्सरे कक्ष, लेबर कक्ष, पैथालाजी आदि का निरीक्षण किया गया। प्रसवोत्तर वार्ड में पहुंचकर मंत्री द्वारा नवजात बच्चों माताओं व उनके परिजनों से वार्ता की एवं मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधीक्षक को निर्देशित किया कि कक्ष में एक टीवी लगवाया जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण पश्चात के बाद मंत्री ने जोगीपुर दलित बस्ती वार्ड संख्या-1 आदर्श नगर पंचायत कछवां में पहुंचकर मंसुख लाल के घर सहभोज किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, उप जिलाधिकारी सदर आसाराम वर्मा, डिप्टी कलेक्टर भरत लाल सरोज, क्षेत्राधिकारी सदर मंजरी राव एवं जनप्रतिनिगण उपस्थित रहें।

## पात्र लाभार्थियों में बांटे टूल किट्स



सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौरभ द्वारा रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित वित्तीय वर्ष 2023-24 के चयनित लाभार्थियों को निःशुल्क 09 नग पाॅपकार्न मेकिंग मशीन टूल किट्स का वितरण पात्र लाभार्थियों में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पापकार्न मशीन के वितरण से रोजगार के साधन विकसित होंगें और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने में काफी मदद मिलेगी। इस मौके पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी किरन श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## कोलकाता रेप केस के विरोध में प्रदर्शन करते समय छात्र हुए बेहोश, अस्पताल में भर्ती



मीरजापुर। कोलकाता डॉक्टर की रेप और हत्या के मामले में प्रदर्शन कर रहे छात्र छात्राएं गर्मी से बेहोश हो गए। जिन्हें आनन-फानन में उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल भेजा गया? जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते समय आठ छात्र छात्राएं कलेक्ट्रेट में बेहोश हो गए जिससे अफरातफरी मच गई। बाद में सभी छात्र छात्राएं को जिला मंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया जहां सभी का इलाज चल रहा है। कोलकाता डॉक्टर के साथ हुए रेप और हत्या के मामले को लेकर पूरे देश भर में डॉक्टर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं डॉक्टर के समर्थन में मीरजापुर जनपद के अब डिग्री कॉलेज के छात्र छात्राएं भी उतर गए हैं। मीरजापुर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने पहुंचे केबी पीजी कॉलेज के छात्र छात्राएं गर्मी के चलते एक-एक करके कुल आठ बेहोश हो गए। सभी को आनन फानन में जिला मुख्यालय पर कर्मचारियों ने जिला मंडलीय अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज चल रहा है। बेहोश हुए छात्रों ने बताया कि प्रदर्शन किया जा रहा था गर्मी के चलते बेहोश गए है। सभी की हालत ठीक है।

## शुचितापूर्ण व पारदर्शी तरीके से पुलिस आरक्षी भर्ती लिखित परीक्षा करायें



मीरजापुर। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उ०प्र० में आरक्षी नागरिक पुलिस के सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा को 23, 24, 25, 30 एवं 31 अगस्त 2024 को निष्पक्ष, शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीव कर्मचारीगण, कार्यदायी संस्था के अधिकारी व कर्मचारीगण एवं संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व प्रबंधकगण के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड द्वारा जारी प्रवेश-पत्र और पहचान-पत्र जैसे ई-आधार, ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट तथा काला या नीला बॉलपॉइंट पेन कोई भी अन्य सामग्री परीक्षा कक्ष के अंदर ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह व ऑपरेशन ओम प्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी चुनार सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारी व कर्मचारीगण, विद्यालयी प्रबंधक व प्रधानाचार्य एवं ड्यूटी में लगे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी व उपस्थित रहे।

# सज गयी दुकानें, रक्षा बंधन आज



जौनपुर। भाई व बहन के प्यार व विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन का धागा भी अब आधुनिकता की चमक-दमक में रंगा नजर आने लगा है। भाई-बहिन का प्रेम राखी की कीमत से नहीं आंका जाता। बावजूद इसके हर बहिन यह सोचकर राखियों की खरीद में जुटी है कि भाई की कलाई पर उसका प्यार राखी के रूप में सज सके। एक जमाना था जब मात्र सूत के धागे की ही राखियां बांधी जाती थी, पर समय के बदलाव के साथ यह रस्म भी जमाने के साथ बदल गई है। जिले के बाजारों में राखियों की दुकानें सज गई हैं।

मनपसंद राखियों की खरीद के लिए दुकानों पर महिलाओं व युवतियों की भीड़ उमड़ रही है। अधिकांश राखियां बाहर भेजे जाने को लेकर भी बहनें पहले से ही मनपसंद राखियां खरीदने में जुटी हैं। जिससे कि भाईयों को बहनों का प्यार समय पर मिल सके। महंगाई का असर राखियों पर भी देखने को मिल रहा है। दुकानदारों के मुताबिक 15 से 20 फीसदी तक राखियों की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। इसके बावजूद बहनें प्यार व सौहार्द के पर्व का कोई मौका हाथ से नहीं खोने देना चाहती। दुकानदारों के मुताबिक बाजार में 10 से पांच सौ रुपए तक की राखियां उपलब्ध है। इनमें डोरेमन, बाहुबली, चूड़ा राखी, ब्रासलेट समेत कई प्रकार राखियां शामिल है। राखी विक्रेता तरुणटिक्कीवाल ने बताया कि इनमें जरी व लूम्बे राखी की मांग अधिक है। इसमे अलावा ब्रासलेट राखी भी खूब बिक रही है। दुकानदारों ने बताया कि पहले चलने वाली फूलदार व बड़ी-बड़ी चिपकाने वाली राखियों के मुकाबले इस बार पिरोई जाने वाली बिट्स राखियों की मांग अधिक है। इसके साथ ही कुंदन, कलकत्ती, कलाबत्ती, तुलसा, केडीबेयर, चूड़ाराखी आदि राखियां भी बाजार में बिक रही हैं। हाथी दांत वाली राखी, मेटेलन डोरी मशीन कट, 32 नग वाली राखी, चायना कुन्दन, ब्रासलेट- स्टोन की राखी, जोधपुरी बन्धेज वाली राखी, चंदन जोधपुरी राखी भी बिक रही है। शहर में राखियां कोलकाता, दिल्ली एवं जयपुर से लाकर बेची जा रही है। सरार्फा व्यापारियों के मुताबिक आर्डर आने पर चांदी व सोने की राखियां भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## पद्मश्री व प्रसिद्ध कजरी गायिका अजिता श्रीवास्तव का निधन



मीरजापुर। जनपद की पद्मश्री एवं प्रसिद्ध कजरी गायिका अजिता श्रीवास्तव का लगभग 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अजिता श्रीवास्तव के भतीजे जय श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार की शाम 5:55 पर उनका देहावसान हो गया। वे कुछ महीने से बीमार थी। निधन का समाचार मिलते ही उनके आवास पर शोक-संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।

उन्हे तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण तथा रासायनिक उर्वरक राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने नगर के आवास विकास कालोनी निवासी अनुराग आनंद श्रीवास्तव के आवास पर पहुंचकर उनकी पूज्य माता मीरजापुर की गौरव पद्मश्री व प्रसिद्ध कजरी गायिका अजिता श्रीवास्तव के निधन पर शोक व्यक्त कर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दुःख की इस घड़ी में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने उनके पुत्र अनुराग आनंद श्रीवास्तव को ढांढस बंधाया एवं ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की। केंद्रीय राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि पद्मश्री अजीत श्रीवास्तव के निधन का बहुत ही दुखद समाचार मुझे मिला है हमारे जिले का नाम उन्होंने पूरे देश में रोशन किया और आज इतनी बड़ी प्रतिभा हमारे देश में नहीं रही है, मैं अपना दल व भाजपा परिवार की ओर से नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं उनका जाना कला जगत के लिए और हमारे जनपद मीरजापुर के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे एवं उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में उन्हें संबल दे, शक्ति दे मैं उन्हें पुनः नमन करती हूं। इस अवसर पर प्रदेश सचिव आनंद सिंह पटेल, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी भाजपा नितिन विश्वकर्मा, जिला अध्यक्ष व्यापार मंच अशोक पटेल, युवा मंच जिला अध्यक्ष उदय पटेल, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## गाडर में लटकी मिली अधेड़ की लाश

जौनपुर। तेजीबाजार थाना क्षेत्र के जीरकपुर गांव के रहने वाले युवक का रविवार की सुबह संदिग्ध हालत में बंद पड़े भाई के घर में लगे गाटर पर शव लटका मिला। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उक्त गांव निवासी 40 वर्षीय जनार्दन सिंह उर्फ राजू पुत्र रामधनी विगत कई दिनों से दिमागी रूप से बीमार था, शनिवार शाम को भोजन करने बाद जब परिजन सोने चले गए तो वह उठ कर कही चला गया, परिजन खोजबीन किए परंतु पता नही चला। रविवार सुबह मृतक की बिटिया ने बगल घर का ताला खुला देखा अंदर जाकर देखी तो पिता गाटर से रस्सी के सहारे लटके हुए थे, मौत की जानकारी की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लि भेज दिया गया।

## रंगदारी को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम से मिले व्यापारी

जौनपुर। सिकरारा थाना के खपरहां बाजार के व्यापारी कुंवर चन्द्र गुप्ता के ऊपर हुये जानलेवा हमला और 50 लाख रुपए की रंगदारी के विरोध में व्यापारी नेता श्रवण जायसवाल की अगुवाई में व्यापारियों का एक दल सूबे के पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा से मिलकर ज्ञापन दिया। इस मौके पर व्यापारी नेता श्रवण जायसवाल ने जनपद में सिलसिलेवार आपराधिक घटना का वर्णन करते हुये कहा कि समय रहते पुलिस प्रशासन उक्त घटना का खुलासा नहीं किया तो इसके गम्भीर प्रणाम देखने को मिल सकते हैं। हम व्यापारी को न्याय दिलाने के लिये कोई भी कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे। अगर पुलिस प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दिया तो व्यापारी समूह आन्दोलन का रास्ता अपनाते हुये बड़ा निर्णय ले सकता है जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। व्यापारियों के साथ हो रहे अत्याचार लूट की अपराधी घटनाओं को लेकर व्यापारी नेता ने चिन्ता जताते हुये कहा कि व्यापारियों के साथ जितनी भी घटनाएं हो रही हैं, इसके लिये पुलिस की ही जिम्मेदार है। व्यापारियों की व्यथा सुनकर डा. दिनेश शर्मा ने दूरभाष पर पुलिस अधीक्षक जौनपुर से पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी लेते हुये पुलिस प्रशासन को जरूरी हिदायत देते हुये शीघ्र ही घटना का खुलासा करने की बात कही। साथ ही व्यापारी प्रतिनिधिमण्डल को इस बात से संतुष्ट किया कि सरकार इस मुद्दे पर अति संवेदनशील है तथा समय रहते उक्त घटना का खुलासा होगा, इस बात का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर अमर चन्द्र गुप्ता, विजय चन्द्र गुप्ता, मनीष गुप्ता, राजा साहू सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे

## आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर बैठक



आजमगढ़। डीएम विशाल भारद्वाज ने कहा कि उप्र आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा अत्यंत संवेदनशील है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लेकर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि पुलिस भर्ती बोर्ड की गाइडलाइन का अध्ययन कर लें। उन्होंने कहा की गाइडलाइन का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, इससे किसी भी प्रकार का विचलन स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व्यवस्थापक गाइडलाइन के सम्बन्ध में ड्यूटी करने वाले अध्यापकों व कर्मचारियों को स्पष्ट बता दें।

जिलाधिकारी ने शनिवार को यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 23, 24, 25 एवं 30, 31 अगस्त 2024 को आयोजित होने वाली उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की तैयारियों के दृष्टिगत सभी केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग परीक्षा केंद्र के अंदर/परीक्षा कक्ष में नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मोबाइल का प्रयोग किसी भी दिशा में परीक्षा केंद्र पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा की परीक्षा की सूचिता का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने बीएसए एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों का बैकग्राउण्ड अवश्य चेक कर लें। उन्होने कहा कि उनका आचरण, व्यवहार एवं पूर्व के उनके दृष्टांत को चेक कर लें।

## कार खाई में पलटी, दो लोग घायल



जौनपुर। नगर कोतवाली थाना लाइन बाजार क्षेत्र के वाजिदपुर तिराहे के पास मौजूद एक कोचिंग सेंटर के पास शनिवार की देर रात एक चार पहिया वाहन पुलिया के नीचे गिर गई है। देर रात करीब 12 बजे मिजार्पुर की तरफ से आ रही कार अनियंत्रित होकर लक्ष्य कोचिंग सेंटर के पास स्थित 25 फुट खाई में गिर गई। इस घटना में चालक समेत दो लोगों के घायल होने की सुचना पाते ही पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। शहरी इलाके से लेकर ग्रामिण इलाकों में बरसात के पहले सीवर लाइन के लिए खोदकर छोड़े गए गडढे से लोग पहले ही परेशान थें अब बारिश होते ही सड़के धस गई है जिससे आये दिन कही ई रिक्शा पलट जाता तो कही कोई दो पहिया वाहन के पलटते हुए देखा जाता है। जिले के शहरी इलाके में सबसे ज्यादा व्यस्त सड़को की हालत बिगड़ती चली जा रही है। रूहट्टा से लेकर बदलापुर पड़ाव को जाने वाली रोड की हालत इस प्रकार है कि वहां गडढे ही गडढे देखने को मिलेंगे। कुछ दिन पूर्व में बारिश के दौरान रूहट्टा रोड पर स्थित मंदिर के पास वाली सड़क पर एक ट्रैक्टर की पहिया जा धसी थी जिसे क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया।

# दंपति हत्याकाण्ड का खुलासा, भतीजा गिरफ्तार



सोनभद्र। राबट्र्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मरकरी पुल के पास पुलिस ने डबल मर्डर के आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस डबल मर्डर मामले में कुल तीन आरोपियों के द्वारा मिलकर पति-पत्नी की हत्या 10 अगस्त राबर्ट्सगंज के धर्मशाला चौक के पास रात में की गई थी।

हत्या के पीछे का कारण बताया जा रहा है कि कुंदन पटेल जो कि अपने चचेरे मौसा धर्मेंद्र पटेल (हत्या में मृतक) से 5 प्रतिशत ब्याज पर पैसा लिया करता था और लोगों में 8 से 10 प्रतिशत ब्याज पर पैसा बांटता था। वसूली करने के बाद पैसा वापस करता था, लेकिन इधर बीच काफी पैसा लेने के बाद वह अपने मौसा को पैसा वापस नहीं कर रहा था। जिसको लेकर दोनों में विवाद चल रहा था। पैसा वापस न करना पड़े इसके लिए कुंदन अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर हत्या करने का प्लान बनाया और 10 अक्टूबर,2024 की रात्रि अपने चचेरे मौसा और मौसी के घर पहुंचा और वहां रात में मौसा और मौसी दोनों की हत्या कर दी। वहीं रविवार को मुठभेड़ में पुलिस ने हत्या आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हत्या आरोपी कुंदन पटेल के पैर में गोली लगी है साथ ही चैकी इंचार्ज लोढ़ी भी इस मुठभेड़ में घायल हुए हैं। जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। जबकि आरोपी के पैर से अधिक खून के रिसाव होने के कारण उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस द्वारा इस हत्या मामले में लूटी गई पिस्तौल भी आरोपियों से बरामद कर ली। पुलिस अधीक्षक डॉ0यशबीर सिंह ने रविवार को पुलिस लाईन सभागार में पत्रकार वार्ता करते हुए दंपति के हत्या मामले का खुलासा करते हुए पत्रकारों को बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत 10 अगस्त,2024 को रॉबर्ट्सगंज नगर के राज पैलेस के पास धारदार हथियार से बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी धर्मेन्द्र पटेल और पत्नी मंजू देवी की हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने बताया कि ब्याज के रुपये के लेनदेन के विवाद में व्यापारी दंपती की हत्या की गई थी। पुलिस ने बताया कि वारदात का मुख्य आरोपी कुंदन पटेल, मृतक धर्मेंद्र पटेल के लेनदेन से जुड़े कारोबार और पैसा वसूली का जिम्मा संभालता था। लेनदेन और वसूली के पैसे को लेकर दोनों में विवाद हो गया। इससे खफा होकर कुंदन ने सिर्फ अपने मौसी ही नहीं मौसा के कत्ल की भी खौफनाक साजिश रचकर मारा डाला। गत 10 अगस्त तड़के प्राइवेट बस स्टैंड के पास स्थित आवास पर पहुंचकर दरवाजा खुलवाया और दरवाजा खुलते ही मौसा धर्मेंद्र और मौसी मंजू दोनों का बेरहमी से कत्ल कर फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जिले के रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मरकरी गांव के पास मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने दंपती को मौत के घाट उतारने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## डीएम ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से की समीक्षा

सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन की विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं की बिन्दुवार सीएम डैशबोर्ड पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सरकार के निर्देश के क्रम में महत्वपूर्ण योजनाओं, परियोजनाओं, सेवाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से सीएम डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर बारी-बारी से समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से सड़कों के निर्माण, अनुरक्षण आदि के कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा किये तो यह तथ्य सामने आया कि अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड सड़कों के निर्माण की प्रगति धीमी है, जिस पर जिलाधिकारी ने सड़क के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दियें, इसी प्रकार से निर्माण कार्यों की समीक्षा जिलाधिकारी ने की, तो यह तथ्य संज्ञान में आया कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत माध्यमिक विद्यालयों में भवन निर्माण की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने लैकफेड एवं यूपीपीसीएल के एक्सीयन को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश एवं जे0ई0 व ए0ई0 को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दियें। उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए पाया कि शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की खराब प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिये। इस दौरान डीएम ने समाज कल्याण अधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पेंशन योजनाओं से सम्बन्धित कैम्प ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर बनाकर लगाया जाये और इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे कि कैम्प में अधिक से अधिक लाभार्थी उपस्थित होकर योजना से लाभान्वित हो सकें। जिलाधिकारी ने पशुधन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि अण्डा उत्पादन को और बढ़ाया जाये, ग्रामीण स्तर पर भी समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित कर इस कार्य में लगाया जाये। जिससे रोजगार के साथ ही अधिकाधिक अण्डा का उत्पादन हो सके और वे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सके, उन्होंने कहा कि जनपद में मनरेगा योजना के अन्तर्गत जो भी तालाब बनाये गये हैं, वहां पर अनिवार्य रूप से बोर्ड स्थापित कर दिये गये हैं कि नहीं इसका भी ध्यान दिया जाय। इस दौरान उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गोवंश आश्रय स्थल में रह रहे पशुओं के चारे की खरीद हेतु जो भी धनराशि आवंटित हुए हैं, उस धनराशि को सम्बन्धित ग्राम सभाओं व शहरी क्षेत्रों में भेज दिया जाये।

## मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य विभाग ने की छापेमारी

आजमगढ़। रक्षा बन्धन पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के लिए मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु खाद्य पदार्थो की शुद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने हेतु मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का छापामार दल सर्वप्रथम मुबारकपुर बस स्टैण्ड से 02 छेने की मिठाई, 02 गुलाब जामुन तथा 01 बर्फी का नमूना संदेह के आधार पर लिया। तत्पश्चात छापा दल अलीनगर चौराहा मुबारकपुर 01 छेने की मिठाई का नमूना लेकर जांच हेतु प्रेषित किया। उसके उपरान्त छापा दल हाफिजपुर चैराहा पहॅुचा वहां से 01 डोडा बर्फी तथा वहां एक रेस्टोरेन्ट से 01 गुलाब जामुन तथा जहानागंज से 01 चमचम का नमूना लिया गया। कार्यवाही के दौरान लगभग 12 किग्रा0 दूषित छेने की मिठाई नष्ट कराया जिसकी अनुमानित कीमत लगभग रू0 3400.00 आंकि गयी। इस प्रकार आज खाद्य सुरक्षा सचल दल ने कार्यवाही के दौरान कुल 09 नमूनों का संग्रहण कर लखनऊ प्रयोगशाला जांच हेतु प्रेषित किया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य) आजमगढ़ सुशील कुमार मिश्र ने बताया कि छापेमार कार्यवाही त्यौहार के दृष्टीगत अनवरत रूप से जारी रहेगी एवं प्रतिष्ठानों के खाद्य कारोबारकर्ताओं को प्रतिष्ठान में साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों के रख-रखाव में सावधानी रखने व निर्माण कर विक्रय किये जाने वाले खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता सुनिश्चित करें तथा प्रतिष्ठान में बन्द ढ़क्कन के डस्टबिन प्रयोग करने व प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मियों की व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें। उक्त छापेमार दलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण लालमणि यादव, शीत कुमार सिंह, बेबी सोनम, अमर नाथ, गोविन्द यादव, कीर्ति आनन्द तथा रजनीश कुमार सम्मिलित रहें।

# मिश्रिख और महोली सीएचसी पर सिजेरियन ऑपरेशन शुरू

## गर्भवती महिलाओं को अब सीतापुर के नहीं काटने होंगे चक्कर

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जिले की दो अन्य एफआरयू (फर्स्ट रेफरल यूनिट) मिश्रिख और महोली पर भी सिजेरियन (सी-सेक्शन) ऑपरेशन के जरिये प्रसव की सुविधा शुरू करा दी है। अभी तक इन क्षेत्रों की गंभीर मामलों वाली गर्भवती को ऑपरेशन से प्रसव के लिए जिला महिला अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ती थी। लेकिन अब शासन की मंशा के अनुरूप सीएचसी पर ही जटिल मामलों के ऑपरेशन के जरिये प्रसव की है। यहां ऑपरेशन से प्रसव में डॉक्टरों एवं दवाओं की समस्या न रहे इसका भी प्रबंध कर लिया गया है।

विशेष परिस्थितियों में ऑनकॉल चिकित्सकों की भी सेवाएं ली जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह ने बताया कि मिश्रिख और महोली सीएचसी पर ऑपरेशन के लिए प्रसव की सुविधा शुरू कर दी गई है। इन केंद्रों पर चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल कर्मियों की अनुभवी टीम व उपयुक्त उपकरणों की व्यवस्था कर ली गई है। ऐसे में उच्च जोखिम वाले प्रसव के मामले इन सीएचसी पर ही संभाले जा सकेंगे। इन केंद्रों पर प्रसव पूर्व जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भवती को गर्भावस्था के दौरान दी जाने वाली सभी जरूरी दवाएं एवं गर्भवती की लाइन लिस्टिंग जैसी जरूरी सेवाएं मौजूद है। सीएमओ ने बताया कि ऑपरेशन से प्रसव शुरू होने के बाद एंबुलेंस 108 सेवा पर भी दबाव कम होगा। गर्भवती और जच्चा-बच्चा के लिए एंबुलेंस 108 का ही इस्तेमाल किया जाता है। एंबुलेंस की हर ट्रिप पर सरकार को अच्छा खासा भुगतान करना होता है। एंबुलेंस सेवा पर दबाव होने के कारण कई बार जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं को समय से एंबुलेंस सेवा मिलना मुश्किल हो जाता है। सीएमओ ने बताया महमूदाबाद, लहरपुर, सिधौली सीएचसी पर यह सुविधा पहले से ही उपलब्ध है। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता उपेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मिश्रिख सीएचसी पर पहला सिजेरिन ऑपरेशन बीती पांच अगस्त को हुआ। यह ऑपरेशन सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रखर श्रीवास्तव के नेतृत्व में सीएचसी पर तैनात स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. श्वेता सिंह एवं टीम द्वारा किया गया। ऑपरेशन टीम में सर्जन डॉ. अनूप, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज मिश्रा, निश्चेतक डॉ. मनीष गुप्ता, स्टाफ नर्स सीता, शशी अग्निहोत्री, रीता सिंह, वार्ड आया विमला और ओटी टेक्नीशियन उदयभान शामिल रहे। ऑपरेशन पूरी तरह से सफल रहा और महिला ने स्वस्थ जुड़वा बेटों को जन्म दिया। इसके अगले ही दिन महोली सीएचसी पर क्षेत्र के गंगागंज भूड़ निवासी राम जीवन की पत्नी काया का सिजेरियन ऑपरेशन से प्रसव कराया गया। यह ऑपरेशन सीएचसी अधीक्षक डॉ. इमरान के नेतृत्व में सीएचसी पर तैनात स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अदिति व निश्चेतक डॉ. अब्बास के नेतृत्व में किया गया। इस ऑपरेशन टीम में ओटी टेक्नीशियन उस्मान, स्टाफ नर्स शिल्पी और वार्ड आया रामदेवी आदि शामिल रहीं। यह ऑपरेशन पूरी तरह से सफल रहा और काया ने बेटे को जन्म दिया।

संक्षेप

### वरिष्ठ पत्रकार अशोक पाण्डेय को पितृशोक

उन्नाव/ लखनऊ। वरिष्ठ पत्रकार और संपादक अशोक पाण्डेय के पिता



लक्ष्मी चंद पाण्डेय का रविवार सायं काल 5 बजे निधन हो गया। वे 98 वर्ष के थे। स्व. लक्ष्मी चंद पाण्डेय भरा - पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। उनके परिवार में दो आईएएस एक आईएफएस, दो लेफ्टिनेंट और दो सर्जन हैं। उन्नाव जनपद में स्व. लक्ष्मी चंद पाण्डेय 36 बार लोकसभा और विधानसभा में मतदान करने वाले नागरिक थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को प्रातः 10 बजे माँ चन्द्रिका देवी सिद्धपीठ के बक्सर गंगातट पर होगा।

### पत्रकार को मातृ शोक

सीतापुर। एक दैनिक अखबार के पत्रकार की माता का शनिवार देर शाम निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में



शोक की लहर दौड़ गयी है। महोली कस्बे के भट्ठा मोहल्ला निवासी पत्रकार केबी मिश्रा की माता सरवती पत्नी स्व. कमलेश्वर मिश्र का निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहीं थीं। 80 वर्ष की उम्र की उम्र में शनिवार देर शाम उन्होंने अपने निजी आवास पर अंतिम सांस ली। उपजा के जिलाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, हिमांशु सिंह मोनू, अनिल विश्वकर्मा, संदीप श्रीवास्तव, अमित शुक्ला बबलू, अवनीश मिश्रा, सनील शर्मा, संजय मिश्रा, पुलकित शर्मा, अनुज सक्सेना, महेश निशाद, महोली के संजीव पांडेय, शिवचंद त्रिवेदी, रविन्द्र सक्सेना, सर्वेश मिश्रा, बंटी मिश्रा, अनूप मिश्रा, सिंकू शुक्ला, संजय मिश्रा, अमित मिश्रा, प्रेमशंकर तिवारी, प्रभाकर शुक्ला, मनोज मिश्रा, प्रवीण शुक्ला आदि पत्रकारों ने शोक जताया है।

### चोरों ने नगदी समेत जेवरात किये पार

थानगांव/सीतापुर। शनिवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने एक ग्रामीण के घर को निशाना बनाया। जिसमें पीड़ित के अनुसार रुपए पच्चीस हजार की नगदी व घर में रखे सोने चांदी के कीमती जेवरातों सहित पच्चास हजार से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया है। जानकारी के अनुसार थानगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सभा ईंटगांव के मजरे मन्नी पुरवा निवासी राजबीर पुत्र शत्रोहन का पुराना घर गांव में है दूसरा घर गांव के बाहर खेत में है कुछ परिवारजन दूसरे घर पर थे। कुछ महिलाएं और पुरुष गांव के पुराने घर पर सोए हुए थे। इसी बीच अज्ञात चोर किसी तरह पुराने घर के पीछे से सीढ़ी या बल्ली लगाकर छत के रास्ते से अंदर प्रवेश कर गए। और सामान समेटने लगे खटपख की आहट पाकर घर में सो रहे लोगों की नींद खुल गई किन्तु कुछ समझ पाते कि इससे पूर्व ही अज्ञात चोर मय नगदी व सोने-चांदी के कीमती जेवरातों सहित मौके से फरार होने में सफल हो गए।

### मंदिर प्रांगण की जमीन पर दबंग कर रहे जेसीबी से कब्जा

बीघापुर, उन्नाव। जहां एक तरफ योगी सरकार अवैध कब्जे को लेकर सख्त नजर आती है, दूसरी तरफ स्थानीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते भूमाफिया अवैध कब्जे जैसी घटनाओं को खुले आम अंजाम देते है। लेकिन इन पर रोक लगाने वाला कोई नहीं है। मामला बीघापुर तहसील क्षेत्र का बताया जा रहा है। डीएम गौरांग राठी को दिए गए शिकायतीपत्र में विजय कुमार पुत्र रामऔतार, राकेश कुमार पुत्र स्व0 रामलाल निवासी ग्राम अनूपपुर, बीघापुर ने बताया कि गांव में गाटा सं0 291 रकवा 0.5060 श्रेणी की बंजर भूमि में मंदिर व मेला का प्रांगण बना हुआ है। वहांपर एक चबूतरा भी बना है। जहां अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। उक्त भूमि पर भूमाफिया लालता प्रसाद निवासी बाजपेयीखेडा सिकंदरपुर कर्ण, काले दीक्षित व रविकुमार सिकंदरपुर कर्ण ने जेसीबी से चबूतरा गिरा दिया। मना करने पर दबंगों ने कहा कि उक्त भूमि हम लोगों ने खरीद ली है। इसकी कई बार शिकायत की गयी लेकिन अब तक कार्यवाही नहीं हुयी।

## एनपीएस योजना से आच्छादित शिक्षकों और कर्मचारी के खातों में 6 माह से नहीं पहुंचा अंशदान

उन्नाव। नवीन पेंशन योजना से आचारित बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों और कर्मचारियों का फरवरी माह के बाद से अभी तक छ्है का पैसा खातों में नही पहुंच पाया है जबकि हर माह शिक्षक के वेतन से एनपीएस का पैसा काट लिया जाता है पर एनपीएस खातों की स्थिति पूर्ववत ही है।

नवीन पेंशन योजना में राज्यांश आने के बाद ही शिक्षकों का कर्मचारियों के एनपीएस खातों में पैसा भेज दिया जाता है उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समस्त जनपदों में राज्यांश का पैसा जनपद में 28 जून 2024 को ही शासन के द्वारा भेजा जा चुका है परंतु शिक्षकों के खातों में विगत 6 माह का पैसा अभी तक नही पहुंच पाया है जो कि सीधे तौर पर वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा की लापरवाही को दशार्ता है जनपद उन्नाव में वित्तीय लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा के पद पर अनिल कुमार दुबे कार्यरत हैं जनपद उन्नाव में मार्च 24 से अभी तक दचे का राज्यांश का पैसा एनपीएस खाता धारकों के खातों में नहीं आया जबकि ग्रांट 29 जून को जारी हो गई थी जनपद उन्नाव को इस ग्रांट में 35 करोड़ रुपये की राशि भेजी गई थी। शिक्षकों का कहना है कि जहां एक और पुरानी पेंशन योजना का लाभ नहीं प्राप्त हो रहा है वहीं दूसरी ओर नई पेंशन योजना में इतनी खामियां हैं इसके बावजूद शासन स्तर से एनपीएस योजना को लागू किया जा रहा है उसे पर वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से हर बार इतनी बड़ी चूक होती है एनपीएस खातों में राज्यांश देरी से पहुंचने से इन 6 माह का ब्याज का नुकसान हो रहा है। इसी 6 माह के ब्याज की गणना अगर सेवानिवृत्ति के समय तक जोड़ी जाए तो नुकसान लाखो में पहुंच जाएगा। शिक्षकों का कहना है कि एक महीने से ज्यादा आये हुए एनपीएस के राज्यांश के पैसे का ब्याज क्या शिक्षकों के खातों में जायेगा यदि नही तो अभी तक उनके खातों में क्यों नही भेजा गया है उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद उन्नाव के जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र ने वित्त एवं लेखाधिकारी उन्नाव के इस रवैया पर नाराजगी दशार्ते हुए कहा कि जल्द से जल्द एनपीएस धारक शिक्षको एवं कर्मचारीयों के खातों में एनपीएस का पैसा भिजवाया जाए। जिससे शिक्षक और कर्मचारियों को उसका लाभ मिल सके जिला महामंत्री अवनीश पाल जिला कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद नारायण मिश्र उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी समेत संगठन के समस्त पदाधिकारी ने राज्यांश शिक्षकों की एनपीएस खातों में पहुंचने के विषय पर हो रही देरी को लेकर रोष प्रकट किया है। बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक के अनुसार प्रतिमाह 12684 रुपए राज्यांश उनके खाते में पहुंचना चाहिए इस हिसाब से गणना की जाए तो लगभग 4000 शिक्षकों का लगभग 5 करोड रुपए से अधिक धन वित्त एवं लेखा अधिकारी की लापरवाही से शिक्षकों के खातों में नहीं पहुंच पाया है और यदि इस पर ब्याज की गणना की जाए तो यह 12 प्रतिशत की दर से 30 लख रुपए के आसपास होती है इतनी बड़ी लापरवाही और शिक्षकों की मेहनत की कमाई के नुकसान का जिम्मेदार आखिरकौन है वित्त एवं लेखा अधिकारी अयोध्या द्वारा जारी एक आदेश में जिक्र नियमअनुसार एनपीएस योजना से आच्छादित खाता धारकों के राज्यांश खातों में धनराशि प्रेषित किए जाने में देरी होने पर एनपीएस खाता धारकों को ब्याज सहित धनराशि भुगतान करने के आदेश भी जारी किए जा चुके हैं किंतु फिर भी जनपद उन्नाव की वित्त लेखा अधिकारी इस विषय में बिल्कुल भी संजीदा नहीं है जिस कारण से विगत 6 माह से एनपीएस खाता धारकों के खातों में राज्यांश नहीं पहुंच पाया है।

## रक्षा बंधन आज, तैयरियां जोरों पर



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। रविवार को छुट्टी का दिन होने के बावजूद भी बाजारें गुलजार रहीं। बाजारों में अच्छी खासी चहल पहल थी। वजह यह है कि 19 अगस्त सोमवार को रक्षाबंधन पर्व है। इस पर्व की तैयारियों को लेकर बहने बाजार में खरीददारी कर रही हैं। बहनें अपने बजट के हिसाब से रक्षा सूत्रों की खरीददारी कर रहीं हैं।

बाजार में 10 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक की राखियां मौजूद हैं। वहीं सरार्फा दुकानों पर सोने व चांदी की भी राखियां मौजूद हैं। बाजारों में सेवाईयां भी जमकर बिक्री हो रहीं है। रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और पवित्रता का प्रतीक है। यह पर्व न केवल भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करता है, बल्कि समाज में एकता और समर्पण का भी संदेश देता है। रक्षाबंधन के अवसर पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं और भाई भी उनकी सुरक्षा का वचन देते हैं।

## एनसीपी के प्रबीन सिंह बने मंडल प्रभारी




सीतापुर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी के प्रदेश महासचिव प्रबीन कुमार सिंह को प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर हरिश्चंद्र सिंह ने लखनऊ मण्डल का प्रभारी नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि इस निर्णय से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी 2026 मे जिला पंचायत सदस्य और अध्यक्ष का पार्टी चुनाव लड़ाएगी। साथ ही 2027 में विधानसभा चुनाव पार्टी द्धारा चुनाव लड़वाया जायेगा। प्रदेश महासचिव प्रबीन कुमार सिंह को लखनऊ मण्डल प्रभारी बनाये जाने पर पार्टी कार्यकताओं ने हर्ष जताया है। अभिषेक शाहू, राजकमल सिंह, शिवपूजन गिरी, खनसीम अहमद, अभय प्रताप सिंह, रोबिल, पुष्कर सिंह, ललित सिंह, संतोष रस्तोगी, अभिषेक सिंह, राजकुमार मिश्रा, सर्वेश यादव, कमला, कोकिला, फातिमा, मूलचंद्र आदि कार्यकताओं ने हर्ष जताया है।

## चोरी के माल समेत दो गिरफ्तार



सीतापुर। देहात कोतवाली पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बिजवार पुल के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दुगार्पुरवा निवासी सिकन्दर उर्फ गोलू पुत्र बकरीदी, अंकित रस्तोगी पुत्र गिरिजा शंकर रस्तोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी एक पीली धातु की सिल्ली वजन 27 ग्राम, दो जोडी झाले, एक अंगूठी, एक सिल्ली (सफेद धातु) वजन 475 ग्राम, 4 जोडी पायल, 8 हजार रुपये बरामद किए हैं।

पुलिस का कहना है कि सिंकदर उर्फ गोलू शातिर एवम् अभ्यस्त किस्म का अपराधी है। जिसके विरुद्ध पूर्व में भी चोरी, नकबजनी, अवैध शस्त्र, हत्या का प्रयास आदि जैसे अपराधों में दो दर्जन से भी अधिक केस सीतापुर के विभिन्न थाना समेत लखनऊ में दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि सिकंदर ने अपने साथी मोहित के साथ मिलकर 13 जुलाई की रात आदर्श नगर सेक्टर वन नैपालापुर में भाजपा नेत्री के घर से चोरी की थी। इसके अलावा 13 जून की रात कचनार कस्बे में ज्वैलर्स की दुकान में एवम् जून में ही टेड़वा चिलौला गांव में एक मकान के अन्दर से चोरी की थी।

गत 13 मई की रात में बिजवार रेलवे क्रासिंग के पास बने मकान में चोरी की थी। आभूषणों को अपनी मां के जरिये अंकित रस्तोगी से गलवा दिया था। माल को लखनऊ की चौक बाजार में एवम् लखीमपुर में अज्ञात व्यक्ति को बेच दिया था। थाना कोतवाली देहात पर केस दर्ज हैं। पंजीकृत अभियोगो में संबंधित धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

## गांवों में लगाये जा रहे स्वास्थ्य शिविर



बिसवां/सीतापुर। सीएसआर परियोजना के रेडिको खेतान लिमिटेड द्वारा तहत विभिन्न सेवा प्रकल्प चलाए जा रहे हैं। जिसके तहत सीतापुर के नौ गांवों में एलोपैथिक चिकित्सा शिविर शुरू किये हैं। यह बात सीएसआर अध्यक्ष अनीता चौहान ने कही। उन्होंने कहा कि यह पहल रेडिको खेतान के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व का अंग है। जिसका उद्देश्य ऐसे ग्रामीण समुदायों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, जिनकी चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंच सीमित है।

शिविर का शुभारंभ ग्राम बरगदिया से किया गया। शिविर ग्राम पंचायत जगदीशपुर, पिपरा, बरगदिया, कम्हारिया, कंदुनी, बनघुसरी, पुरुषोत्तम पुर, कंदुनीय, कौरसा गांव में भी आयोजित किए जाएंगे। आरम्भ में प्रत्येक गांव में महीने में दो बार इन शिविरों का संचालन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए रेडिको खेतान की सीएसआर अध्यक्ष अनीता चौहान बताया कि रेडिको खेतान यूनिट के सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों का उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि हमारी प्राथमिकता है। एलोपैथिक चिकित्सा शिविरों को शुरू करके, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि इन गांवों के लोगों को वह चिकित्सा सेवा मिले। जिसके वह अधिकारी हैं। हमारा मानना है कि हर व्यक्ति, चाहे वह कहीं भी रहता हो, उसे स्वस्थ और संतुष्ट जीवन जीने का मौका मिलना चाहिए। इन शिविरों में सामान्य स्वास्थ्य जांच, नैदानिक परीक्षण और सामान्य बीमारियों के लिए उपचार प्रदान किया जाएगा। जिसका प्रबंधन संजीवनी अस्पताल की चिकित्सा टीम द्वारा कराया जाएगा। रेडिको खेतान की इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करना है। इन निःशुल्क एलोपैथिक शिविरों एवं नाड़ी परीक्षण केंद्र को आरम्भ करके हमारा लक्ष्य सबसे दूरदराज के समुदायों को भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इस मौके पर डॉक्टर्स एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्षाबंधन के महत्व के बारे में दी जानकारी

लहरपुर/सीतापुर। क्षेत्र के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केशरीगंज में रक्षाबंधन का पावन पर्व ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा धूमधाम व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया।



इस मौके पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन के महत्व के बारे में जानकारी दी। बीके रेनू बहन ने केसरीगंज स्थित कार्यालय में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि रक्षाबंधन पवित्रता का एक यादगार पर्व है, उन्होंने कहा कि आज के समय में सभी के अंदर पांच विकार बुराइयों की प्रवेशिता है यही अपवित्रता, दुख, अशांत, तनाव का कारण है आवश्यकता है कि, अपने अंदर के दैवीय गुणों को जागरूक करने की। इस अवसर पर सभी भाइयों को बी के बहनों ने आत्मिक तिलक लगाकर ईश्वरीय रक्षा सूत्र बांधा, उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन रक्षा के लिए एक बंधन है जब हम मयार्दाओं की रक्षा करते हैं तो मयार्दाएं हमारी रक्षा करती हैं। इस मौके पर बीके रेनू देवी, बीके पूनम बहन, बीके राम देवी, मुकुंदे लाल त्रिवेदी, ग्राम प्रधान धीरज वर्मा, बीके सत्यभान, बीके अनिल पांडेय सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पौधरोपण का दिया संदेश



बिसवां/सीतापुर। बिसवां के एक कॉलेज परिसर में भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिसवां द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि शाखा प्रबंधक दलगंजन सिंह रहे। उन्होंने पौधारोपण करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने जीवन मे दस पेड़ अवश्य लगाने चाहिए। क्योंकि पेड़ ही मनुष्य के जीवन का आधार है। महामारी की विभीषिका में आक्सीजन के लिए लोग तरह तरह के उपकरणों का प्रयोग रहे थे। उस समय लोगो को एहसास हुआ कि मनुष्य के जीवन को चलाने के लिए पेड़ किंतने आवश्यक हैं। सरकार पौधरोपण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। हम सभी को इस अभियान का हिस्सा बनकर अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। इस अवसर पर शाखा उप प्रबंधक राजेश कुमार, सहायक रमेश चन्द्र शुक्ला, विद्यालय के प्रधानाचार्य जय चन्द्र, हिमांशू, राजेश कपूर, आशीष, मनीष, रोहित यादव, राजमणी, पीयूष, नीरज आदि मौजूद रहे।

## सड़क किनारे झाड़ियों में मिला युवक का शव

सीतापुर। मिश्रिख कोतवाली इलाके में सड़क किनारे झाड़ियों में एक युवक शव मिलने से हड़कंप मच गया। युवक का चेहरा कुचला हुआ होने के चलते शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस देर रात ली गई एक तस्वीर के सहारे सोशल मीडिया के माध्यम से युवक की शिनाख्त में जुटी हुई है। पुलिस का दावा है कि देर रात एक युवक शराब के नशे में घूमता हुआ दिखा, जिसे सुरक्षित बैठा दिया गया था। जिसके बाद उसका शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना मिश्रिख कोतवाली इलाके की है। यहां सिधौली-हरदोई मार्ग पर नरसिधौली और धरमापुर के बीच एक युवक का शव सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला। बताया जाता है कि देर रात कोतवाली पुलिस की मोबाइल वाहन जब रात्रि गश्त कर रहा था तो यह युवक नशे में धुत होकर सड़क पर इधर उधर टहल रहा था। पुलिस ने रात के समय उसे सड़क से किनारे हटाकर सुरक्षित किनारे बैठा दिया था। आशंका है कि रात वाला युवक ही हादसे का शिकार हुआ जब युवक का शव सिर कुचला हुआ मिलने की सूचना पुलिस को मिली तो आनन फानन में मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को आशंका है कि शराब के नशे में धुत युवक सड़क हादसे का शिकार हुए होगा। फिलहाल पुलिस रात में ली गई तस्वीर के सहारे सोशल मीडिया की मदद से युवक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

## घघरिया नदी में डूबी किशोरी का शव 12 दिन बाद पानी में उतराता मिला

लहरपुर/सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चकपुरवा मजरा पिंडुरिया स्थित घघरिया नदी में डूबी किशोरी निशा का शव 12 दिन बाद पानी में उतराता हुआ दिखा, पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 6 अगस्त को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चकपुरवा मजरा पिंडुरिया निवासिनी निशा पुत्री राजकुमार 14 वर्ष, रीता पुत्री राकेश, मधु पुत्री प्रमोद, आरती पुत्री आशाराम खेत से वापस घर जाते समय देर शाम अचानक पैर फिसल जाने से नदी के गहरे पानी में चली गई थी, शोरगुल सुनकर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा मधु व आरती को उसी समय बचा लिया गया था, अगले दिन सुबह स्थानीय गोताखोरों की मदद से रीता का शव भी नदी से बाहर निकाला गया था, वहीं लापता किशोरी निशा की तलाश के लिए पुलिस व बाढ़ राहत दल के द्वारा कई दिनों तक चलाया गया था लेकिन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया था लेकिन रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी लापता किशोरी का कुछ पता नहीं चल सका था। रविवार दोपहर निशा का शव पानी में उतराता हुआ ग्रामीणों द्वारा देखा गया, सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकालकर शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि, लापता किशोरी का शव नदी में मिला है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## मनुष्य सभी दुखों से छुटकारा पाकर परमधाम को प्राप्त होता है



लहरपुर/सीतापुर। क्षेत्र के ग्राम चंदेसुवा स्थित पवित्र औघड़ नाथ धाम पर चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ की पूणार्हुति पूजा अर्चना व श्रद्धा पूर्वक संपन्न। कथा की पूणार्हुति के अवसर पर कथा व्यास पंडित अभिषेक त्रिवेदी महाराज वृंदावन धाम ने श्रीमद् भागवत की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि, इस कलि काल में श्रीमद् भागवत कथा परम मोक्ष दायिनी है जिसके सुनने मात्र से ही मनुष्य सभी दुखों से छुटकारा पाकर परमधाम को प्राप्त होता है। कथा व्यास में उपस्थित श्रद्धालुओं से अपील की कि आपने जो भी साप्ताहिक भागवत ज्ञान यज्ञ में कथा के माध्यम से प्राप्त किया है उसे अपने जीवन में अपनाए और माता-पिता, दीन दुखियों की सेवा करते हुए सन्मार्ग पर चलते हुए सत्कर्म करें। इस मौके पर प्रमुख रूप से मुख्य यजमान छोटेलाल, रामप्यारी त्रिवेदी सहित, प्रमोद कुमार त्रिवेदी, अनूप कुमार पांडेय, प्रधान धीरज त्रिवेदी, के के पांडेय, पंडित कृष्ण मुरारी मिश्रा, अमरीश त्रिवेदी प्रमोद त्रिवेदी सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।

## सरस्वती मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों, छात्र-छात्राओं व प्रशिक्षु चिकित्सकों ने किया कार्य बहिष्कार

नवाबगंज, उन्नाव। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर सरस्वती मेडिकल कॉलेज, उन्नाव के चिकित्सकों, छात्र-छात्राओं एवं प्रशिक्षु चिकित्सकों



ने आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी सेवाएं बंद करने का निर्णय लिया है। यह कार्रवाई आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज, कोलकाता में हुई घटना के विरोध में की गई है। इस घटना ने पूरे देश में आक्रोश पैदा किया है। लोग दोषियों के लिए कठोरतम दंड की मांग कर रहे हैं। महिलाओं के प्रति अपराधबोध रखने वालों को भय का आभास होना चाहिए। सरस्वती मेडिकल कॉलेज के लेक्चर थिएटर में वरिष्ठ चिकित्सकों सहित सैकड़ों मेडिकल छात्र-छात्राएं शोक सवेंदना व्यक्त करने के लिए उपस्थित रहे। उन्होंने इस घटना की निंदा की और दोषियों के लिए कठोरतम दंड की मांग की।

संक्षेप

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** पुलिस चौकी दैलवारा अंतर्गत रहने वाली गुड्डी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति हरीराम खेतीबाड़ी व कारीगरी का कार्य करके परिवार का भरण पोषण करता था। बताया कि बीती 6 जुलाई को शाम करीब 6 बजे उसका पति ललितपुर से दवा लेकर साइकिल से घर वापस आ रहा था। बताया कि वह जैसे ही अमरपुर स्टेशन रोड नयाखेड़ा नहर की पुलिया के पास पहुंचा तो पीछे से आ रहे आयसर ट्रैक्टर नं. एच.आर.-42 एच-0110 के चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। बताया कि इस घटना को गांव के शिवप्रसाद सहरिया व अन्य ग्रामीणों ने देखा और उसे सूचना दी। सूचना मिलने पर वह अपने पुत्र के साथ मौके पर पहुंची, जहां वाहन संख्या एच.आर. 42 एफ 6646 से घायलावस्था में उसके पति को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान उसके पति को मृत घोषित कर दिया गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 106, 281, 125 (ए) व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## तालाब में मिला महिला का शव

**ललितपुर।** जिले के थाना पाली अंतर्गत ग्राम बंट स्थित तालाब में रविवार की सुबह एक महिला का शव पानी मे उतराता मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पानी से बाहर निकाला तो उसकी शिनाख्त गांव की निवासी 42 वर्षीय बेनीबाई पत्नी द्वारिका के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वही परिजनों ने बताया कि वह मानसिक रूप विक्षिप्त चल रही थी और रात को घर से लापता हो गई थी। मृतिका के देवर ने बताया कि भाभी बेनीबाई करीब 8 महीने से मानसिक रूप विक्षिप्त चल रही थी। शनिवार की रात खाना खा कर सो गई तभी रात 12 बजे के दरम्यान पति की नींद खुली तो बेनी बाई कमरे से गायब मिली। परिजनों ने उसकी खोजबीन की, सुबह उसका शव गांव से बाहर स्थित तालाब में पानी मे उतराता मिला। मृतिका का मायका मध्य प्रदेश के बासौदा में महिला के चार बच्चे है। मृतका का मायका मध्य प्रदेश के बासौदा में है। थानाध्यक्ष पाली अशोक कुमार वर्मा ने बताया शव को तालाब से निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## समय से नहीं मिला बीज जांच की उठाई मांग

**ललितपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला महामंत्री शब्बीर खां मंसूरी ने एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को भेजा है। डीएम को भेजे शिकायती पत्र में भाकियू टिकैत के महामंत्री शब्बीर खा मंसूरी ने बताया कि ब्लाक बिरधा के किसानों को मुफ्त में बांटे जाने वाला बीज (मिनी किट) जो कि सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी थीं। इस मिनी किट को फसल की बुवाई के सीजन में किसानों को वितरण किया जाना था, लेकिन बीज भण्डार इंचार्ज की उदसीनता के चलते तत्समय बीजों का वितरण नहीं किया गया। आरोप है कि अब जबकि उक्त बीज बारिश का पानी लगने से खराब होकर सड़ गया है, तो ऐसे खराब हुये बीज को अब किसानों को वितरण किया जा रहा है। बताया कि हाल ही में बारिश के कारण पूरा बीज भीग गया था, इसलिए किसानों को बुलाकर बांटा जा रहा है। यह भी आरोप लगाया कि ऐसे ही बीज की कालाबाजारी कर दी जाती होगी। उन्होंने डीएम से पूरे प्रकरण की जांच करायी जाकर सम्बन्धितों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## पुण्यतिथि पर हुआ वृहद पौधरोपण

**ललितपुर। राजस्थान** के जिला बीकानेर अंतर्गत तहसील नौखा के ग्राम सिल्वा में जन्मे गौ सेवी संत शिरोमणि गौलोकवासी ब्रह्मलीन संत श्रीदुलारामजी कुलरिया की नवमी पुण्यतिथि पर ग्राम पनारी स्थित एक महाविद्यालय परिसर में उनकी पुण्य स्मृति में वृक्षारोपण किया गया। वक्ताओं ने बताया कि गौ सेवी सन्त कुलरियाजी ने अपने जीवन काल में अनेक गौ शालायें संचालित की जो इस समय काफी मजबूत स्थिति में हैं। अनेक क्षेत्रों में समाज हित मे किये कार्य एवं योगदान को विश्वकर्मा सुथार समाज सहित सर्व समाज भी उन्हें याद करती है। इस दौरान अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे जिनमें डा.सौरभ, रज्जनलाल कुशवाहा, भानसिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न कराने को प्रशासन तैयारः डीएम

### जनपद के 8 परीक्षा केंद्रों पर 2 पालियों में संपन्न होगी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** अब एक बार फिर से जनपद में 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त 2024 को आयोजित होने वाली पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा की तैयारियों व आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सभी सेक्टर, स्टेटिक, जोनल, स्टेटिक

- जिला स्तर पर 3 कंट्रोम स्थापित कर परीक्षा पर रहेगी पैनी नजर
- सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट किये गये तैनात

मजिस्ट्रेटों एवं केंद्र व्यवस्थापकों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक की। जिलाधिकारी कहा कि जनपद में नकलविहीन, पारदर्शी, सुचितापूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है, इसके लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे, जो परीक्षा को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि वह परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर सघन भ्रमण करते रहेंगे व परीक्षा पर पैनी नजर बनाये रखेंगे, किसी भी प्रकार की जानकारी व सूचना के लिए जिला स्तर पर बने कण्ट्रोल रुम को सूचित करेंगे। उन्होंने उप जिला मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये हैं कि वह परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस व्यवस्था के साथ भ्रमणशील रहकर परीक्षा को नकलविहीन व शुचितापूर्ण सम्पन्न करायेंगे, साथ ही उप खण्डों में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रश्न पत्रों व उत्तर पुस्तिकाओं को सीसीटीवी की निगरानी व डबल लॉक में 24 घण्टे पुलिस बल की निगरानी में रखा जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा अवधि में ध्वनि विस्तारण यंत्र प्रतिबंधित रहेंगे, जिससे किसी भी परीक्षार्थी की एकाग्रता खण्डित न हो। किसी भी परेशानी की दशा में सेक्टर मजिस्ट्रेट को अवगत करायें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर किसी को भी मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी, यदि मोबाइल फोन पाया जाता है तो निश्चित रुप से कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक केन्द्र पर क्लॉक रुम बनाया जाएगा, जिसमें कर्मचारी तैनात रहेंगे। केन्द्र में प्रवेश के पूर्व सभी का वैरिफिकेशन होगा, साथ ही सघन




चैकिंग की जाएगी, इसलिए पूर्व से ही सभी इसके लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि परीक्षा में लगे सभी कार्मिकों को नो-रिलेशन सर्टिफिकेट देना होगा कि सम्बंधित केन्द्र पर उनका कोई रिश्तेदार परीक्षा नहीं दे रहा है। अपर जिलाधिकारी वि./रा. अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा हेतु जनपद में 8 केन्द्र बनाये गए हैं, जिनमें 02 पालियों में परीक्षा सम्पन्न करायी जाएगी। इन 8 केन्द्रों में नेहरु महाविद्यालय पार्ट-1, नेहरु महाविद्यालय पार्ट-2, रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, पीएन इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, राजकीय इण्टर कॉलेज, नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज व श्री वर्णी जैन इण्टर कॉलेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए जिला स्तर पर 3 कण्ट्रोल रुम बनाये जायेंगे, जहां से कड़ी नजर रखी जाएगी। परीक्षा में लगे सभी अधिकारी, कर्मचारी व अभ्यर्थी की केन्द्र में प्रवेश से पूर्व सघन तलाशी ली जाएगी, महिला कर्मियों व अभ्यर्थियों की तलाशी महिला पुलिस कर्मी द्वारा ली जाएगी। किसी को भी केन्द्र में मोबाइल फोन नहीं ले जाने दिया जाएगा। इसके साथ ही सुरक्षा एजेंसी के कार्मिक प्रश्नपत्र व ओएमआर शीट की फोटो नहीं खींचेंगे। मेडिकल इमरजेंसी के लिए प्रत्येक केन्द्र पर चिकित्सकों की टीम व एम्बुलेंस तैनात रहेगी। बैठक में एएसपी अनिल कुमार, एसडीएम सदर चन्द्रभूषण प्रताप, एसडीएम राघवेन्द्र शर्मा, एएसडीएम सानिया, डीआईओएस ओपी सिंह, सभी सेक्टर, स्टेटिक, जोनल मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिलावटखोरों के भरे नमूने



**ललितपुर।** रक्षाबंधन पर्व पर जनपदवासियों को मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाने एवं मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम लगातार छापामार कार्रवाईयों को अंजाम दे रही है। जिलाधिकारी के निर्देशन में चलाये जा रहे इस अभियान में अभिहित अधिकारी विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में विभागीय टीमों ने नगर क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में छापामार अभियान चलाया। इस दौरान कुछ दुकानदार से चुपके से निकल लिये और कुछ टीम के हत्थे

- दूध एवं मिठाईयों के भरे गये सेम्पल

चढ़ गये। जानकारी देते हुये सहायक आयुक्त खाद्य विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय कुमार श्रीवास, आर के निरंजन ने छापामार अभियान चलाया। जिसमें टीम द्वारा कस्बा बार में बस स्टैण्ड के पास से मनोहर गुप्ता की दुकान से बेसन के लड्डू एवं विनीत कुमार की दुकान से रसगुल्ला का नमूना संग्रहीत कर जांच के लिए सुरक्षित किया गया।

सहायक आयुक्त खाद्य विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि किसी भी स्तर पर जनपद में मिलावटी एवं अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री नहीं होने दी जायेगी। इसके लिए लगातार छापामार अभियान चलाये जायेंगे।

# अवशेष गेहूं जमा न करने पर महरौनी केंद्र प्रभारी पर एफआईआर

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** जिले में गेंहू खरीद पन्द्रह जून को संपन्न हो चुकी है। खाद्य एवं रसद विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर 1 अगस्त 2024 की आख्या अनुसार गेंहू क्रय केन्द्र बी-पैक्स महरौनी की कुल खरीद 102 किसानों

- गेहूं खरीद के बाद 9 जून से फरार बताया जा रहा है केन्द्र प्रभारी
- साढ़े छह लाख रुपयों से अधिक का है घोटाला
- जनपद में अब गेंहू खरीद घोटाला

से 4491 कुन्तल की खरीद हुयी है, जिसके सापेक्ष 4232.74310 कुन्तल गेंहू का सम्प्रदान (प्रेषण) भारतीय खाद्य निगम की गोदाम में कर दिया है। इसके बावजूद 258.25690 कुन्तल गेंहू का प्रेषण होना शेष है, जबकि गेंहू खरीद बंद है। यह जानकारी देते हुये पीसीएफ के जिला प्रबंधक आनन्द कुमार सिंह ने बताया कि महरौनी में संचालित बी-पैक्स गेंहू क्रय केन्द्र प्रभारी ग्राम मिदरवाहा के बढ़ई का कुआ निवासी दिनेश कुमार पुत्र श्यामलाल है। बताया कि खरीद बंद होने के पूर्व से ही पीसीएफ अधिकारियों एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा सतत लिखित व मौखिक रूप से निर्देशित करने के बावजूद भी केन्द्र प्रभारी दिनेश कुमार द्वारा अवशेष गेंहू का प्रेषण नहीं किया गया है। आरोप है कि गेंहू क्रय केन्द्र प्रभारी 9 जून से फरार चल रहे हैं और उनका मोबाइल नम्बर भी बंद आ रहा है।

जब बी-पैक्स महरौनी सचिव सहदेव सिंह ने केन्द्र प्रभारी दिनेश कुमार को नोटिस दिये तो वह उपस्थित नहीं हुये। बताया अधिकारियों ने जब उनके घर पर सम्पर्क किया तो उनके पुत्र राकेश कुमार ने भी अवगत कराया कि उनके सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं है। उच्चाधिकारियों के निदेर्शानुसार अपर जिला सहकारी अधिकारी महरौनी एवं तत्कालीन जिला प्रबंधक पीसीएफ ने क्रय केन्द्र के सचिव, अध्यक्ष, चैकीदार कमलेश कुमार व अन्य की उपस्थिति में केन्द्र प्रभारी के घर उनके पुत्र राकेश कुमार से चाबी मंगवाकर 2 जुलाई 2024 को गोदाम खोलकर वीडियोग्राफी करते हुये अवशेष गेंहू 43 कुन्तल का प्रेषण समिति सचिव सहदेव द्वारा करा दी गयी है।

पीसीएफ प्रबंधक का आरोप है कि केन्द्र प्रभारी दिनेश कुमार ने गेंहू क्रय सम्बन्धित सभी अभिलेख भी गायब कर दिये हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जो गेंहू जमा नहीं किया गया है, उसका मूल्य 6 लाख 57 हजार 491 रुपये होता है, जिसका गबन किया गया है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण में केन्द्र प्रभारी दिनेश कुमार को गबन का दोषी ठहराया है।

पुलिस ने पीसीएफ प्रबंधक की तहरीर पर बी-पैक्स महरौनी केन्द्र प्रभारी दिनेश कुमार के खिलाफ 406 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## स्वास्थ्य सेवाओं में एंबुलेस कर्मचारियों का कार्य बहुत महत्वपूर्णः सीएमओ

ललितपुर। जिले में एम्ब्युलेंस 108 व 102 कर्मचारियों के द्वारा स्वतंत्रा दिवस के पावन पर्व बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया। एम्बुलेंस सेवा के जिला प्रोग्राम मैनेजर अभिषेक सिंह भदौरिया व जिला प्रभारी सुमित पाल ने बताया कि ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की ओर से सभी एम्बुलेंस स्टॉफ को दृढ़ संकल्पित कराया गया कि जिले में एंबुलेंस की सेवा बेहतर

- एंबलेंस 108 व 102 कर्मियों ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

होनी चाहिए और सभी को अपनी ड्यूटी देश के आज सच्चे सिपाही की तरह करनी होगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. इम्तियाज अहमद ने कहा कि सभी एम्बुलेंस स्टॉफ आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को सेवाएं देकर उनकी जिंदगी बचाने का महान कार्य करते हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के साथ ही समय से अस्पताल पहुंचाते हैं। इसलिए स्वास्थ्य सेवाओं में उनका कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। मुसीबत के समय निस्वार्थ भाव से सेवाएं देकर वे समाज में बेहतरीन उदाहरण पेश कर रहे हैं।

## चोर ले उड़े लाखों का माल

**बांदा।** ओरन कस्बे के भदावल रोड ठेकेदार के घर से लाखों का माल चोरों ने पार कर दिया। मुरली कोटार्य ठेकेदार ने पुलिस चौकी ओरन में दी गई तहरीर में बताया कि बीती रात्रि सभी घर में सो रहे थे। चोरों ने घर में घुसकर कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात व 55ए000 नगदी पार कर दिया। सुबह जब घर के लोग सोकर जगे तो अलमारी खुली व सामान बिखरा हुआ पड़ा था।ज्ञात हो की नगर में आए दिन चोरियां हो रही हैं। बीते 9 अगस्त को एक ही रात में मोबाइल व किराने की दुकानों में चोरियां हुई थी व एक कपड़े की दुकान का शटर का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया गया था जिसका अभी तक खुलासा पुलिस नही कर सकी। रोज.रोज हो रही चोरियों से व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है।

# युवक की मौत को लेकर ग्रामीणों ने लगा जाम

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** नौ अगस्त को रात करीब 11 बजे युवक की मौत को लेकर गुस्साये ग्रामीणों ने बानपुर-टीकमगढ़ मार्ग पर जाम लगा दिया था, जिससे लोगों को परेशानियां हुयीं।

रात करीब 9 बजे लगाये गये जाम से परेशान वाहन चालकों को निकालने के लिए मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया था। प्रकरण को लेकर उप निरीक्षक ने 16 नामजद व तीस अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है।

बानपुर थाने में तैनात उप निरीक्षक पंकज माथुर ने बताया कि कुआगांव में रमेश लोधी पुत्र स्व.वृन्दावन की अज्ञात कारणों के चलते मृत्यु हो गयी थी। प्रकरण को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर थाने के सामने बानपुर-टीकमगढ़ मार्ग को अवरूद्ध कर लिया था। बताया कि उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंच कर देखा कि मार्ग अवरूद्ध होने के कारण कई माल व सवारी वाहनों के अलावा बच्चे, महिलायें व अन्य

- 16 नामजद व तीस अज्ञात पर उप निरीक्षक ने दर्ज कराया मामला
- बानपुर- टीकमगढ़ मार्ग जाम करने पर एफआईआर दर्ज

व्यक्ति फंसे हुये हैं। रात करीब 9 बजे की इस घटना में कुछ लोगों द्वारा एकराय होकर जानबूझ कर मार्ग को अवरूद्ध किया गया।

बताया कि आधा सैकड़ा से अधिक लोगों की उपस्थिति में हुये इस प्रकरण में कुछ नाम भी प्रकाश में आये हैं। उप निरीक्षक पंकज माथुर के अनुसार मार्ग अवरूद्ध करने वालों में कुआगांव में रहने वाले रामलखन पुत्र गोविन्द सिंह लोधी, शंकर पुत्र मूलचंद्र, मुलायम सिंह पुत्र प्यारेलाल, राघवेन्द्र सिंह पुत्र मुलायम सिंह, मंगल सिंह पुत्र मूलचंद्र, नेकपाल सिंह पुत्र वीर सिंह, वीर सिंह पुत्र स्व.सबदल सिंह, महेश सिंह पुत्र गोरेलाल, प्रकाश सिंह पुत्र पर्वत सिंह, राजेन्द्र सिंह पुत्र प्रकाश सिंह, रघुनाथ सिंह पुत्र प्रकाश, उत्तम सिंह पुत्र बल्देव सिंह, ऊदल सिंह पुत्र उत्तम सिंह, मनीराम पुत्र भार सिंह, अमोल सिंह पुत्र भागीरथ व विक्रम सिंह पुत्र निर्भय सिंह के अलावा 30 व्यक्ति अज्ञात शामिल थे। थाना बानपुर पुलिस ने नामजद व अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 285, 126 (2), 191 (2), 190 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# खोदी गयी सड़क की गुणवत्ता विहीन मरम्मत पर जताया विरोध

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** शहर में तमाम सड़कों के क्षतिग्रस्त होने तथा पेयजल के लिए खोदी गई सड़क की गुणवत्ता विहीन मरम्मत के विरोध में बुन्देलखण्ड विकास सेना ने एक मानव श्रंखला स्थानीय कंपनी बाग के सामने बनाकर

- स्टेशन रोड पर स्टेट बैंक तिराहे पर खोदी गयी सड़क से लोग परेशान

विरोध जताया। इस मौके पर शहर भर की खस्ताहाल सड़कों की दुर्दशा तथा पेयजल योजना के अन्तर्गत गोविन्दसागर बांध से आजादपुरा होते हुए तालाबपुरा को जाने वाली सड़क पर पाईपलाइन डालने के बाद मरम्मत के नाम पर खटिया सामग्री प्रयुक्त करके की गई लीपापोती पर गहरी चिन्ता और रोष व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पेयजल के लिए पाईपलाइन डालने के लिए तालाबपुरा की खूबसूरत



कंकरीट की सड़क को हठधर्मी ठेकेदार द्वारा कटर मशीन से 2-3 फुट काटने के बजाय जे सी बी से 6-7 फुट खोदकर मजबूत कंक्रीट की सड़क को लापरवाही से खोद दिया गया है जिसके कारण महीनों धूल का गुबार उड़ता रहा है तथा बाद में मरम्मत के नाम पर बेस पर्त में घटिया सामग्री का प्रयोग करके लीपापोती की गई है जिसके कारण कई जगह यह सड़क धंस गई है। आवागमन के हिसाब से महत्वपूर्ण कही जाने वाली तालाबपुरा से तुवन चैराहे की ओर जाने वाली इस सड़क पर धूल का गुबार उड़ रहा है जिससे लोग दमा, ऐलर्जी और चर्मरोग के शिकार हो रहे हैं। सड़क किनारे रह रहे नागरिकों और दुकानदारों का जीना दूभर हो रहा है। उन्होंने कहा कि गढ्डों के कारण कमरदर्द के रोगियों की संख्या में भारी इजाफा हो रहा है।

इसके अलावा लोग दुर्घटनाओं के शिकार भी हो रहे हैं। शहर की प्रमुख सड़क कही जाने वाली स्टेशन रोड जो कि निर्माण खण्ड पी.डबल्यू. डी. के अन्तर्गत आती है पर स्टेट बैंक तिराहे पर अन्डर ग्राउन्ड विद्युत केबिल डालने के नाम पर महीनों पहले सड़क को ठेकेदार द्वारा लापरवाही से खोद दिया गया था तथा काम हो जाने के उपरान्त डिवाइडर के दोनों तरफ खोदे गये गढ्डों को आज तक मरम्मत नहीं किया गया जिस कारण आये दिन दुर्घटना हो रही है औ? लोग चोटिल हो रहे हैं। इसके अलावा मजे की बात यह है इसी जगह अपर जिलाधिकारी समेत जिले के बड़े-बड़े अधिकारियों के बंगले मौजूद हैं तथा प्रदेश के मंत्रियों समेत वी.आई.पी. लोगों का आवागमन भी होता रहता है परंतु किसी के कानों में जूं तक नही रेंग रही है। ललितपुर शहर की ज्यादातर सड़कें क्षतिग्रस्त होकर बड़े बड़े गढ्ढों में तब्दील हो गई है आगे आने वाले समय में हिन्दू धर्म और जैन धर्म के कई महत्वपूर्ण त्योहार आने वाले हैं।

इन महत्वपूर्ण त्योहारों के पहले ललितपुर की समस्त सड़कों को दुरुस्त किया जाये। मानव श्रंखला के समय राजकुमार कुशवाहा, कदीर खान, फूलचंद रजक, प्रेमशंकर गुप्ता, अमरसिंह बुन्देला, विनोद साहू, मगन सोनी, बी.डी.चन्देल, पुष्पेन्द्र शर्मा, प्रदीप, विनोद चन्देल, भैय्यन कुशवाहा, गफूर खां, प्रदीप साहू, रविनारायण, विजय कुशवाहा, राजीव साहू, देवेन्द्र राजा, अरुण, शाहिद खान, खुशाल बरार, संजू राजा, नंदराम कुशवाहा, प्रमोद धानुक, प्रकाश रैकवार, कामता प्रसाद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## स्वतंत्र पत्रकार समिति की जिला कार्यकारिणी गठित



**महोबा।** रविवार के दिन स्वतंत्र पत्रकार समिति (रजिस्टर्ड) की एक बैठक का आयोजन नवीन गल्ला मंडी स्थित स्वतंत्र पत्रकार समिति के कार्यालय में किया गया। इस मौके पर पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए समिति की नई कार्यकारिणी का गठन प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अभिषेक सक्सेना व महामंत्री रमन दीक्षित की संस्तुति पर किया गया। उपस्थित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों ने सर्वसम्मति से राजू गुप्ता को जिलाध्यक्ष, मनोज सक्सेना को वरिष्ठ महामंत्री, कपिल कश्यप को महामंत्री, सुरेश विश्वकर्मा को मीडिया प्रभारी बनाया तथा जनपद एवं अन्य ब्लाकों की कार्यकारिणी के गठन हेतु जिलाध्यक्ष को अधिकृत किया गया। इस मौके पर भगवती प्रसाद सोनी, नितिन नामदेव, बिहारी लाल गाडगे, नारायण सिंह, कमलेश द्विवेदी, रोहित चौबे, पंकज द्विवेदी, कबरई तहसील अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, हेमंत कुमार, राजकुमार राजा, सत्यम तिवारी, प्रदीप भदोरिया, मुकेश नायक, जतन सिंह, देवीदीन, आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

## शोभायात्रा के दौरान आने-जाने के मार्ग में रहेगा परिवर्तन

**महोबा।** ऐतिहासिक कजली मेले में निकलने वाले जुलूस के दौरान आमजनमानस की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आने-जाने के लिए मार्ग परिवर्तन किया गया है। चरखारी की तरफ से आने वाले वाहन जो कुलपहाड़/पुलिस लाइन महोबा की तरफ जाने वाले है, वह बजरिया चौकी से डायवर्ट होकर बीएसएनएल ऑफिस से होते हुए रामनगर तिराहा से होकर जायेंगे। इसी प्रकार कुलपहाड़ से आने वाले वाहन जिन्हें चरखारी जाना है, वह बीएसएनएल ऑफिस से होते हुए बजरिया चौकी होकर जायेंगे। कुलपहाड़ की तरफ से आने वाले वाहन जो बांदा/कबरई की तरफ जाने वाले वाहन रामनगर तिराहा से पुलिस लाइन महोबा होते हुए कानपुर-सागर हाईवे से होकर जायेंगे। दिनांक 20 अगस्त 2024 को ऐतिहासिक कजली मेला शोभा यात्रा के दिन परमानंद तिराहे, सुभाष चौकी, राठ चुंगी तथा बिलवई चुंगी से झलकारी बाई की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए रास्ता बंद रहेगा।

## बोस की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**बांदा।** जिला कांग्रेस कार्यालय मे अमर शहीद सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा मे जिला अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने आजाद हिन्द फौज के जूनून भर देने वाले वाक्य को तुम मुझे खून दोए मै तुम्हें आजादी दूगांश याद किया। शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने कहा कि बोस जी का जय हिंद नारा राष्ट्रीय नारा बन चुका है। जिला महामंत्री सत्य प्रकाश द्दवेदी ने बताया वर्ष 1941 को बोस जी ने बांदा आ कर भारत की स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारियों में जोश भरा था। इस अवसर पर संजय द्विवेदीए बी लालए डा के पी सेनए काली चरण निगमए अशोक वर्धन कर्णए पप्पू रम्पाए नाथू राम सेनए कार्यालय मंत्री शिव बली सिंहए इस्लाम व बड़ी संख्या मे कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## वीर आल्हा फाइटर्स योद्धा संडे सुपर लीग के फाइनल में



**बांदा।** शहर के राजकीय इण्टर कॉलेज मैदान में रविवार को खेले गए पहले प्ले ऑफ मैच में वीरआल्हा फाइटर्स ने टॉस जीत कर लाला हरदौल रॉयल किंग्स को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। लाला हरदौल निर्धारित 12 ओवर के मैच में सभी विकेट खोकर 74 रन ही बना सकी। सर्वाधिक रनों का योगदान शरवन 17 का रहा। वही आल्हा फाइटर्स के गेंदबाज धोनी ने 4 विकेट प्राप्त किये। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए वीर आल्हा फाइटर्स ने 11ण्2 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को प्राप्त करते हुए बुन्देलखण्ड योद्धा संडे सुपर लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। वीर आल्हा फाइटर्स के खिलाडी धोनी को उनके आलराउंडर प्रदर्शन 21 रन एवं 4 विकेट के लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से नवाजा गया। मैच के दौरान कमेटी सदस्यए वरिष्ठ खिलाड़ी एवं भारी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

## छात्र की बाइक महाविद्यालय से चोरी

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए गये छात्र की मोटर साइकिल अज्ञात चोरों द्वारा महाविद्यालय परिसर से ही चोरी हो गयी। घटना की सूचना पीड़ित ने पुलिस को दी है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम खिरिया छतारा निवासी इन्द्रभान सिंह यादव पुत्र हरीसिंह ने कोतवाली पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि बीती 14 अगस्त को अपराह्न करीब 3 बजे वह अपना प्रवेश लेने के लिए मुख्यालय स्थित नेहरू महाविद्यालय आया हुआ था। बताया कि उसने अपनी पल्सर मोटरसाइकिल संख्या यू.पी.94 ए.सी. 1817 को महाविद्यालय के गेट संख्या 2 पर खड़ी कर दी और अंदर चला गया। बताया कि करीब ड़ेढ़ घण्टे बाद 4.30 बजे जब वह वापस आया तो उसकी मोटरसाइकिल मौके से गायब थी, उसने काफी खोजबीन की, लेकिन गाड़ी का पता नहीं चला। उसने बताया कि उसकी मोटर साइकिल उसके बड़े भाई रोहित यादव के नाम से पंजीकृत है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## डीएम ने राज्य सूचना आयुक्त को भेंट की ओडीओपी कलाकृति

**बहराइच।** शनिवार को देरशाम जन सूचना अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने स्मृति चिन्ह के रूप में राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री को स्मृति एक जनपद-एक उत्पाद योजना के तहत हस्तनिर्मित कलाकृति भेंट की। डीएम ने राज्य सूचना आयुक्त को बताया कि कृषि प्रधान आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप ह्यह्यएक जनपद-एक उत्पादह्णह्ण योजना को निरन्तर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। डीएम ने यह भी बताया कि केला उत्पादन मे बहराइच प्रदेश के अग्रणी जनपदों में शामिल है। जिले में केले के तने से आकर्षक कलाकृतियों का निर्माण भी किया जा रहा है। जिससे लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार मिल रहा है। राज्य सूचना आयुक्त ने डीएम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहाकि अधिक से अधिक लोगों को हुनरमन्द बनाकर उन्हें स्वावलम्बी बनाया जाय।

# कोलकाता का निर्भया कांड

सर्वोच्च अदालत के स्वतः संज्ञान लेने, कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा त्वरित एक्शन लेते हुए मामला सीबीआई को सौंपने और देशभर से गम व गुस्से के इजहार के बाद 'कोलकाता के निर्भया कांड' के पीड़ितों और गम व गुस्से से उबल रहे देशवासियों को न्याय की उम्मीद बंधी है। लेकिन अपनी तरफ से राज्य प्रशासन और आरजीकर मेडिकल कालेज ने इस जघन्य अपराध को दबाने, छिपाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी थी। यह देश का दुर्भाग्य है कि जिन्हें हम 'जीवन-रक्षक' मानते हैं, धरती का भगवान भी कहते हैं, ऐसी ही एक महिला डॉक्टर के साथ बर्बर बलात्कार और जघन्य हत्या का सैतानी तांडव किया गया। उनके साथी डॉक्टर ही नहीं, देश भर के डॉक्टरों का रोष और आंदोलन अब भी जारी है। करीब 3-4 लाख चिकित्सक देश भर में विरोध-प्रदर्शन को बाध्य किए गए हैं, लिहाजा अपने दायित्व को भी पीछे छोड़ कर वे अपने अस्तित्व और सुरक्षा की लड़ाई लड़ रहे हैं। देश में महिला डॉक्टर और नर्स, अस्पताल के परिसर में होने के बावजूद, सुरक्षित नहीं हैं। इस जघन्य कांड को अंजाम देने वाले इनसान नहीं हो सकते, बल्कि मानवीय मुखौटे में राक्षस हैं।



**महिलाओं के लिए घर, बाहर और कार्यस्थलों पर सुरक्षित वातावरण बनाना है तो कठोर और त्वरित दंड देना जरूरी है।**

कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का यह मामला एक और दिल्ली के 'निर्भया कांड' जैसा ही जघन्य है। महिला डॉक्टर की आंखों में उसके चश्मे का शीशा घुस गया, क्योंकि राक्षसों ने चश्मे पर भी वार किया था। डॉक्टर के प्राइवेट पार्ट और छाती पर काफी गहरी चोट के निशान मिले हैं। सिर दीवार पर मारा गया और हत्या गला दबा कर की गई। ये पोस्टमॉर्टम के संक्षिप्त निष्कर्ष हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से जांच सीबीआई को सौंप दी गई है, लेकिन मामला आईने की तरह सब कुछ बयां कर रहा है, ऐसे दानव को सिर्फ फांसी होनी चाहिए। मामला किसी दूरस्त गांव या फिर नाबालिग का नहीं है, जिसमें बहुस्तरीय जांच की जरूरत है, यह वीभत्स दुष्कर्म अस्पताल के सेमिनार रूम में किया गया, जहां 36 घंटे की लंबी ड्यूटी के बाद महिला डॉक्टर आराम करने या सोने गई थी। इस व्यवस्था पर भी सवाल होने चाहिए कि अस्पताल में सोने की समुचित व्यवस्था क्यों नहीं की गई थी? दरअसल सुरक्षा बंदोबस्त और उनके कारगर होने के बीच बहुत अंतर है, इस केस से यह भी साबित हो गया। सवाल पुलिस की भूमिका पर भी उठाए जा रहे हैं, जिसने ऐसे बलात्कारी को वॉलंटियर बना रखा है। दुष्कर्म की घटना के 5 दिन बाद तक भी पुलिस किसी शुरूआती निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाई थी, लिहाजा अदालत ने जांच सीबीआई को सौंप दी। देश की राजधानी दिल्ली में जब 16 दिसंबर, 2012 की गहरी रात में निर्भया कांड किया गया था और उसके बाद यौन हमलों, शोषण और उत्पीड़न को लेकर नया कानून बनाया गया था, देश और संसद में हंगामा मचा था। तब कुछ सुकून महसूस हुआ था कि अब दरिंदगी कमोबेश कम होगी, लेकिन सब गलत साबित हुआ और आज तक महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पायी है। बलात्कार और हत्याएं तो आज भी देश भर में होती हैं। यह डॉक्टर का और वह भी अस्पताल के भीतर का मामला है, लिहाजा ज्यादा गंभीर और संवेदनशील है। कोलकाता से लेकर मुंबई तक महिला डॉक्टरों के साथ जघन्य अपराधों के मामले सामने आते रहे हैं। गंभीर चिंता और सरोकार का मुद्दा है कि यह है कि वहशीपन कब समाप्त होगा? समाज और देश मनोविकृतियों के बीमार हैं क्या? केंद्र सरकार ने निर्भया फंड बनाया था। मौजूदा बजट में 100 फीसदी आवंटन बढ़ाया गया है, लेकिन 2013-22 का पूरा डाटा निराश करता है, क्योंकि 50 फीसदी से भी कम बजट खर्च किया गया है। ऐसा लगता है कि देश महिला सुरक्षा के प्रति गंभीर ही नहीं है। महिलाओं के लिए घर, बाहर और कार्यस्थलों पर अगर सुरक्षित वातावरण बनाना है, तो पुख्ता कानून, सुरक्षा के इंतजाम और कठोर व त्वरित दंड की व्यवस्था लागू करनी होगी।

## विचार

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

-संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

-जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।

-चाणक्य.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

-फ्रेंकलिन.

# हरियाणा, जम्मू-कश्मीर में चुनाव का एलान



लोकमित्र गौतम

**महाराष्ट्र में कांटे का मुकाबला संभावित है। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद जिस तरह उद्धव ठाकरे ने प्रदेश में घूम घूमकर माहौल बनाया है, उससे विधानसभा चुनावों को लेकर महा विकास आघाड़ी को बड़ी उम्मीद है, लेकिन चुनाव की घोषणा न होने से सत्तारूढ़ गठबंधन को अपनी तैयारियों के लिए और समय मिल गया है।**

लोकसभा चुनावों के बाद से ही यह चर्चा आम रही है कि जल्द ही चार राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे। यही वजह है कि 16 अगस्त 2024 को जब सुबह 10 बजे केन्द्रीय चुनाव आयोग से यह खबर आयी कि दिन में तीन बजे आयोग आगामी विधानसभा चुनावों की घोषणा करेगा तो मीडिया के लोग आंख मूंदकर मान रहे थे कि महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनावों की दिन में तीन बजे घोषणा होने वाली है। इसीलिए विभिन्न अखबारों और न्यूज चैनल ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफोर्म में विधानसभा चुनावों से संबंधित जो खबरें फ्लैश कीं, अमूमन उसमें चार राज्यों की चुनावी तारीखों की घोषणा की ही बात थी। मगर शाम तीन बजे जब चुनाव आयोग ने सचमुच घोषणा की तो ये चार राज्यों की जगह सिर्फ दो राज्यों जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के विधानसभा चुनावों की ही घोषणा थी।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा जम्मू-कश्मीर में 3 फेज में, 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर 2024 को वोट डाले जाएंगे, जबकि हरियाणा में एक फेज में 1 अक्टूबर 2024 को मतदान होगा। जबकि दोनों राज्यों के नतीजे 4 अक्टूबर को आएंगे। जाहिर है इस घोषणा के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से पत्रकारों के इस सवाल की बौछार होनी ही थी कि चार की जगह सिर्फ दो राज्यों में चुनाव की घोषणा क्यों? यह सवाल इसलिए भी सबकी जुबान में बिना सोचे चला आया, क्योंकि एक ही दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले की प्राचीर से एक बार फिर 'एक देश एक चुनाव' की जरूरत पर बल दिया था। ऐसे में पत्रकारों की यह सहज जिज्ञासा थी कि अगर सरकार पूरे देश में एक साथ चुनाव की मंशा रखती है, तो फिर चार राज्यों में एक साथ चुनाव क्यों नहीं? जाहिर है मुख्य चुनाव आयुक्त इस संभावित सवाल का होमवर्क करके आये थे। उन्होंने कहा- महाराष्ट्र में विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर 2024 तक है, जबकि हरियाणा में यह 3 नवंबर 2024 तक ही है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में मानसून अभी भी सक्रिय है और राज्य के कई हिस्से बाढ़ से भी प्रभावित हैं, इसलिए चुनाव कराने का रिस्क अभी नहीं लिया जा सकता है। इन



दो कारणों के अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह भी कहा कि राज्य में गणेश चतुर्थी और दिवाली जैसे बड़े त्योहार आ रहे हैं, इसलिए भी एक साथ से बचा गया है। हालांकि यह कारण प्रभावशाली नहीं था, क्योंकि गणपति, दिवाली, नवरात्री ये त्यौहार तो दूसरे राज्यों में भी आयेंगे ही। कुल मिलाकर कहना होगा कि न तो प्रेस के और न ही विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के ही हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के साथ महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव न कराने की दलील गले के नीचे उतरी। विपक्षी पार्टियों ने साफ कहा कि महाराष्ट्र में विधानसभा की 288 सीटें हैं, जहां सरकार बनाने के लिए किसी भी दल या गठबंधन को कम से कम 145 सीटों पर जीतना जरूरी है, चूंकि महाराष्ट्र में मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं है, इसलिए चुनाव आयोग ने उसकी सहूलियत के लिए उसे कुछ दिनों का और अतिरिक्त समय दिया है।

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा न होने से चुनाव आयोग पर उठे सवाल।**

हो सकता है सचमुच आयोग की दूर दूर तक ऐसी कोई मंशा न हो, लेकिन जिस तरह पिछली तीन बार 2009, 2014 और 2019 से हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव एक साथ हो रहे थे, उसे देखते हुए दोनों विधानसभाओं के कार्यकाल खत्म होने में महज 23 दिनों का फासला अलग-अलग चुनावों का कोई ठोस और वाजिब बहाना नहीं लगते। हां, झारखंड का माना जा सकता है, क्योंकि वहां विधानसभा का कार्यकाल जनवरी 2025 में खत्म होने जा रहा है, साथ ही वहां के मौजूदा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन काफी दिनों तक जेल काटकर आये हैं, इसलिए उन्हें फिर से सत्ता संचालन की सहज गति पकड़ने के लिए कुछ समय चाहिए, जो कि उनके पास वैधानिक रूप से है, तो भला वो पहले चुनावों के लिए क्यों राजी होंगे? लेकिन जहां तक महाराष्ट्र की बात है तो आयोग जबरदस्ती तकनीकी कारण ढूंढ रहा है। शायद यही वजह है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) और कांग्रेस ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है कि त्योहार और मौसम तो पहले भी महाराष्ट्र में ऐसे ही आया करते थे, लेकिन पहले चुनाव आगे नहीं किये जाते थे? शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने भी चुनाव आयोग के इस तर्क पर निशाना साधा है। आदित्य ठाकरे ने इस पर कहा, 'एक राष्ट्र-एक चुनाव की बात करने वालों पर आयोग ने नमक छिड़क दिया है।' सोशल मीडिया में पोस्ट करके आदित्य ने कहा है कि आयोग ने जो कारण बताए हैं, वो शर्मनाक हैं। महाराष्ट्र में सभी विपक्षी नेताओं का एक स्वर में कहना है कि महाराष्ट्र में लोकसभा में हार के बाद से ही सरकार डैमेज कंट्रोल में जुटी हुई है। इसीलिये हर दिन नई-नई स्कीम्स की घोषणाएं की जा रही हैं।

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश सरकार की तर्ज पर महाराष्ट्र सरकार ने भी हाल ही में लाडली-बहना स्कीम की घोषणा की है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन इस स्कीम के जरिये महिला मतदाताओं को साधने की कोशिश कर रहा है। अब तक इस स्कीम के तहत महिलाओं के बैंक खाते में नकदी की एक-दो किस्तें आ भी चुकी हैं। ऐसे में सत्तापक्ष वास्तव में चाहता है कि चुनावों पर जाने के पहले महिलाओं के खाते में एक-दो किश्तें और आ जायें। जिससे कि सरकार के प्रति लोगों की नाराजगी को कम किया जा सके। लेकिन विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के मुताबिक ही नहीं बल्कि स्वतंत्र राजनीतिक विश्लेषकों का भी मानना है कि महाराष्ट्र में एंटी इनकंबैंसी का जबर्दस्त वातावरण है, जिसे इन झुनझुनों से बदला नहीं जा सकता। दरअसल इसी साल अप्रैल-मई में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में एनडीए की करारी हार हुई थी। प्रदेश की कुल 48 लोकसभा सीटों में से महाविकास अघाड़ी के विभिन्न दलों को 29 सीटों पर कामयाबी मिली थी, जबकि एनडीए को 17 सीटों पर ही सफलता मिल सकी थी। हालांकि चुनाव में महाविकास अघाडी और महायुति यानी एनडीए के वोट प्रतिशत में कोई ज्यादा फर्क नहीं था।

महाविकास अघाड़ी को जहां 43.7 प्रतिशत मत मिले थे, वहीं महायुति का वोट प्रतिशत 43.5 था। लेकिन विधानसभा सीटों के नजरिये से देखें तो महाविकास अघाड़ी को प्रदेश की 288 विधानसभा सीटों में से 154 सीटों पर जीत या बढ़त हासिल हुई थी। अगर इसकी अलग अलग पार्टियों को विधानसभा सीटों पर मिली बढ़त की नजर से देखें तो सबसे ज्यादा कांग्रेस को 63, शिवसेना (यूबीटी) को 57 और एनसीपी (शरद) को 34 सीटों पर बढ़त मिली थी। जबकि महायुति में शामिल भाजपा को 80, शिवसेना (शिंदे) को 37 और अजित पवार की एनसीपी को सिर्फ 6 सीटों पर और कुल मिलाकर 127 विधानसभा सीटों पर ही एनडीए गठबंधन की पार्टियों को जीत या बढ़त मिली थी। इस तरह देखा जाये तो किसी हद तक कांटे का मुकाबला है। लोकसभा चुनावों के नतीजों के बाद जिस तरह से उद्धव ठाकरे ने प्रदेश में घूम घूमकर माहौल बनाया है, उससे विधानसभा चुनावों को लेकर महा विकास आघाड़ी को बड़ी उम्मीद है, लेकिन चुनाव की घोषणा न होने से सत्तारूढ़ गठबंधन को अपनी तैयारियों के लिए और समय मिल गया है।

## सोशल मीडिया



आज भोपाल स्थित निवास पर प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भोपाल की क्षेत्र प्रमुख अवधेश दीदी ने रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामना दी। शिवराज सिंह चौहान.



नारी, महिला, स्त्री या बहन, बेटी, बहू चाहे जो कह लें इनमें एक बात समान है कि बड़े-बड़े दावों के बीच भी इनके लिए भयमुक्त स्वतंत्र वातावरण नहीं बन पा रहा है। अखिलेश यादव.



कानपुर में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयोजित तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हो कर गौरवान्वित हूं, पी.एम. का संकल्प हर घर तिरंगा जनांदोलन बन गया है। केशव प्रसाद मौर्य.

# अमन शेहरावत, जिनके लिए कुश्ती ही जीवन है



खेल जगत

सारिम अन्ना

अगर एक साल के भीतर अलग अलग कारणों व बीमारियों के चलते एक 11-साल के बच्चे के दोनों माता व पिता का निधन हो जाये, वह यतीम हो जाये, तो उस बच्चे पर क्या गुजरती है? इसे शब्दों में व्यक्त करना असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है। मानसिक समस्याओं से जूझ रही मां कमलेश ने 2013 में आत्महत्या कर ली थी और इसके कुछ माह बाद पिता सोमवीर का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। स्थिति उस समय अधिक विकट हो जाती है जब उसे आश्रय देने वाले उसके परिवार के अन्य सदस्यों का आर्थिक हाल यह हो कि उनके घर में बिजली जैसी बुनियादी सुविधा भी मौजूद न हो, जबकि हरियाणा के जिला झज्जर में उनका गांव बिरोहर शहर से अधिक फासले पर नहीं है। इस पृष्ठभूमि में बालक अमन शेहरावत की तबीयत में खामोशी का आना स्वाभाविक था। वह चुप और उदास रहने लगा। वह दिनभर रोता रहता और उसने खाना-पीना भी छोड़ दिया था। अमन का दिल बहलाने के लिए उसके कुश्ती के शौकीन ताऊ सुधीर शेहरावत उसे गांव के पास ही बने दधीच आश्रम ले जाया करते थे, जहां पहलवानी के लिए मिट्टी का अखाड़ा बना हुआ था।

अमन भी वहां कुश्ती करने लगा। अमन को कुश्ती में दिलचस्पी लेते हुए देख, सुधीर ने यही बेहतर समझा कि उसे छत्रसाल अखाड़े में भर्ती करा दिया जाये। यह लगभग आठ वर्ष पुरानी बात है। दिल्ली का छत्रसाल अखाड़ा पहलवानों का पालना है, जिसने देश को सुशील कुमार (बीजिंग 2008 कांस्य, लंदन 2012 रजत), योगेश्वर दत्त (लंदन 2012 कांस्य), रवि कुमार दहिया (टोक्यो 2020 रजत) व बजरंग पुनिया (टोक्यो 2020 कांस्य) जैसे ओलंपिक पदक विजेता प्रदान किये हैं। दिल्ली के मॉडल टाउन में स्थित छत्रसाल स्टेडियम के भीतर छत्रसाल अखाड़े की स्थापना 1988 में सतपाल सिंह, गुरु रामपाल मान व प्रदीप शर्मा ने की थी, जिसके पीछे उद्देश्य यह था कि ओलंपिक पदक पाने का जो इनका अपना सपना अधूरा रह गया था, उसे अपने द्वारा ट्रेन किये गये पहलवानों से साकार कराया जा सके। इस माहौल में अमन का जी लगना ही था। चूंकि अमन के लिए कुश्ती ही जीवन है, इसलिए छत्रसाल अखाड़े में उन्हें लगा जैसे उन्हें अपना परिवार मिल गया है। अगस्त 2021 में टोक्यो से रजत पदक जीतकर लौटे रवि दहिया के स्वागत के लिए छत्रसाल अखाड़े में रेड कारपेट बिछाया गया था, जश्न का वातावरण था, रवि के पदक को लगभग 200 उभरते हुए पहलवानों में बारी बारी से घुमाया जा रहा था, जिनमें दो बार के कैडेट वर्ल्ड चैंपियनशिप्स के कांस्य पदक विजेता और 2019 के एशियन कैडेट चैंपियन अमन भी थे। रवि का पदक जब अमन के पास तक पहुंचा, लेकिन अमन ने पदक को अपने हाथ में पकड़ने से मना कर दिया, यह मेरा पदक नहीं है। मैं ओलंपिक पदक को तभी अपने हाथ में लूंगा जब मैंने उसे जीता होगा। अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन अमन का यह पुख्ता इरादा पेरिस में 9 अगस्त 2024 को उस समय पूरा हो गया जब उन्होंने 57-किलो फ्रीस्टाइल (पुरुष) के कांस्य पदक प्ले-ऑफ में प्यूरेटिरिको के दारियन क्रूज को 13-5 से पराजित किया। अमन ओलंपिक पदक जीतने वाले सबसे कम आयु के भारतीय हैं। उन्होंने यह कारनामा मात्र 21-वर्ष, 24 दिन की आयु में करके दिखाया है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि यह तो अभी सिर्फ.शुरूआत है, आगे इससे बड़ी उपलब्धियां देखने को मिल सकती हैं, विशेषकर इसलिए भी कि अमन का ओढ़ना-बिछौना कुश्ती ही है। आपको सुनकर हैरत होगी कि कुश्ती प्रतियोगिताओं के सिलसिले में अमन दुनियाभर के देशों में जा चुके हैं, लेकिन उन्होंने सिर्फ.एयरपोर्ट से अखाड़े तक के ही मंजर देखे हैं। अब ओलंपिक कांस्य पदक जीतने के बाद अमन बद्रीनाथ जाने की इच्छा रखते हैं।

छत्रसाल अखाड़े के सफल पहलवानों की सूची में अपना नाम दर्ज कराने वाले अमन का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सीनियर वर्ग में यह पांचवां पदक है। भारत के पुरुष पहलवानों में से पेरिस 2024 के लिए केवल अमन ने ही क्वालीफाई किया था। छत्रसाल अखाड़े के वरिष्ठ कोच धर्मेन्द्र वत्स का कहना है, अमन हमेशा से ही बहुत अनुशासित पहलवान रहे हैं, बहुत खामोश व शर्मीले और हमेशा कुश्ती पर अपना फोकस बनाये रखते हैं। छत्रसाल में आज तक उनका किसी से झगड़ा नहीं हुआ है। उनका रूटीन केवल इतना है 'ट्रेनिंग करो, सही से खाओ और सो जाओ।'

# बुराइयों का कुचक्र

वासनाएं इंसान के लिए ऐसा इन्द्रधनुषी चक्रब्यूह रचती हैं जिससे निकलना आसान नहीं होता है। ये हम अपनी ओर आकर्षित करती हैं, हमारे संकल्पों को कमजोर करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

अंतर्दृष्टि

# काम न आयी साहित्य सेवा

व्यंग्यलोक

बीमार तो मैं भी हुआ था, वह भी घनघोर रूप से। सरकारी अस्पताल में दिखाया तो डॉक्टर ने कमीशन के कैप्सूल दिये, जिससे मेरे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और हारकर मुझे एक प्राइवेट अस्पताल की शरण में जाना पड़ा। वहाँ का डॉक्टर बहुत भला था, डेढ़ इंच मुस्कान उसके होंठों पर स्थायी रूप से चिपकी हुई थी, उसकी उसी मुसकान से मेरा आर्थिक कत्ल हुआ। मैंने अस्पताल में बताया कि मैं एक साहित्यकार हूँ, इसलिए इसके बदले आप कुछ कंसीडर कर सकते हैं तो अवश्य करें, परन्तु अस्पताल के डॉक्टर की मुस्कान मुझे साहित्यकार जानकर हंसी में बदल गई। उसी हंसी के बीच उसने मुझसे कहा भी कि वे अच्छा ट्रीटमेंट देंगे। मैंने अपनी बीमारी की बात मीडिया में फैलानी चाही तो मुझे कोई प्रवक्ता नहीं मिला। जो लोग मेरा हाल-चाल पूछने आ रहे थे, उनसे भी कहा कि साहित्य अकादमी तक मेरी बीमारी की खबर पहुंचाओ, लेकिन परिणाम निकला ढ़ाक के तीन पात। चूंकि मैं गंभीर रूप से बीमार था तो शुरू में आई.सी.यू. में रखा गया। लेकिन वह आई.सी.यू. क्या था, हर ऐरा गैरा नत्थू खैरा उसमें धडल्ले से घुस आता था वैसे कोई ज्यादा भीड़-भाड़ नहीं थी, बस चंद पड़ोसी और रिश्तेदार एक बार औपचारिकता पूरी कर अन्तर्ध्यान हो गये थे। साहित्यकार ज्यादा नहीं आये, उसकी वजह थी खेमेबाजी। हालांकि मैं किसी खेमे में नहीं था।



पूरन सरमा

डॉक्टर ने ही आठ दिन बाद बताया कि पेट में जो दर्द है, वह अयेंडेसाइटिस का है। इसलिए आपरेशन करना होगा। मैं क्या करता, मजबूर था। पत्नी से सलाह की, वह बेचारी बेहाल थी और चिंतित भी। बोली-घ्घबराओ मत, मेरे गहने कब काम आयेंगे, आपरेशन तो कराना ही है। डॉक्टर ने रातों-रात हजारों रुपए लेकर मेरा आपरेशन कर दिया। मेरे स्वास्थ्य बुलेटिन की चिंता न अस्पताल को थी और न जनता को इसकी आवश्यकता। इसलिए यहां भी मेरी तीस साल की साहित्य सेवा कोई काम नहीं आई। परिचर्चा के लिए पत्नी, बेटा और दो अदद बेटियाँ करती रहीं सारी भाग-दौड़। उधर अस्पताल प्रशासन हर तीसरे दिन हजार दो हजार मांग लेता वह अलग। दवायें बाजार से आ रही थीं। डॉक्टरों के हर राउंड की फीस अलग थी। लेकिन यह सब मेरी पहुंच के बाहर था। मैं बिस्तर पर पड़ा अक्सर यही सोचा करता कि गरीबी कितना बड़ा अभिशाप है। थोड़ा ठीक हुआ तो मुझे जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया, जहाँ पूरा हॉल शोर-शराबे की चपेट में था। परन्तु मैंने आर्थिक भार की कमी को ध्यान में रखकर राहत की साँस ली। मेरे लिए प्रार्थना और दुआ मांगने वाले भी मेरे परिवारजन ही थे। इस मुफ्त के काम में भी साहित्य सेवा और देश कोई काम नहीं आया।

## आप की बात

### सामाजिक बदलाव

भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैंकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा। अगर अच्छी शिक्षा लोगों को मिलेगी तो लोग अपने आप आगे निकल जायेंगे और बहुत सारी कमियां पीछे छूट जायेंगी। इसलिए शिक्षा पर फोकस करना जरूरी है। देश आज अगर अनेक तरह की चुनौतियों का सामना कर रहा है तो इसके पीछे खराब शिक्षा व्यवस्था भी है। इसलिए शिक्षा पर फोकस बढ़ाकर देश में गरीबी, बरोजगारी और कुपोषण जैसी चुनौतियों का समाधान करना चाहिए। क्योंकि शिक्षा से ही अनेक समस्याओं का समाधान हो जायेगा।

**प्रेम कुमार शुक्ल, लखनऊ.**

### हरित ऊर्जा की जरूरत

भारत की ऊर्जा आत्म निर्भरता और प्रदूषण रहित ऊर्जा के लिए हरित ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ना और तेज गति से बढ़ना जरूरी है। सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## मेटलमैन ने दाखिल किया डीआरएचपी

नई दिल्ली। मेटलमैन ऑटो लिमिटेड (मेटलमैन या कंपनी) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (₹डीआरएचपी₹) दाखिल किया है। कंपनी ऑटोमोटिव और गैर-ऑटोमोटिव क्षेत्रों में मूल उपकरण निमार्ताओं (ओईएम) के लिए शीट मेटल, ट्यूबलर फैब्रिकेशन, मेटल फिनिशिंग और घटकों की असेंबली के लिए वन स्टॉप शॉप है। कंपनी इक्विटी शेयर कैपिटल (अंकित मूल्य रुपये 2 प्रत्येक) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है, जिसमें 3,500 मिलियन [रुपये 350 करोड़] तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश निर्गम है। साथ ही, विक्रय शेयरधारकों द्वारा 12,636,162 इक्विटी शेयरों की ऑफर फॉर सेल शामिल है ('कुल निर्गम आकार') रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (₹बीएसई₹) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है ('सूचीबद्धता विवरण')।

## ओपीजी गेमिंग स्टोर लॉन्च

लखनऊ। सिग्मा आईटी सुपर स्टोर प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ ने लालबाग में उत्तर प्रदेश का पहला एचपी ओमेन प्ले ग्राउंड ओपीजी गेमिंग स्टोर खोला। इसका उद्घाटन डा. दिनेश शर्मा, पूर्व उपमुख्यमंत्री और संसद सदस्य राज्यसभा द्वारा किया गया। सिग्मा आईटी सुपर स्टोर पिछले 30 वर्षो से अधिक समय से आईटी और मोबिलिटी के क्षेत्र में लखनऊ और आसपास के शहरों में अपनी सेवाएं दे रहा है। लालबाग, पत्रकारपुरम, वेव मॉल, पलासियो मॉल, लुलु मॉल, आशियाना और शालीमार मॉल में अपने अधिकृत खुदरा दुकानों के माध्यम से एचपी, लेनोवो, आसुस, डेल, एमएसआई और सैमसंग जैसे शीर्ष ब्रांडों के साथ जुड़ा हुआ है। सिग्मा अपने ग्राहकों को पूरी ईमानदारी के साथ विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी और अत्याधुनिक उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## फ्रेंड्स एडल्ट डायपर्स ने मनाई रजत जयंती

नई दिल्ली। फ्रेंड्स एडल्ट डायपर्स ने अपने सालाना ह्यआजादी वीक सेलिब्रेशनह्ण की शुरूआत का एलान किया है। इस साल कंपनी अपनी रजत जयंती भी मना रही है। 1999 में जब ब्रांड ने शुरूआत की थी, तब केमिस्ट इस प्रोडक्ट को रखने से मना कर दिया करते थे। वहीं आज 1 लाख से ज्यादा केमिस्ट और 2 लाख जनरल स्टोर्स पर यह ब्रांड उपलब्ध है। इस सफर में कंपनी ने बहुत सी चुनौतियों को पार किया है। अपनी रजत जयंती के मौके पर फ्रेंड्स ने अपने सर्वाधिक बिकने वाले उत्पादों की एमआरपी में बड़ी कटौती की है। इस अभियान का लक्ष्य एडल्ट डायपर्स से जुड़ी दो पूर्वाग्रहों को दूर करना है। पहला, इनकॉन्टिनेंस के प्रति भेदभाव और दूसरा, यह धारणा कि एडल्ट डायपर्स बहुत महंगे होते हैं। गर्व के साथ डायपर्स पहनने के लिए प्रेरित करते हुए और डायपर्स के बारे में खुलकर बात करते हुए हमने इस मामले में भेदभाव को खत्म करने की अपनी लड़ाई के 25 साल पूरे किए हैं। उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा लोगों की पहुंच में लाने के लिए हमने कीमतें करीब आधी कर दी हैं।

## 70 मेगावाट सोलर पावर का शुभारंभ

बांदा। सीएम योगी ने बांदा में स्थापित 70 मेगावाट के अवादा सोलर पावर प्रोजेक्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया उन्होंने कहा कि इस प्लांट का उद्घाटन उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्राप्त हुए निवेश प्रस्ताव के धरातल पर उतरने के एक नए प्रयास की शुरुवात है इसके माध्यम से चार सौ से ज्यादा लोगो को रोजगार प्राप्त होगा। सीएम योगी ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना के तहत प्रदेश के अंदर 25 लाख घरों पर सोलर पैनल स्थापित होने है उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में रिवाइवल ऊर्जा में निवेश करने के लिए अवादा समूह की मजबूत प्रतिबद्धता की सराहना की। उद्घाटन समारोह में अवादा ग्रुप के अध्यक्ष विनीत मित्तल व अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य उपस्थित रहे। बदायूं में 50 मेगावाट की सोलर परियोजना बांदा में 70 मेगावाट की यह परियोजना शामिल है बंधा और परियोजनाओं की सफलता उत्तर प्रदेश के अटूट समर्थन के बिना संभव नहीं होती उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 70 मेगावाट कनेक्टिविटी का आवंटन उत्तर प्रदेश नवीन और एजेंसी द्वारा त्वरित भूमि अनुमति की सुविधा और इंटरकनेक्शन वे और ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण में सहायता से ही यह कार्य साकार रूप ले सका है।

# कंपनियों की पूंजी 1.40 लाख करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। बीते सप्ताह देश की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से 1,40,863.66 करोड़ रुपये बढ़ा। बीएसई सेंसेक्स में एक प्रतिशत की तेजी के साथ कंपनियों का बाजार मूल्यांकन बढ़ा है।

बेहतर कारोबारी उम्मीद के साथ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस सबसे लाभ में रहीं। पिछले सप्ताह अवकाश के कारण कारोबारी दिवस कम था। शुक्रवार को उछाल के साथ बीएसई संसेक्स पिछले सप्ताह 730.93 अंक यानी 0.91 प्रतिशत मजबूत हुआ। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 67,477.33 करोड़ रुपये बढ़कर 15,97,946.44 करोड़ रुपये हो गया। वहीं इन्फोसिस का मूल्यांकन 36,746.21 करोड़ रुपये बढ़कर 7,72,023.49 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारती एयरटेल का एमकैप 11,727.55 करोड़ रुपये बढ़कर 8,45,123.87 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 10,913.96 करोड़ रुपये बढ़कर 8,36,115.19 करोड़ रुपये हो गया। आईटीसी का मूल्यांकन 8,569.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,28,399.10 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 5,311.4 करोड़ रुपये बढ़कर 20,00,076.41 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का एमकैप 117.48 करोड़ रुपये बढ़कर 6,45,926.13 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसीआई) का बाजार पूंजीकरण 47,943.48 करोड़ रुपये घटकर 6,69,058.26 करोड़ रुपये पर रहा। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 13,064 करोड़ रुपये घटकर 12,43,441.53 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 10,486.42 करोड़ रुपये घटकर 7,25,080.10 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे मूल्यवान कंपनी का दर्जा बरकरार रखा है। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

## वैश्विक रुख तय करेगा शेयर बाजार की चाल




नयी दिल्ली। शेयर बाजार की चाल इस सप्ताह वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। कंपनियों के वित्तीय परिणाम आ चुके हैं, ऐसे में इन दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह बात विशेषज्ञों ने कही है। इस सप्ताह जारी होने वाले अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे पर निवेशकों की नजर होगी।

चूंकि कंपनियों के वित्तीय परिणाम आ चुके हैं, ऐसे में इस सप्ताह, वृहद आर्थिक मोर्चों पर ऐसी कोई महत्वपूर्ण गतिविधियां नहीं हैं, जिससे निवेशक संकेत लें। हालांकि, वैश्विक स्तर पर आर्थिक आंकड़े महत्वपूर्ण होंगे। इसमें जापान में मुद्रास्फीति आंकड़े और अमेरिकी एफओएमसी बैठक का ब्योरा महत्वपूर्ण हैं, जिसपर निवेशकों की नजरें होंगी। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता की स्थिति बाजार के लिए जोखिम बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कारोबारियों की विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह और कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव पर भी निगाह होगी। अमेरिका में मंदी की आशंका कम होने से शुक्रवार को वैश्विक बाजार में तेजी आई। अमेरिका में मुद्रास्फीति में नरमी और खुदरा बिक्री के मजबूत आंकड़े जैसे सकारात्मक आंकड़ों ने मंदी की आशंकाओं को दूर किया है। इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अगले महीने की शुरुआत में नीतिगत दर में कटौती की संभावना से भारत सहित वैश्विक शेयर बाजारों में एक बड़ी तेजी आई। बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 1,330.96 अंक यानी 1.68 प्रतिशत उछलकर 80,436.84 पर बंद हुआ। यह दो महीने से अधिक समय में एक दिन की सबसे अच्छी बढ़त है। एनएसई निफ्टी भी 397.40 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 24,541.15 पर बंद हुआ। बाजार का रुख एफओएमसी बैठक के ब्योरे, अमेरिका में घरों की बिक्री के आंकड़ों से तय होगा।

## बीपीसीएल पांच साल में 1.7 लाख करोड़ रुपये का करेगी निवेश

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) के चेयरमैन जी कृष्ण कुमार ने कहा है कि कंपनी की अगले पांच साल में 1.7 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना है। कंपनी यह निवेश अपने मुख्य कारोबार तेल शोधन और ईंधन विपणन को बढ़ाने के साथ-साथ पेट्रोरसायन तथा हरित ऊर्जा जैसे नये क्षेत्रों में करेगी।

बीपीसीएल के पास वर्तमान में देश की कुल तेल शोधन क्षमता का लगभग 14 प्रतिशत और ईंधन खुदरा नेटवर्क का लगभग एक चौथाई हिस्सा है। कंपनी नये क्षेत्रों में दस्तक देने के साथ अपने मुख्य कारोबार को बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी के चेयरमैन ने सालाना रिपोर्ट में कहा है कि बीपीसीएल अब प्रोजेक्ट एस्पायर के रूप में कई दशक की आकांक्षी यात्रा के पहले चरण को लागू कर रही है। इसका पांच साल का रणनीतिक ढांचा दो मूलभूत स्तंभों पर आधारित है। इसमें मुख्य कारोबार को बढ़ावा और दूसरा भविष्य की परियोजनाओं में निवेश है। हमारी मध्यम अवधि की रणनीति जारी है। इसके तहत एक एक तरफ जहां हम अपने मुख्य कारोबार...पेट्रोलियम उत्पादों की रिफाइनिंग और विपणन... तथा खोज और उत्पादन गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ पेट्रोरसायन, गैस, हरित ऊर्जा, गैर-ईंधन खुदरा और डिजिटल जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर समान रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## एफपीआई ने 21,201 करोड़ के शेयर बेचे



नयी दिल्ली। विदेशी निवेशकों ने अगस्त में भारतीय शेयर बाजारों में बिकवाली जारी रखी हुई है। उन्होंने अबतक कुल 21,101 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। इसका कारण येन मुद्रा में कैरी ट्रेड यानी निम्न ब्याज दर वाले वाले देश से कर्ज लेकर दूसरे देश की परिसंपत्तियों में निवेश का बंद होना, अमेरिका में मंदी की आशंका और वैश्विक स्तर पर बढ़ता तनाव है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एफआईआई ने जुलाई में 32,365 करोड़ रुपये और जून में 26,565 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे थे। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने आर्थिक वृद्धि निरंतर बने रहने, सुधार जारी रहने, कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद से बेहतर रहने और राजनीतिक स्तर पर स्थिरता की उम्मीद में इन दो महीनों में निवेश किये। इससे पहले, एफपीआई ने लोकसभा चुनावों के दौरान मई में 25,586 करोड़ रुपये और मॉरीशस के साथ भारत के कर समझौते में बदलाव तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार वृद्धि पर चिंताओं के बीच अप्रैल में 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने इस महीने (1-17 अगस्त) अब तक शेयर बाजार से 21,201 करोड़ रुपये की पूंजी निकासी की है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने इस साल अब तक इक्विटी शेयर में 14,364 करोड़ रुपये का निवेश किया है। अगस्त में एफपीआई की निकासी का मुख्य कारण वैश्विक और घरेलू कारक हैं। वैश्विक स्तर पर, येन कैरी ट्रेड के समाप्त होने, वैश्विक मंदी की आशंका, धीमी आर्थिक वृद्धि और वैश्विक स्तर पर जारी संघर्षों को लेकर चिंताओं के कारण बाजार में अस्थिरता और जोखिम से बचने का रुख बना है। बैंक ऑफ जापान ने मुख्य ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत तक की वृद्धि की है।

## भारत का अमेरिकी प्रतिभूतियों में निवेश बढ़कर 241.6 अरब डॉलर

नयी दिल्ली। भारत का अमेरिकी सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश जून में बढ़कर कुल 241.9 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार तीसरा महीना है जब भारत ने अमेरिकी प्रतिभूतियों में निवेश बढ़ाया है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार जापान जून में 1,110 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की प्रतिभूतियों के साथ शीर्ष स्थान पर रहा। वहीं चीन 780.2 अरब डॉलर मूल्य की प्रतिभूतियों के साथ दूसरे स्थान पर है।

ब्रिटेन 741.5 अरब डॉलर के निवेश के साथ तीसरे और 384.2 अरब डॉलर की प्रतिभूतियों के साथ लक्जमबर्ग चौथे स्थान पर रहा। देशों और अन्य क्षेत्रों में भारत जून में 241.9 अरब डॉलर मूल्य की अमेरिकी सरकारी प्रतिभूतियों के साथ 12वें स्थान पर रहा। यह मई में 237.8 अरब डॉलर था। आंकड़ों के मुताबिक, भारत के पास अमेरिकी प्रतिभूतियां पिछले एक साल में सबसे ज्यादा है। मई 2024 में यह 237.8 अरब डॉलर का था। इस साल अप्रैल में यह घटकर 233.5 अरब डॉलर पर था जबकि मार्च में 240.6 अरब डॉलर था। पिछले साल जून में निवेश 235.4 अरब डॉलर था। अमेरिकी प्रतिभूति रखने वाले शीर्ष 10 देशोंक्षेत्रों में 374.8 अरब डॉलर की हिस्सेदारी के साथ कनाडा पांचवें स्थान पर है।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया में मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत आज से

नयी दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया व्यापक मुक्त व्यापार समझौते के लिए अगले दौर की बातचीत सोमवार से सिडनी में शुरू करेंगे। इस बातचीत में दोनों पक्षों के बीच समझौते से जुड़े कई मुद्दों पर सहमति बनने की संभावना है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

दोनों देश पहले ही एक अंतरिम समझौता लागू कर चुके हैं और व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) के तहत इसका दायरा बढ़ाने पर चर्चा कर रहे हैं। अंतरिम समझौता- आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) पर दिसंबर, 2022 में लागू हुआ। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि के दोनों देशों के मुख्य वार्ताकार सोमवार से सिडनी में 10वें दौर की बातचीत शुरू करेंगे। यह बातचीत 19 से 22 अगस्त तक होनी है। उन्होंने कहा, समझौते के कुल 19 क्षेत्रों में से हमने चार पर अपनी बातचीत पूरी कर ली है। कुछ अन्य मामलों में भी हमारी बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। हमें बातचीत के इस दौर में 10 से अधिक क्षेत्रों पर सहमति बनने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा कि इस दौर में दोनों देशों के बीच वस्तुओं और सेवाओं में बाजार पहुंच पर चर्चा होने की संभावना है। आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता भारतीय निर्यातकों को कपड़ा, चमड़ा, फर्नीचर, आभूषण और मशीनरी सहित 6,000 से अधिक क्षेत्रों को ऑस्ट्रेलियाई बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है। समझौते के तहत ऑस्ट्रेलिया ने लगभग 96.4 प्रतिशत निर्यात को लेकर भारत को शून्य-शुल्क पहुंच की पेशकश की है। दूसरी ओर, आर्थिक सहयोग समझौते में पांच मुद्दों... वस्तुओं, सेवाओं, डिजिटल व्यापार, सरकारी खरीद और उत्पत्ति के नियमों... पर गहन और व्यापक रूप से जुड़ाव की परिकल्पना की गयी है।

## उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों को बिक्री में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद

नयी दिल्ली। रोजमर्रा के उपयोग वाले उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों को उम्मीद है कि बढ़ती खाद्य महंगाई की चिंताओं के बावजूद ग्रामीण बाजारों में मांग में सुधार और अच्छे मानसून के कारण आगामी तिमाहियों में उनकी बिक्री में वृद्धि जारी रहेगी। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में उद्योग की मात्रा वृद्धि लगभग 6.6 प्रतिशत रही। हालांकि, कंपनियां खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ने से चिंतित हैं क्योंकि कॉफी और कोकोआ की कीमतें अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई हैं। अनाज और अनाज की कीमतों में वृद्धि की संभावनाओं के बीच कुछ कंपनियों ने कीमतों में बढ़ोतरी का संकेत भी दिया है। आगे चलकर ग्रामीण क्षेत्रों में हमारी बिक्री में वृद्धि होगी। इसलिए मुझे उम्मीद है कि अगली तिमाहियां बेहतर होंगी...। उम्मीद जताते हुए कहा कि अच्छे मानसून, सुधरते वृहद आर्थिक संकेतकों और ग्रामीण-केंद्रित सरकारी खर्च के साथ एफएमसीजी मांग में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होगी। एफएमसीजी क्षेत्र में जून तिमाही में मांग के रुझान में क्रमिक सुधार जारी रहा तथा ग्रामीण क्षेत्र की वृद्धि शहरी क्षेत्र से आगे रही।

## सनी टोयोटा ने की मेगा ड्रॉ के विजेताओं की घोषणा

लखनऊ। तीन भाग्यशाली विजेताओं को सुजुकी स्कूटर मिली, दो विजेताओं को मिला सिंगापुर की ड्रीम ट्रिप का मौका लखनऊ की सबसे प्रतिष्ठित ऑटोमोटिव डीलरशिप सनी टोयोटा ने गत जून माह में ग्लांजा, टाइजर, हाईराइडर जैसी टोयोटा की बेहतरीन गाड़ियों की खूबियों का अनुभव कस्टमर्स को कराने के लिये सनी टोयोटा नैवर बिफोर ऑफर - स्टील इट टू विन इट नाम की एक योजना शुरू की थी और इन गाड़ियों के खरीदने वालों के बीच आज सनी टोयोटा चिनहट शोरूम पर मेगा ड्रॉ अपराह्न 12 बजे निकाला गया और विजेताओं की घोषणा की गयी। यह आयोजन एक शानदार सफलता थी, जिसमें बड़ी संख्या में ग्राहक, प्रतिनिधि और ऑटोमोटिव उत्साही लोग शामिल हुए, जो भाग्यशाली विजेताओं की घोषणा देखने के लिए उत्सुक थे। लकी ड्रॉ में तीन सुजुकी स्कूटर और सिंगापुर की दो अविश्वसनीय 2$2 यात्राएँ जैसे आश्चर्यजनक पुरस्कार शामिल थे। सुजुकी स्कूटर विजेताः 1. विकास चैहान 2. आषुतोष कुमार वर्मा 3. अशोक कुमार त्रिवेदी और सिंगापुर ट्रिप विजेताः 1. धीरेन्द्र कुमार चैधरी 2. कौषलेन्द्र कुमार ने जीता।

## मैक्स फैशन ने की अलाया एफ के साथ साझेदारी की घोषणा

बैंगलोर। मैक्स फैशन ने अपने नए कलेक्शन को लॉन्च करने के लिए अलाया एफ के साथ साझेदारी की घोषणा की है, जिसे युवाओं की बढ़ती मांग और ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह सहयोग एक इलेक्ट्रीफाईंग डिजिटल अभियान के साथ शुरू होता है जो फैशन, संगीत और आत्म-अभिव्यक्ति के संलयन का जश्न मनाता है, जो ब्रांड के लक्षित ग्राहकों के सार को पूरी तरह से पकड़ लेता है। उभरते सितारे के साथ अलायंस रणनीतिक रूप से फैशन-फॉरवर्ड ग्राहकों को लक्षित करता है और क्यूरेटेड स्टाईल के साथ मैक्स फैशन के पोर्टफोलियो के एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतिनिधित्व भी करता है जो पूरे भारत में युवा फैशन के उत्साही लोगों के साथ जुड़ता है। साझेदारी चार अलग-अलग कहानियों वाला एक विविध संग्रह पेश करती हैः नियो फेमिनिन, अल्ट्रा फेलिन, लोकी लक्जरी और रस्टिक डेनिम। कीमत सीमा 499 रुपये से 1499 रुपये के बीच है।

## पेज एक का शेष

### करुणानिधि भारतीय

आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि करुणानिधि ˆभारतीय राजनीति, साहित्य और समाज की एक दिग्गज हस्ती थे। वह तमिलनाडु के विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय प्रगति के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। एक राजनेता के रूप में, एक मुख्यमंत्री के रूप में थिरु कलैगनार करुणानिधि जी ने हमारे देश के इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी। उन्हें कई दशक तक लोगों ने अपना नेता चुना, जो समाज, नीति और राजनीति के बारे में उनकी गहरी समझ को दर्शाता है।

### कोलकता रेपकांड

आज की आम सभा की बैठक में अनुमोदित किया गया है, दिल्ली के सभी मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों के डॉक्टर कनॉट प्लेस में कैंडल मार्च के लिए एकत्रित होंगे। बयान में कहा गया, हम राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर एक पर तीन-चार के समूहों में इकट्ठा होंगे, मानव श्रृंखला बनाएंगे और आर जी कर मेडिकल कॉलेज, कोलकाता में हुई दुखद घटना के खिलाफ इनर सर्कल पर मोमबत्तियां जलाएंगे। डॉक्टरों की सोमवार से शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल का यह सातवां दिन है। निजी और सरकारी दोनों अस्पताल इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं। वे पीड़ित परिवार के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं और डॉक्टरों के लिए सुरक्षा अधिनियम की मांग कर रहे हैं। इस बीच, केंद्रीय सुरक्षा अधिनियम के लिए कार्य समिति ने रविवार को एक बैठक के बाद स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए अनसुलझी सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए हड़ताल जारी रखने की घोषणा की।

### पूर्व प्राचार्य की

से पूछताछ की थी। घोष रविवार सुबह 11 बजे सॉल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में सीबीआई कार्यालय फिर से पहुंचे। सीबीआई अधिकारी ने कहा, हमारे पास उनसे पूछने के लिए सवालों की एक फेहरिस्त है। उन्होंने बताया कि घोष को चिकित्सक की मौत की खबर मिलने के बाद उनकी भूमिका स्पष्ट करने के लिए कहा गया है कि उन्होंने किससे संपर्क किया और (पीड़िता के) माता-पिता को करीब तीन घंटे तक का इंतजार क्यों कराया। अधिकारी के अनुसार, पूर्व प्राचार्य से यह भी पूछा गया कि घटना के बाद अस्पताल की आपातकालीन इमारत के संगोष्ठी कक्ष के पास कमरों की मरम्मत का आदेश किसने दिया था।

### किसी भी अभ्यर्थी

66.73 प्रतिशत रहा। सात जनवरी 2019 को राज्य सरकार के भर्ती प्रक्रिया में किए गए बदलाव के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। 29 मार्च 2019 को कोर्ट ने राज्य सरकार के बदलाव के आदेश को निरस्त किया। मामले की अपील छह मई 2020 को हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में की गई। 18 नवंबर 2020 को मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के छह मई 2020 के आदेश को सही माना। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू किया।

### दुष्कर्मी और अपराधी

में भी एक बेटी को बारिश के पानी में गिराने वाले अपराधियों के समर्थन में सपा के मुखिया खड़े हो गए। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि इनकी पार्टी का चरित्र ही ऐसा हो गया है। इनकी ये आदत छुड़ाने के लिए कानून भी है। इन्होंने हर दुष्कर्मी और अपराधी को निर्दोष साबित करना अपने जीवन का लक्ष्य मान लिया है, लेकिन ये उम्र में नहीं हो पाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज अयोध्या बदल रही है। हमारा अयोध्या धाम जो पिछली सरकारों के कृत्यों के कारण अभिशप्त सा हो गया था, आज वही विकास का एक मॉडल प्रस्तुत कर रहा है।

### चंपई सोरेन

कि 'वह इसके बारे में बाद में बताएंगे'। साफ है कि चंपई सोरेन ने भाजपा में शामिल होने की बात से इनकार नहीं किया है। ऐसी चचर्चा है कि चंपई सोरेन कई विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। झारखंड में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में अगर चंपई सोरेन भाजपा का दामन थामते हैं तो यह सत्ताधारी झामुमो के लिए बड़ा झटका होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चंपई सोरेन के पैतृक गांव और माहुलडीह इलाके में स्थित झामुमो के कार्यालय और बाजार से झामुमो के झंडे हटा दिए गए हैं।

### आईएएस का निजीकरण

, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) - और अन्य ग्रुप ए सेवाओं के अधिकारी तैनात होते हैं। गांधी ने एक्स पर दावा किया, केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण पदों पर लेटरल एंट्री के जरिए भर्ती कर खुलेआम एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण छीना जा रहा है। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि शीर्ष नौकरशाहों समेत देश के सभी शीर्ष पदों पर वंचितों का प्रतिनिधित्व नहीं है, उसे सुधारने के बजाय लेटरल एंट्री द्वारा उन्हें शीर्ष पदों से और दूर किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, यह यूपीएसएसी की तैयारी कर रहे प्रतिभाशाली युवाओं के हक पर डाका और वंचितों के आरक्षण समेत सामाजिक न्याय की परिकल्पना पर चोट है। ॅ

### लेटरल एंट्री से

के लिए भी वर्तमान और भविष्य में उच्च पदों पर जाने का रास्ता बंद कर देगा। उन्होंने कहा, आम लोग बाबू व चपरासी तक ही सीमित हो जाएंगे। दरअसल यह सारी चाल पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों) से आरक्षण और उनके अधिकार छीनने की है।

### 188 हिंदू शरणार्थियों

अपनी नागरिकता खो देंगे। आज मैं मुसलमान समुदाय को फिर से स्पष्ट करना चाहता हूं कि इस कानून में किसी की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है। यह कानून नागरिकता देने के लिए है। शाह ने कहा कि हालांकि आज भी कुछ राज्य सरकारें लोगों को गुमराह कर रही हैं। शाह ने कहा कि नागरिकता देने वाले ऐसे कानून की अनुपस्थिति ने यह सुनिश्चित किया कि हमारे देश के लोग अपने ही देश में बेसहारा रहें। इससे बड़ा दुर्भाग्य और विडंबना क्या हो सकती है? इतने सालों तक तुष्टीकरण की नीति के कारण यह नहीं हो सका। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 में कानून लाने का फैसला किया और मुझे संसद में कानून पारित कराने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि विभाजन के समय बांग्लादेश में 27 प्रतिशत हिंदू थे लेकिन उनका जबरन धर्म परिवर्तन किया गया जिससे आज वे केवल नौ प्रतिशत रह गए हैं। शाह ने कहा, बाकी लोग कहां गए? या तो उनका जबरन धर्म परिवर्तन किया गया या वे शरण लेने के लिए यहां आए। क्या उन्हें अपने धर्म के अनुसार जीने का अधिकार नहीं है? अगर वे पड़ोसी देश में सम्मान के साथ नहीं रह सकते और हमारे देश में शरण लेते हैं तो हमें क्या करना चाहिए? हम मूकदर्शक बनकर नहीं बैठ सकते। यह नरेन्द्र मोदी सरकार है, आपको न्याय मिलेगा। उन्होंने देश भर में मौजूद शरणार्थियों से कहा कि वे बिना किसी हिचकिचाहट के नागरिकता के लिए आवेदन करें क्योंकि इससे उनकी नौकरी या उनकी संपत्ति पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### इंजीनियर के

कर दी। एएसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने आत्मरक्षा के लिए जवाबी गोलीबारी की जिसमें अमित कुमार व प्रदीप दोनों घायल हो गये। उन्होंने बताया कि दोनों के पैरों में गोली लगी है और उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। चंद्र ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्वाई की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों आरोपियों ने अधिशासी अभियंता से किसी विवाद के बाद इस घटना को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपी बिहार के मूल निवासी हैं। इस घटना के संबंध में पुलिस से की गयी शिकायत में मृतक संतोष के भाई ने दावा किया है कि उसका भाई जल जीवन मिशन में काम करने वाली एक फर्म को काली सूची में डालने की योजना बना रहा था। संतोष के भाई ने संदेह जताया है कि अमित कुमार ने भुगतान न किए जाने और फर्म के खिलाफ कार्रवाई की योजना बनाने के कारण संतोष कुमार की हत्या की है।

## राजनीतिक हित के लिए राष्ट्रहित को तिलांजलि देना ठीक नहीं



जयपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राजनीतिक हित के लिए राष्ट्रहित को तिलांजलि देना ठीक नहीं है।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक रूप से वैचारिक मतभेद होना प्रजातंत्र की खूबी है, अलग-अलग विचार रखना प्रजातंत्र के गुलदस्ते की महक है, पर यह तब तक ही ठीक है जब राष्ट्रहित को तिलांजलि नहीं दी जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि नहीं रखेंगे तो जो यह राजनीतिक मतभेद हैं, यह राष्ट्रविरोधी बन जाते हैं। उपराष्ट्रपति ने रविवार को यहां अंगदान करने वाले परिवारों को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि लोगों को ऐसे लोगों को समझना चाहिए जिनके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि नहीं है और जो राजनीतिक और व्यक्तिगत हितों को इससे ऊपर रखते हैं। धनखड़ ने कहा, और यदि वे अब भी कायम हैं, तो मैं सभी से इन ताकतों को बेअसर करने का आग्रह करता हूं जो इस राष्ट्र के विकास के लिए हानिकारक हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राजनीति में लोकतंत्र का अपना महत्व है, अलग-अलग विचार रखना लोकतंत्र के गुलदस्ते की खुशबू है, लेकिन यह तभी तक है जब तक राष्ट्रीय हित की बलि न दी जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में राष्ट्रीय हित से समझौता नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ˆभारतीयतौ हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि भारत में जो विकास हो रहा है और उसकी गति ˆअकल्पनीयै है, जिसके बारे में आज की पीढ़ी को कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने नयी पीढ़ी से अपील की कि वे संविधान दिवस को इस रूप में देखें कि संविधान पर कब खतरा आया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि आपातकाल का काला अध्याय हाल के चुनावों के साथ समाप्त हो गया। धनखड़ ने कहा, नहीं, हम आपातकाल के अत्याचारों को भूल नहीं सकते और इसीलिए भारत सरकार ने संविधान हत्या दिवस मनाने की पहल की है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com




# मनु और राणा चतुर रणनीतिकार और शानदार खिलाड़ी की जोड़ी



नयी दिल्ली। भारतीय निशानेबाज मनु भाकर अपने कोच जसपाल राणा को पिता तुल्य मानती हैं तो वहीं यह पूर्व दिग्गज इस ओलंपिक पदक विजेता पर निराशा और अति आत्मविश्वास हावी नहीं होने देता।

व्यक्तित्व के मामले में एक-दूसरे से काफी अलग यह जोड़ी आंखों के इशारे से मुकाबले के दौरान अपनी योजना तैयार कर लेती है। अनुशासन का सख्ती से पालन करने वाले कोच और उनकी जुनूनी शिष्या ने पीटीआई मुख्यालय में संपादकों के साथ बातचीत में अपने उतार-चढ़ाव को लेकर खुलकर बातचीत की। मनु और राणा के बीच तोक्यो ओलंपिक के बाद मतभेद हो गया था लेकिन दोनों फिर से साथ आये और पेरिस ओलंपिक में मनु ने दो कांस्य पदक जीत कर इतिहास रच दिया। मनु किसी एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली आजाद भारत की पहली खिलाड़ी बन गयी। इस 22 साल की निशानेबाज ने अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ कहा, वह मेरे लिए पिता की तरह हैं और यह भरोसे की बात है कि आप एक व्यक्ति पर विश्वास करते हैं। जब भी कुछ करने को लेकर मेरे मन में संदेह होता है तो वह मेरी हौसला अफजाई करते हैं। उन्होंने कहा, वह मुझे चांटा भी लगा सकते हैं और कहते है कि तुम इसे कर सकती हो, तुमने इसके लिए प्रशिक्षण लिया है। मनु की इन बातों से उनके साथ बैठे राणा थोड़े चकित हो गये और उन्होंने बीच में टोकते हुए कहा, तुम यहां कुछ विवाद पैदा कर रही हो। मनु ने अपनी बातों को स्पष्ट करते हुए कहा, चांटा मारने से मेरा मतलब थप्पड़ नहीं है। मैं यह कहना चाह रही हूं कि वह मुझे अपनी सीमाओं को तोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। वह ऐसा कहेंगे कि आप इसके लिए प्रशिक्षण ले रहे हैं और जाहिर तौर पर आप अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे।

मनु के इस जवाब के साथ ही दोनों के चेहरे पर मुस्कान आ गयी। दोनों इस बात को अच्छे से जानते हैं कि तोक्यो ओलंपिक के बाद उनके बीच का विवाद भारतीय निशानेबाजी के सबसे चर्चित विवादों में से एक था। मनु के लिए तोक्यो हर मायने में किसी आपदा की तरह था। 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन से पहले उनकी बंदूक खराब हो गयी थी और वह इसके बाद किसी भी स्पर्धा में लय हासिल नहीं कर सकी थी। राणा को अपनी इस शिष्य से काफी उम्मीदें थी लेकिन वह भारत में टीवी पर उनके प्रदर्शन को देख कर हताश होने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे थे। पिछले साल दोनों फिर से एक साथ आये। वे अपने विवादित अतीत को पीछे छोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित थे। पेरिस ओलंपिक में मिली सफलता यह बताती है कि वे अपने लक्ष्य को पूरा करने में सफल रहे। राणा ने कहा, जब हमने 14 महीने पहले शुरुआत की थी, तो मेरी तरफ से उनसे केवल एक ही अनुरोध था कि हम अतीत पर चर्चा नहीं करेंगे। हम यहीं से शुरुआत करेंगे और आगे बढ़ेंगे। हमने इस चीज को पूरे समय तक बनाये रखा।

# टेप लगी टेनिस गेंद से बल्लेबाजों की परीक्षा : तेंदुलकर



मुंबई। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रविवार को खुलासा किया कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रिवर्स स्विंग का सामना करने के अपने अनुभव का इस्तेमाल टेनिस गेंद टूर्नामेंट इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) में इसे लागू करने के लिए किया। आईएसपीएल के दूसरे सत्र की यहां घोषणा की गई।

आईएसपीएल का दूसरा सत्र ठाणे के दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में 26 जनवरी से नौ फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें अक्टूबर से देश के पांच क्षेत्रों के 55 शहरों में ट्रायल होंगे। टूर्नामेंट में छह टीमें हिस्सा लेंगी। तेंदुलकर ने उम्मीद जताई कि स्टेडियम में 30,000 और इससे अधिक दर्शकों को आकर्षित करने वाले टूर्नामेंट का जल्द ही महिला क्रिकेटर भी हिस्सा होंगी।

तेंदुलकर ने लीग के खास नियमों जैसे 50-50 और एक शॉट पर नौ रन देने के बारे में बात करते हुए कहा, अगर हम बल्लेबाजों को कुछ फायदा दे रहे हैं तो गेंदबाजों को भी खेल में शामिल होने का मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, अपने खेलने के दिनों में मैं गेंद पर एक तरफ से टेप से चिपका देता था। सीजन (लैदर बॉल) गेंदों में हम चमकदार और खुरदरी तरफ देखते हैं और टेनिस गेंद में हम एक तरफ टेप लगाते थे और मैं इससे रिवर्स स्विंग का अभ्यास करता था जिससे कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इसका सामना कर सकूं। उन्होंने कहा, मैंने सोचा कि क्यों ना इसे इस प्रारूप में शामिल किया जाए और अगर इसे लागू किया जाता है तो बल्लेबाज की तकनीक की भी परीक्षा होगी।

## संक्षेप

### एमसीजी में इंग्लैंड की मेजबानी करेगा ऑस्ट्रेलिया

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने के अवसर पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में एकमात्र टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा। पहला टेस्ट मैच मार्च 1877 को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एमसीजी में खेला गया था। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 45 रन से जीता था। इन दोनों टीमों के बीच 1977 में टेस्ट क्रिकेट के 100 साल पूरे होने पर भी मैच खेला गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने इसी अंतर से जीत हासिल की थी। इसके अलावा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने 2024-25 से 2030-31 तक के अगले सात सत्र के लिए पुरुष टीम के टेस्ट, वनडे, टी20 अंतरराष्ट्रीय और अन्य मैचों के लिए मेजबान स्थलों को भी अंतिम रूप दिया।

### पाकिस्तान कराची की जगह रावलपिंडी में खेलेगा दूसरा टेस्ट

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को नेशनल स्टेडियम में चल रहे नवीनीकरण कार्य के कारण बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट को कराची से रावलपिंडी में स्थानांतरित करने का फैसला किया। यह निर्णय बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से बातचीत के बाद लिया गया है। पहला टेस्ट 21 अगस्त से रावलपिंडी में खेला जाना है। पीसीबी ने पहले कहा था कि दूसरे टेस्ट मैच (30 अगस्त से तीन सितंबर) को कराची में खाली स्टेडियम में खेला जायेगा। पाकिस्तान अगले साल आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा और इसी के मद्देनजर कराची स्थित नेशनल स्टेडियम का नवीनीकरण किया जा रहा है।

# भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को हराया



एजेंसी

मैकाय (ऑस्ट्रेलिया)। युवा लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा के पांच विकेट के अलावा तेजल हसबनिस और राघवी बिष्ट के अर्धशतक से भारत ए ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया ए को 171 रन से रौंद दिया। ब्रिसबेन में तीन टी20 और यहां पहले दो एकदिवसीय मुकाबले गंवाकर लगातार पांच शिकस्त झेलने के बाद भारत ए ने अंततः दौरे पर जीत का स्वाद चखा।

तेजल की 66 गेंद में 50 और राघवी की 64 गेंद में 53 रन की पारी की बदौलत भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 243 रन बनाए। दिल्ली की 20 साल की प्रिया ने इसके बाद 14 रन देकर पांच विकेट चटकाते हुए ऑस्ट्रेलिया ए को सिर्फ 72 रन पर ढेर करके मेहमान टीम को दौरे की पहली जीत दिलाई। कप्तानी मीनू मनि ने भी चार रन देकर दो विकेट हासिल किए। दौरे का अपना पहला मैच खेल रही प्रिया ने सलामी बल्लेबाज मैडी डार्क (22) और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज टीस फ्लिंटॉस (20) को पवेलियन भेजा जिससे मेजबान टीम ने 15वें ओवर में 52 रन तक चार विकेट गंवा दिए। प्रिया ने इसके बाद निकोल फैल्टम (02), केट पीटरसन (01) और निकोला हैनकॉक (00) को आउट करके मेजबान टीम को 22.1 ओवर में समेटने में अहम भूमिका निभाई। दोनों टीमों के बीच एकमात्र अनौपचारिक टेस्ट 22 अगस्त से गोल्ड कोस्ट में खेला जाएगा। इससे पहले भारत ए की शुरुआत भी खराब रही। टीम न नौवें ओवर में 43 रन तक तीन विकेट गंवा दिए लेकिन तेजल और राघवी ने चौथे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। तेजल और राघवी ने टीम का स्कोर 147 रन तक पहुंचाया जिसके बाद 28वें ओवर में तेजल आउट हो गईं। राघवी भी इसके तुरंत बाद पवेलियन लौट गईं। संजीवन सजना (40) और कप्तान मीनू मनि (34) ने इसके बाद उम्दा पारियां खेलकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।

**महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप 2025 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत**

दुबई। गत चैंपियन भारत मलेशिया में अगले साल 18 जनवरी से दो फरवरी तक होने वाले आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत वेस्टइंडीज के खिलाफ करेगा। भारत को ग्रुप ए में मेजबान मलेशिया, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ जगह मिली है। भारत ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में फाइनल में इंग्लैंड को हराकर पहले टूर्नामेंट का खिताब जीता था। इंग्लैंड, आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को ग्रुप बी में रखा गया है जबकि ग्रुप सी में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, समोआ और अफ्रीका से एक क्वालीफायर को जगह मिली है। ग्रुप डी में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, स्कॉटलैंड और एशियाई से एक क्वालीफायर को रखा गया है। प्रत्येक ग्रुप की टीम राउंड रोबिन चरण में एक-दूसरे से भिड़ेंगी जिससे प्रत्येक टीम को ग्रुप चरण में तीन मैच खेलने को मिलेंगी। सभी चार ग्रुप से शीर्ष तीन टीम सुपर सिक्स चरण में जगह बनाएंगी। चारों ग्रुप में अंतिम स्थान पर रहने वाली टीमें 24 जनवरी को अंतिम स्थान के प्ले ऑफ में भिड़ेंगी।

सुपर छह चरण में 12 टीम को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। गुप ए और डी की शीर्ष तीन टीम को ग्रुप एक जबकि ग्रुप बी और सी की शीर्ष तीन टीम को ग्रुप दो में जगह मिलेगी। इस चरण में प्रत्येक टीम सुपर सिक्स चरण में क्वालीफाई करने वाली साथी टीमों के खिलाफ जीत से मिले अंक और नेट रन रेट के साथ आगे बढ़ेगी। प्रत्येक टीम सुपर सिक्स में दो मैच खेलेगी जो संबंधित ग्रुप के उन प्रतिद्वंद्वियों के विरुद्ध होंगे जो अन्य ग्रुप में अलग-अलग स्थान पर रहे थे। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम 31 जनवरी को होने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि फाइनल दो फरवरी को होगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों ही बेयुमास ओवल में खेले जाएंगे। भारत अगर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो वह सेमीफाइनल दो खेलेगा जो 31 जनवरी को होगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन हैं। सेमीफाइनल के लिए एक फरवरी रिजर्व दिन है जबकि फाइनल के लिए तीन फरवरी रिजर्व दिन रखा गया है।

# हमारी लड़ाई जारी रहेगी सच्चाई की जीत होगी



बलाली (हरियाणा)। पेरिस ओलंपिक से स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत से अभिभूत पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है कि भारतीय कुश्ती की बेहतरी के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी और उम्मीद जताई कि सच्चाई की जीत होगी। ओलंपिक में 50 किग्रा फाइनल में पहुंचने के बाद अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित की गईं विनेश का शनिवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

विनेश ने अपनी अयोग्यता के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी लेकिन उसके तदर्थ प्रभाग ने उसे खारिज कर दिया था। दिल्ली से अपने पैतृक गांव बलाली तक के रास्ते में विनेश को उनके समर्थकों और खाप पंचायतों ने सम्मानित किया। उन्हें 135 किलोमीटर की दूरी पूरी करने में लगभग 13 घंटे का समय लगा। वह मध्य रात्रि के समय अपने गांव पहुंची। गांव वालों ने उनका पूरा उत्साह के साथ स्वागत किया। पेरिस से यहां तक के लंबे सफर के कारण विनेश काफी थक गई थी लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपने प्रशंसकों को संबोधित किया। विनेश ने कहा, हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। लड़ाई जारी रहेगी और मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि सच्चाई की जीत होगी। विनेश और उनके साथी ओलंपियन बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर डब्ल्यूएफआई और उसके पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक साल से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विनेश सहित छह पहलवान पिछले साल डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ कार्वाई की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे थे।

विनेश ने यह भी कहा कि उनका जिस तरह से शानदार स्वागत किया गया उससे उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। इस 29 वर्षीय पहलवान ने कहा, मुझे अपने देशवासियों, मेरे गांव और परिवार के सदस्यों से जो प्यार मिला उससे मुझे इस झटके से उबरने में मदद मिलेगी। मैं वापस कुश्ती में लौट सकती हूं। उन्होंने कहा, ओलंपिक पदक से चूकना मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा झटका है।

### इगा व यानिक सिनसिनाटी ओपन के सेमीफाइनल में

मेसन (ओहियो)। महिला एवं पुरुष वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी क्रमशः इगा स्वियातेक और यानिक सिनर ने कड़ी मशक्कत करने के बाद सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा पर 6-4, 3-6, 7-5 से जीत के साथ अपना विजय अभियान 15 मैच तक पहुंचाया।

# मोहन बागान व ईस्ट बंगाल क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

कोलकाता। डूरंड कप के 133 वें सत्र के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों की घोषणा रविवार को की गई, जिसमें यहां का साल्ट लेक स्टेडियम बेंगलुरु एफसी बनाम केरला ब्लास्टर्स मैच की शुक्रवार को मेजबानी करेगा। कोलकाता में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के कथित बलात्कार और हत्या के मामले में व्यापक विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर आयोजकों ने शनिवार को मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच डूरंड कप के अहम लीग मैच को रद्द कर दिया था। इस मैच में दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया गया जिससे मौजूदा चैंपियन मोहन बागान ने ग्रुप ए तालिका में शीर्ष स्थान के साथ अंतिम आठ में क्वालीफाई किया। मोहन बागान की टीम तीसरे क्वार्टर फाइनल में पंजाब एफसी का सामना करेगी। यह मैच जमशेदपुर में होगा। ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने वाली ईस्ट बंगाल की टीम भी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रही। टीम क्वार्टर फाइनल में शिलांग लाजोंग एफसी का सामना करेगी। यह मैच साल्ट लेक स्टेडियम के बजाय शिलांग में आयोजित किया जाएगा। डूरंड कप की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, शनिवार शाम को शिलांग में खेले गये एफसी गोवा बनाम शिलांग लाजोंग एफसी ग्रुप एफ मैच के खत्म होने के बाद क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली आठ टीमें तय हो गयी। इसके बाद वीडियो कॉल के माध्यम से हुई बैठक में इन सभी टीमों के प्रतिनिधि शामिल हुए, जहां लाइव ड्रॉ से अंतिम आठ के मैचों को तय किया गया। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल की टीमें अगर अपने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच जीतने में सफल रहे तो वे साल्ट लेक स्टेडियम में 31 अगस्त को होने वाले फाइनल में एक दूसरे का सामना कर सकते है। क्वार्टर फाइनल मैचों का कार्यक्रमः



21 अगस्तः नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी बनाम इंडियन आर्मी एफटी (साई स्टेडियम कोकराझारअ शाम चार बजे)अ शिलांग लाजोंग एफसी बनाम ईस्ट बंगाल (जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, शिलांगअ शाम सात बजे)। 23 अगस्तः मोहन बागान बनाम पंजाब एफसी अ बेंगलुरु एफसी बनाम केरला ब्लास्टर्स एफसी (साल्टलेक स्टेडियम, शाम सात बजे)।

# दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को हराकर जीती श्रृंखला

प्रोविडेंस (गयाना)। केशव महाराज की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही 40 रन से हराकर दो टेस्ट मैच की श्रृंखला 1-0 से जीती। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन उसकी टीम 222 रन पर आउट हो गई। यह लगातार 10वां अवसर है जबकि दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से टेस्ट श्रृंखला जीती। पहली पारी में दो विकेट लेने वाले महाराज ने दूसरी पारी में 37 रन देकर तीन विकेट लिए। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने 50 रन देकर तीन विकेट लिए।

### मोहम्मद शमी की रणजी में एक मैच खेलने की संभावना

नयी दिल्ली। टखने की सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) के दौर से गुजर रहे सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के रणजी ट्रॉफी में अपनी घरेलू टीम बंगाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने की संभावना है। वह इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में किसी एक टेस्ट मैच में खेल सकते हैं। समझा जाता है कि शमी 11 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश और 18 अक्टूबर को बिहार के खिलाफ बंगाल के शुरुआती दो रणजी मैचों में किसी एक मैच में खेल सकते है। इन दोनों मैचों के बीच सिर्फ दो दिन का समय है ऐसे में इस बात की संभावना कम है कि वह दोनों मैचों का हिस्सा होंगे। न्यूजीलैंड टेस्ट श्रृंखला 19 अक्टूबर से बेंगलुरु में शुरू होगी।









